

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच को लाइव ... | जिम्बाब्वे के लिए टीम इंडिया रवाना, अब जूनियर्स के कंधे पर ... 11

वर्ष : 12 | अंक : 82 | पटना, बुधवार, 03 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# उप्र के हाथरस में सत्संग में मची भगदड़, 60 से ज्यादा लोगों की मौत

प्रात : किरण

हाथरस/एजेंसी। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के सिकंदराराऊ क्षेत्र में आयोजित एक सत्संग में मंगलवार को भगदड़ मच गयी, जिसमें 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना पुलराई गांव में सत्संग में हुई, जिसमें शामिल होने के लिये बड़ी संख्या में लोग आए थे। जिलाधिकारी आशीष कुमार ने बताया कि घटना में अब तक 50 से 60 लोगों की मौत होने की जानकारी मिली है। इस बीच, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने एटा के अस्पताल में 60 से अधिक शव लाए जाने का दावा किया। पीड़ितों को मृत अवस्था में या बेहोशी की हालत में ट्रकों तथा अन्य वाहनों में लाद कर सिकंदराराऊ ट्रामा सेंटर लाया गया। शवों को स्वास्थ्य केंद्र के बाहर रखा गया, जहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। एक वीडियो क्लिप में एक महिला को ट्रक में पांच छह शवों के बीच बुरी तरह रोते हुए दिखाया गया है। एक अन्य तस्वीर में एक अन्य वाहन में एक महिला और एक पुरुष अचेत अवस्था में लेटे नजर आए। प्रत्यक्षदर्शी शकुंतला देवी ने एकमीडिया संस्थान को बताया कि सत्संग खत्म होने के बाद लोग जब आयोजन स्थल से निकल रहे थे, तो उसी समय भगदड़ मची। उन्होंने बताया कि लोग एक दूसरे के ऊपर गिरते चले गए। सिकंदराराऊ के विधायक वीरेंद्र सिंह राणा ने बताया कि एक दिवसीय सत्संग सुबह मंगलवार से शुरू हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। योगी ने अपर पुलिस महानिदेशक (आगरा) और आयुक्त (अलीगढ़) के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जनपद हाथरस में हुए हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने



इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**राष्ट्रपति ने जताया शोक :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगदड़ की घटना में लोगों की हुई मौत को हृदय विदारक बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में हुए हादसे में महिलाओं और बच्चों सहित कई श्रद्धालुओं की मौत की खबर हृदय विदारक है। मैं उन लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपने परिवार के सदस्यों को खो दिया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

**सीएम योगी ने जताया दुख :** एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। बाद में मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में कहा, जनपद हाथरस की दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। उन्होंने कहा, संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों को युद्ध स्तर पर चलाने और घायलों के समुचित उपचार हेतु निर्देश दिए गए हैं।

## पीएम मोदी ने की मृतकों के परिजनों को दो लाख रु. देने की घोषणा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग में भगदड़ में मरने वालों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। इस घटना में घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जायेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने डिजिटल सूचना मंच एक्स पर कहा, ह्यप्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हाथरस में हुई दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) से दो लाख रुपये की अनुग्रह-राशि देने की घोषणा की है। दुर्घटना में घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये दिये जायेंगे। श्री मोदी ने इससे पहले लोक सभा को इस दुःखद घटना की सूचना दी थी। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुये कहा कि उन्हें हाथरस में एक कार्यक्रम में भगदड़ की दुखद सूचना मिली है, जिसमें कुछ लोग हताहत हुये हैं। उन्होंने अपनी ओर से और सदन की ओर से घटना पर दुख जताते हुये मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## संक्षिप्त खबरें

### बीएसएफ जवानों ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया

फिरोजपुर। पंजाब के अबोहर सेक्टर में सादकी सीमा चौकी के निकट सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को मार गिराया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एक-दो जुलाई की दरमियानी रात संदिग्ध गतिविधि दिखने पर ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठिये को चुनौती दी। उन्होंने बताया कि लेकिन उसके बाद भी घुसपैठिया बाड़ की ओर बढ़ता रहा, जिसके बाद जवानों ने तीन गोलियां चलाईं। अधिकारियों ने बताया कि तलाश अभियान के दौरान बीएसएफ जवानों को मृत घुसपैठिये का शव मिला।

### अमरनाथ यात्रा: 6537 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था रवाना

जम्मू। अमरनाथ यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था मंगलवार सुबह जम्मू से सुरक्षा काफिले में घाटी के लिए रवाना हुआ। सोमवार को 23,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने 3,880 मीटर ऊंचे पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन किए, जिससे तीर्थयात्रियों की कुल संख्या 51,000 के आंकड़े को पार कर गई। अधिकारियों ने बताया कि 6537 तीर्थयात्रियों का पांचवां जत्था 261 वाहनों में सवार होकर सुबह 3.15 बजे बालटाल और पालगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। जत्थे को सुरक्षा वाहनों द्वारा सुरक्षा प्रदान की गई। 4431 तीर्थयात्रियों ने अपनी यात्रा के लिए 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग को चुना जबकि 2106 तीर्थयात्रियों ने छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग को चुना।

### 1993 में हुए दंगों का आरोपी तीन दशक तक फरार रहने के बाद गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई में 1993 में हुए दंगों में कथित रूप से शामिल 65 वर्षीय एक व्यक्ति को 31 साल तक फरार रहने के बाद यहां गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सैयद नादिर शाह अब्बास खान को रफी अहमद किदवई मार्ग थाने की टीम ने सोमवार को शिवडी इलाके से पकड़ा। शहर में दंगों के दौरान हत्या की कोशिश एवं अवैध रूप से एकत्र होने के मामले में खान आरोपी है। छह दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को गिराए जाने के बाद शहर में दंगे भड़क गए थे। अधिकारी ने बताया कि खान को पहले पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था और वह जमानत हासिल करने के बाद कभी भी अदालत की कार्यवाही में शामिल नहीं हुआ।

**प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान विपक्ष पर कसा तंज**

# जनता ने हमारी नीति, नियत व निष्ठा पर भरोसा कर दिया तीसरा मौका : मोदी

## पीएम ने कहा- भ्रष्टाचार को खत्म करने में उनकी सरकार कामयाब रही



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश की जनता ने उनकी नीतियों, नियत और निष्ठा पर भरोसा किया है इसलिए उनके नेतृत्व वाली सरकार को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने का मौका दिया है। मोदी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार को कहा कि पहले हर दिन घोटाले होते रहे हैं। घोटालेबाज लोगों का एक कालखंड रहा है जिसे उनके नेतृत्व वाली सरकार ने दस साल में खत्म किया है। गैरभाजपा सरकार ने जो घोटाले किए और जो भाई भतीजावाद फैलाया उससे सामान्य आदमी त्रस्त हो गया था। मुफ्त राशन लेने के मामले में भी घोटाले हुए हैं और लोगों को मुफ्त राशन के लिए पैसे देने पड़ते थे। उन्होंने कहा कि इन्हीं बुराइयों से परेशान लोगों ने 2014 में उनकी सरकार बनाई और यह सरकार पूरी ताकत के साथ काम करते हुए देश की जनता की निराशा को खत्म किया है।

जनता की निराशा को उनकी सरकार ने खत्म किया और इसी का परिणाम है कि देश ने तीसरी बार उनको सत्ता सौंपी है और वह संकल्प के साथ लोगों की भावनाओं पर खरे उतरेंगे। मोदी ने कहा हमारी नीति नियत और निष्ठा पर देश की जनता ने विश्वास किया है। हम एक बड़े संकल्प के साथ देश की जनता के पास आशीर्वाद मांगने गये थे। हमने आशीर्वाद मांगा था और जनता ने तीसरी बार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें सदन में भेजा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने में उनकी सरकार कामयाब रही है। पहले बैंक घोटाले हो रहे थे और भ्रष्टाचार में हर हाथ काला हो रहा था। उनकी सरकार ने 2014 के बाद नीतियों में परिवर्तन किया और आज दुनिया के बैंकों में भारत का नाम है। विश्व के सबसे ज्यादा मुनाफा कमाने वाले बैंकों में भारतीय बैंक आ गये हैं। घोटाले होते थे तो सरकारें चुपचाप बैठी रहती थी कोई मुंह तक खोलने को तैयार नहीं था, लेकिन आज स्थिति बदली है। देश का हर नागरिक समझ गया है कि अपनी सुरक्षा के लिए भारत कुछ भी कर सकता है। मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आज लोकतंत्र मजबूत स्थिति में है। वहां की जनता ने लोकतंत्र पर भरोसा किया है। वहां से अनुच्छेद 370 हटाकर जनता को खुले में रहने का अवसर दिया गया है। जनता ने उन पर भरोसा किया तो उन्होंने भी जनता के भरोसे को बनाए रखने का संकल्प लिया था और इसी का परिणाम हैं उन्हें देश की जनता ने तीसरी बार मौका दिया है।

**राष्ट्रपति ने विकसित भारत के हमारे संकल्प को स्पष्ट किया है :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति ने अपने भाषण में विकसित भारत के हमारे संकल्प को विस्तार से बताया है। राष्ट्रपति ने महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए हैं। उन्होंने हमारा और देश का मार्गदर्शन किया है। पिछले दो दिनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदस्यों के विचारों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कल और आज, अनेक सांसदों ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त किए हैं, विशेषकर वे जो पहली बार सांसद के रूप में हमारे बीच आए हैं। उन्होंने संसद के सभी नियमों का पालन किया और उनका व्यवहार भी एक अनुभवी सांसद जैसा था। पहली बार आने के बावजूद उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है और अपने विचारों से इस बहस को और अधिक मूल्यवान बनाया है। पहली बार चुनकर आये सांसदों ने सभी नियमों का पालन करते हुए अपने विचार व्यक्त किये। ऐसा करके उन्होंने सदन की गरिमा को बढ़ाया है।

### कांग्रेस चुनाव में परजीवी बनकर उभरी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव हारी ही नहीं है बल्कि वह लगातार तीसरी बार 100 का आंकड़ा पार नहीं कर सकी है और जनता ने उस पर भरोसा नहीं करके विपक्ष में बैठे रहने का जनादेश दिया है। श्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस को लगातार तीसरी बार सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा है और वह आत्ममंथन करने की बजाए 99 सीटें पाकर बहुत खुश नजर आ रही है जबकि उसे यह आंकड़ा सहयोगी दलों के साथ गठबंधन के कारण मिली है।

यदि कांग्रेस अपने बल पर चुनाव लड़ती और सहयोगी दलों का सहयोग उसे नहीं मिलता तो उसका आंकड़ा इससे बहुत पीछे होता। गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ में कांग्रेस अपने बल पर चुनाव लड़ी और इन तीन राज्यों की 64 सीटों में से उसे सिर्फ दो सीटें मिली हैं। पीएम ने कहा कि कांग्रेस परजीवी बन चुकी है और यह बात वह तथ्यों के आधार पर कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जहां जहां भाजपा और कांग्रेस का सीधा मुकाबला था या जहां कांग्रेस बड़ी पार्टी थी, वहां उसका स्ट्राइक रेट 26 प्रतिशत रहा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को इस चुनाव में तीसरी बार बहुत बड़ी हार का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस लगातार तीसरी बार 100 पार नहीं कर सकी और शीर्षासन कर रही है। इस परजीवी पार्टी को मिली 99 सीटों पर उसके सहयोगियों ने उसे जिताया है, इसलिए कांग्रेस परजीवी है। जहां यह पार्टी अकेले लड़ी, वहां उसका वोट गिरा है। गुजरात, छत्तीसगढ, मध्य प्रदेश में कांग्रेस अपने दम पर लड़ी और 64 में से सिर्फ दो सीटें जीती है। इससे साफ है कि वह सहयोगियों के कंधे पर चढी है और इसके बल पर उसे यह आंकड़ा मिला है। श्री मोदी ने कहा कांग्रेस के इतिहास में यह तीसरी सबसे बड़ी हार है। कांग्रेस का यह तीसरा सबसे खराब प्रदर्शन है। अच्छा होता कि कांग्रेस अपनी हार स्वीकार करती और जनता के आदेश को सिर आंखों पर रखकर आत्ममंथन करती लेकिन इतनी बड़ी हार मिलने के बावजूद यह पार्टी शीर्षासन में लगी है।

# बिहार सरकार ने आरक्षण पर उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में दी चुनौती

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बिहार सरकार ने आरक्षण कानून में संशोधन को खारिज करने संबंधी पटना उच्च न्यायालय के फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है। संशोधित कानून के तहत नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने का प्रावधान किया था। उच्च न्यायालय ने 20 जून के अपने फैसले में कहा था कि पिछले साल नवंबर में राज्य विधानमंडल द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए गए संशोधन संविधान के प्रतिकूल हैं और यह समानता के (मूल) अधिकार का हनन करता है। राज्य की याचिका अधिवक्ता मनीष कुमार के माध्यम से उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है। उच्च न्यायालय की एक



पीठ ने बिहार में सरकारी नौकरियों में रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) (संशोधन) अधिनियम, 2023 और बिहार (शैक्षणिक संस्थानों में दाखिले में) आरक्षण (संशोधन) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं को मंजूर कर लिया था। उच्च न्यायालय ने 87 पन्नों के विस्तृत आदेश में स्पष्ट किया कि उसे कोई भी ऐसी परिस्थिति नजर नहीं आती जो राज्य को इंदिरा साहनी मामले में उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करने में सक्षम बनाती हो। उच्च न्यायालय ने कहा, राज्य ने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न श्रेणियों के संख्यात्मक प्रतिनिधित्व के बजाय उनकी जनसंख्या के अनुपात के आधार पर (आरक्षण देने का) कदम उठाया। ये संशोधन जातिगत सर्वेक्षण के बाद किए गए थे, जिसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) की हिस्सेदारी को राज्य की कुल जनसंख्या का 63 प्रतिशत बताया गया था, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत से अधिक बताई गई थी। बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण की कवायद तब शुरू की, जब केंद्र ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों के अलावा अन्य जातियों की जनगणना करने में असमर्थता जताई।

# राहुल ने पीएम को लिखा पत्र, संसद में नीट मुद्दे पर बहस का किया अनुरोध

## कहा- बहस कराने से छात्रों के बीच विश्वास की भावना का होगा संचार

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बुधवार 3 जुलाई को नीट मुद्दे पर संसद में बहस का अनुरोध किया है। मंगलवार 2 जुलाई को लिखे गए पत्र में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा, हमारा उद्देश्य 24 लाख उन नीट उम्मीदवारों के हित में रचनात्मक रूप से शामिल होना है, जो उत्तर के हकदार हैं। मेरा मानना है कि यह उचित होगा यदि आप इस बहस का नेतृत्व करें। राहुल गांधी ने पत्र में कहा है कि विपक्ष ने 28 जून को नीट मुद्दे पर बहस का अनुरोध किया था, लेकिन लोकसभा और राज्यसभा के दोनों सदनों में नीट पर बहस से इंकार कर दिया गया। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि विपक्ष की ओर से एक दिन पहले भी नीट मुद्दे पर बहस का अनुरोध किया गया था। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्ष को आश्वस्त किया था कि वे इस मुद्दे पर सरकार से बात करेंगे। राहुल गांधी ने



अपने द्वारा लिखित पत्र में आगे कहा है कि संसद में नीट मुद्दे पर बहस कराने से छात्रों के बीच विश्वास की भावना का संचार होगा। इसके साथ ही राहुल गांधी ने 3 जुलाई को संसद में नीट मुद्दे पर बहस कराने का प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है।

**मोदी की दुनिया में सच्चाई एक्सपंज हो सकती है, वास्तविकता में नहीं :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण के कुछ अंशों को कार्यवाही से हटाए जाने के बाद मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दुनिया में सच्चाई एक्सपंज हो सकती है, लेकिन वास्तविकता में ऐसा नहीं हो सकता। उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं कहा, मोदी जी की दुनिया में सच्चाई एक्सपंज हो सकती है, लेकिन वास्तविकता में सच्चाई एक्सपंज नहीं हो सकती।

### नीट-यूजी विवाद : न्यायालय आठ जुलाई को करेगा सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड की गयी वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

# बिहार के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में अब होगी हिंदी में पढ़ाई : मंगल

## हिंदी भाषी छात्रों को मिलेगा नये पाठ्यक्रम से लाभ

प्रात : किरण

पटना। बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने जानकारी दी है कि अब राज्य में मेडिकल की होने वाली पढ़ाई हिंदी में भी करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में इस ऐतिहासिक पहल को बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में मेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने की व्यवस्था प्रभावी कर दी है। छात्रों के सामने विकल्प होगा, वो चाहें तो हिंदी या अंग्रेजी में पढ़ाई कर सकते हैं। मेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराए जाने के लिए विभाग ने इस संदर्भ में उच्च स्तरीय समिति गठित की थी। बिहार के स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दी है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरुप नीट (यूजी) परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं के लिए इसी सत्र से हिन्दी में एमबीबीएस पाठ्यक्रम राज्य में लागू होगा।

पांडेय ने कहा कि बिहार देश का दूसरा राज्य बन गया है, जहां मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के छात्रों को हिंदी में भी पढ़ाई करने का विकल्प रहेगा। हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राओं के लिए ये अच्छी एवं उत्साहवर्द्धक खबर है। 9 सदस्यीय उच्च स्तरीय कमिटि की अनुशंसा के आधार पर सरकार ने ये निर्णय लिया है। बिहार सरकार की ओर से मेडिकल पाठ्यक्रम की पढ़ाई हिंदी में कराने की तैयारी पूर्ण कर ली गयी है। इस कार्ययोजना को लेकर तीन सदस्यीय पदाधिकारियों के एक दल ने गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल का अध्ययन किया था। जहां हिंदी भाषा में मेडिकल की पढ़ाई हो रही है। इस कमिटि के अनुशंसा के आधार पर तय किया गया कि वर्तमान में मध्य प्रदेश द्वारा लागू व्यवस्था को बिहार में भी लागू किया जा सकता है। कमिटि ने ये भी रिपोर्ट पेश किया कि लोकली रिलीवेंट एंड ग्लोबली कॉम्पीटेंट डाक्टर्स बनाने में यह मॉडल काफी लाभदायक होगा।

**बैठक** | **प्रधानमंत्री राजग संसदीय दल की बैठक को किया संबोधित, कहा- नियमों का करें पालन**

# गैर कांग्रेसी नेता के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से विपक्ष परेशान : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सांसदों से संसदीय नियमों एवं आचरण का पालन करने तथा वरिष्ठ सदस्यों से सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के बारे में सीखने को कहा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने संवाददाताओं से कहा कि मोदी ने सांसदों से संसदीय मुद्दों का अध्ययन करने, नियमित रूप से संसद की कार्यवाही में भाग लेने और अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित मामलों को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए कहा। यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी ने राहुल गांधी के सोमवार को लोकसभा में दिए गए भाषण का जिक्र किया, रीजीजू ने कहा कि उन्होंने ऐसा कोई उल्लेख नहीं किया। हालांकि उन्होंने कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री बोलते हैं, तो संदेश सभी



के लिए होता है। रीजीजू ने कहा कि राजग संसदीय दल की बैठक में मोदी को राजग नेताओं ने ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए सम्मानित किया। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद मंगलवार को संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में मोदी के पहुंचते ही सभी सांसदों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन तथा स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री और जनता दल सेक्यूलर के एच डी कुमारस्वामी ने प्रधानमंत्री को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान जनता दल यूनाईटेड के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के चिराग पासवान, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रफुल्ल पटेल और तमिल मनीला कांग्रेस के जी के वासन मौजूद थे। संसद सत्र के दौरान हर मंगलवार को आम तौर पर भाजपा संसदीय दल की बैठक होती है लेकिन इस बार राजग संसदीय दल की बैठक की गई।

पिछले दिनों संपन्न लोकसभा चुनाव में भाजपा बहुमत से पीछे रह गई थी। रीजीजू ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह राजग संसदीय दल की पहली बैठक थी जिसमें राजग के नेताओं और सदस्यों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का ह्यऐतिहासिकह्न तीसरे कार्यकाल के लिए फूल माला के साथ अभिनंदन और स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सारे सांसदों को महत्वपूर्ण मंत्र देते हुए कहा कि वे सदन में देश सेवा के लिए आए हैं। रीजीजू ने कहा, हमारे सांसदों के आचरण और व्यवहार के बारे में भी प्रधानमंत्री ने बहुत अच्छी तरह मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि हरेक सांसद को अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दों को बहुत ही प्रभावी ढंग से सदन में रखना चाहिए। विषयों पर विशेषज्ञता हासिल करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजग के सांसदों से आग्रह किया कि वे सदन के नियमों का पालन करें और अच्छा सांसद बनने के लिए जिस आचरण की आवश्यकता है, उसे पूर्ण रूप से अपनाएं। रीजीजू के मुताबिक मोदी ने कहा, सदस्यों को नियमों और संसदीय परंपराओं को ध्यान में रखना चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों से परिवार सहित प्रधानमंत्री संग्रहालय जाने का आग्रह किया।

# तोड़फोड़, आगजनी व मारपीट कर जानलेवा हमला में 16 नामजद व 20 अज्ञात

## जमीन की देखरेख करने वाले के बयान पर गैरजमानतीय धारा में मामला दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



चौक थाना क्षेत्र के मदरसा गली के मस्जिद परिसर में निर्माण कार्य को लेकर लोगों के द्वारा विरोध किया गया था। इस दौरान तोड़फोड़, आगजनी, मारपीट कर जानलेवा हमला किया गया था। इसके बाद लोगों की भीड़ अशोक राजपथ को चौक थाना मोड़ के पास जाम कर दिया था। फिर भी चौक थाना परिसर का घेराव करते हुए 28 जून को पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी किया था। इस संबंध में जमीन की देखभाल करने वाले श्रवण कुमार के द्वारा चौक थाना में कांड 307/24 दर्द कराया गया है। थानाध्यक्ष शशि कुमार राणा ने कांड के अनुसंधान की जिम्मेदारी एसआई प्रमोद कुमार को सौंपी है। अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम फूलोनपुर पोस्ट अकबरपुर के रहने वाले श्रवण कुमार पिता संजय कुमार शर्मा ने चौक थाना में मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि जो गंज मोहल्ला के मदरसा गली में जमीन की देखरेख के लिए जमीन मालकिन संजीदा फातिमा पति सैयद मोहम्मद अली, जो शास्त्रीनगर थाना क्षेत्र के इंदिरापुरी कॉलोनी समनपुरा के रहने वाले हैं, ने रखा था। वह हमारे रिश्तेदार पालीगंज थाना क्षेत्र के बाली पाकड़ के रहने वाले विष्णु कांत कुमार पिता राकेश शर्मा और हमारे एक दोस्त खपुरा के लालू कुमार पिता महेश यादव को भी नियुक्त किए थे। उक्त जमीन की देखरेख की सुविधा के लिए एक मोटरसाइकिल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एटी 8102 मालिक के पुत्र मुन्न उर्फ मनौवर अली के द्वारा दिया गया था। 28 जून को दोपहर करीब दो बजे वह अपने दोस्त से मिलने के लिए अपने साले का मोटरसाइकिल, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01एफक्यू 1226 से जा रहा था। वह मदरसा के पास पहुंचा ही था कि करीब 35 की संख्या में लोग हाथ में तलवार, लोहे का रॉड, डंडा और पिस्तौल के साथ ही तीन-चार गैलन में ज्वलनशील पदार्थ लेकर खड़े थे। इन सबों का नेतृत्व तीन-चार व्यक्ति पिस्तौल लेकर कर रहे थे। उन चारों ने हथियार के बल पर उसे रास्ते में रोक लिया। जैसे ही उसने बाइक रोकी, त्यों ही पिस्टल लिए व्यक्ति जिनका नाम कमर अहमद, नौशाद आलम, गुड्डू और इमरान भीड़ में आए व्यक्ति से बोल रहे थे। उन सबों ने आदेश दिया कि इस साले को मार डालो और पेट्रोल डाल कर वाहन सहित जला डालो। इतना बोलते ही उसे गाड़ी से खींचकर मारपीट करने लगे। उसे दौरान उसका पर्स, जिसमें 15 हजार रुपया, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड था और गले में सोने का चेन तथा महावीर भगवान का लॉकेट लगा था, वह छिन लिया। हाथ में ज्वलनशील पदार्थ लिए व्यक्ति को एक व्यक्ति प्रिंस नाम बोलकर कहा कि प्रिंस गाड़ी को जला दो। यह सुनते ही प्रिंस ने वहां पर पेट्रोल ज्वलनशील पदार्थ को उड़ेला और हाथ में पिस्टल लिए कमर अहमद ने अपनी जेब से लाइटर निकाल कर आग लगा दिया। इसके बाद कमर अहमद और गुड्डू ने उस पर पिस्टल से प्रहार किया। सिर पर प्रहार करने से सिर फट गया और वहां मौजूद लोग भी हम पर डंडे एवं रॉड से प्रहार करने लगे। इससे चोट पूरे बदन पर लगने लगा। किसी तरह से हम भगाना चाहे, मगर भाग नहीं पाए। जो हमें पकड़ रखा था, उसके हाथ में दांती काट कर उसकी पकड़ को ढीला कर वहां से धक्का देकर निकलना चाहा, मगर रास्ता सभी बंद कर रखे थे। इसी दौरान देखे कि करीब 500 गज की दूरी पर पुलिस वाले बैठे हैं और वहीं पर हमारे दोनों परिचित भी थे। वह किसी तरह उन्हीं के पास पहुंचा, ताकि उसकी जान बच सके। जैसे ही हम पुलिस वाले के पास पहुंचे, तो पुलिस वाले हमारे बचाव करना चाहा, तो सभी व्यक्तियों ने उग्र होकर पुलिस वाले से उलझ गए और फिर हम तीनों व्यक्तियों पर जानलेवा हमला करना शुरू कर दिया। बैठक स्थल पर जो झोपड़ी बना था, वहां खाने-पीने का सामान, सीसीटीवी कैमरा, टीवी, पंखा, बिछावन एवं अन्य लाखों का सामान था, वह सब पर ज्वलनशील पदार्थ डाल कर आग के हवाले कर दिया गया। किसी तरीके से पुलिस वालों को मजबूर देख वह तीनों जान बचाकर आगे वहीं पर तालाब था। तालाब में कूद कर जान बचाकर लहूलुहान अवस्था में थाना पहुंच कर थानाध्यक्ष को सारी घटना की जानकारी दी। कुछ लोगों का नाम हमारे दोस्त जानते एवं पहचानते हैं, जिनका नाम इस प्रकार है, मो नौशाद आलम, मो आसिफ उर्फ रुकसार, मो अफसार तीनों पिता अलाउद्दीन, कमर अहमद पिता मो उमर, मो अफसार पिता अलाउद्दीन, मो गुड्डू, मो मुश्ताक कुरैशी दोनों पिता सलाउद्दीन, मो मुन्ना पिता स्व लतीफ, मो मुन्ना पिता स्व ऐनुल, मो टिंकू पिता स्व मो सत्तार, मो आरिफ अहमद पिता मो अनवर, मो प्रिंस उर्फ शमशेर, मो इम्तियाज पिता सलाउद्दीन कुरैशी, मो शहजादा पिता स्व मो रिजवी, मो राजा, मो चांद दोनों पिता स्व मो रिजवी तथा अन्य 20 अज्ञात है। यह सब असामाजिक तत्व के तथा आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। कुछ दिन पूर्व ही मदरसा के पास लूटपाट और मारपीट की घटना को भी अंजाम दिए हैं। इसमें प्राथमिक अभियुक्त व फरार चल रहे हैं।

# सब डरमल इम्प्लांट लगाने के लिए राज्य के 46 चिकित्सक हुए प्रशिक्षित

## इम्प्लांट लगाने के लिए पीएमसीएच के 2 चिकित्सक हैं नेशनल मास्टर ट्रेनर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



पटना- राज्य में पटना एवं भागलपुर जिले में महिलाओं के लिए नवीन अस्थायी गर्भनिरोधक के रूप में सब डरमल इम्प्लांट उपलब्ध कराया गया है. फिलहाल देश के 10 राज्यों में इम्प्लांट लगाने की सुविधा लाभार्थियों को उपलब्ध करायी जा रही है. राज्य में इम्प्लांट लगाने के लिए पटना एवं भागलपुर के चयनित संस्थानों के 46 चिकित्सकों को प्रशिक्षित किया गया है जो पूरी दक्षता के साथ लाभार्थियों को इम्प्लांट लगा रहे हैं. इनमे पीएमसीएच के 15, गुरु गोबिंद सिंह अस्पताल के 4, जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज, भागलपुर के 21 एवं जिला अस्पताल, भागलपुर के 6 चिकित्सक शामिल हैं. पीएमसीएच के 2 चिकित्सक डॉ. रानू सिंह एवं डॉ. मीनू शरण को सब डरमल इम्प्लांट लगाने के लिए नेशनल मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। करीब 1450 महिलाओं ने अपनाया सब डरमल इम्प्लांटः ताजा आधिकारिक जानकारी के अनुसार, अभी तक राज्य की करीब 1450 महिलाओं ने अपने परिवार को सीमित करने के लिए सब डरमल इम्प्लांट का चुनाव किया है. पटना में 936 एवं भागलपुर में 517 महिलाओं ने इम्प्लांट पर अपना भरोसा जताया है। कुछ दिनों में फिर से गर्भधारण कर सकती है महिलाएंः पीएमसीएच के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की चिकित्सक तथा मास्टर ट्रेनर डॉ. रानू सिंह ने बताया कि अगर कोई महिला बीच में ही गर्भधारण करना चाहती है तो वह इसे निकालने के कुछ दिनों में ही गर्भधारण के लिए तैयार हो जाती है. यह इसे अन्य उपलब्ध अस्थायी साधनों की तुलना में विशेष बनाता है. यदि कोई महिला गर्भधारण में प्राथमिकता के आधार पर तीन साल की देरी करना चाहती है, तो इसमें सब डर्मल इम्प्लांट प्रभावी है. उन्होंने बताया कि काउंसलिंग के दौरान सब डर्मल इमप्लांट के प्रति कई महिलाएं उत्साहित दिख रही हैं. कॉपर-टी के बाद सब डर्मल इंप्लांट दूसरा अस्थायी गर्भनिरोधक साधन है जो लंबे समय के लिए है। क्या है इम्प्लांटः इम्प्लांट एक माचिस की तीली के आकार की छोटी, पतली और लचीली रॉड है, जिसे महिला की बांह के ऊपरी हिस्से में त्वचा के नीचे प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा लगाया जाता है. यह 3 साल तक अनचाहे गर्भ से सुरक्षा प्रदान करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### फैक्ट्री में काम कराने ले जा रहे दो तस्कर स्टेशन से गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेल थाना दो किशोर को फैक्ट्री में काम कराने को लेकर जा रहे दो तस्कर को दानापुर स्टेशन से पकड़ा गया। बचपन बचाओ आंदोलन व रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त अभियान में दो किशोर को तस्करो से मुक्त कराया गया। वही तस्करो को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में रेल थाना में बचपन बचाओ आंदोलन, के सहायक परियोजना अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने लिखित शिकायत दर्ज कराया गया। जिसके बाद रेल पुलिस ने दोनो तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी की जा रही है गिरफ्तार तस्कर में मधुबनी के राजनगर थाना क्षेत्र के गोढियारी निवासी संतोष मुखिया व नेपाल के सिरहा जिला के औरीचौक थानान्तर्गत सुब्बाओडी निवासी मो राजा शामिल है। बताया जाता है कि सोमवार को बचपन बचाओ आंदोलन के सहायक परियोजना अधिकारी जितेन्द्र कुमार सहयोगी कार्यकर्ता अनुपम एवं रेलवे सुरक्षा बल के सअनि अरविंद कुमार सिंह ने बाल तस्करी के विरूद्ध अभियान चलाया। इस क्रम में दानापुर जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक के बाहर टिकट काउंटर के निकट संध्या करी 19:05 बजे दो किशोर के साथ दो लोगो को संदिग्ध अवस्था में देखा। शक के आधार पर दोनो किशोर से पूछताछ किया गया। शुरुआत में किसी ने कुछ नही बताया। सभी को आरपीएफ पोस्ट पर जब कड़ाई से पुछताछ किया गया। तो सच्चाई सामने आयी। दोनो किशोर नेपाल के रहने बाले थे। दोनो किशोर का काम कराने के उद्धेश्य से ले जाया जा रहा था।

### रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया

हाजीपुर। मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

### दनियावां के उप प्रमुख बने अशोक

पटना सिटी (प्राकि)। अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में दनियावां के उप प्रमुख पद के लिए मंगलवार को चुनाव कराया गया। इस दौरान दो अभ्यर्थियों अशोक कुमार और रितु देवी ने उक्त पद के लिए नामांकन किया। इस दौरान डाले गए मतों की गिनती की गई। इसमें अशोक कुमार को पांच और रितु देवी को चार वोट प्राप्त हुए। एसडीओ गुंजन सिंह ने अशोक कुमार को दनियावां के उप प्रमुख पद के लिए निर्वाचित घोषित किया। साथ ही उन्हें जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान कार्यपालक दंडाधिकारी गंगासागर सिंह के अलावा अंजुला कुमारी पवन कुमार सुनील कुमार आदि मौजूद मौजूद थे।

# गुरुद्वारा बाललीला में आधुनिक कमरों का हो रहा तेजी से निर्माण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में संगतों की सुविधा के लिए लगातार रिहाइश के निर्माण का कार्य जारी है। साथ ही वाहनों के पार्किंग के लिए बड़ा अंडरग्राउंड पार्किंग की सुविधा का निर्माण भी साथ-साथ चल रहा है। दरअसल गुरु साहिब का कहना था कि पटना गुरु का घर है। यहां हर सिख को जीवन में एक बार आना चाहिए। यही कारण है कि दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के 350वें प्रकाश पर्व के बाद से पटना आने वाले संगतों की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। अनेक अवसरों पर स्थिति ऐसी बन जाती है कि कमरा कम पड़ जाते हैं। ऐसे में बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले वाले और बाबा सुखविंदर सिंह लगातार संगतों की सुविधा के लिए आधुनिक कमरे के निर्माण का काम तेज गति से चला रहे हैं। फिलहाल 50 से अधिक कमरे के निर्माण का काम चल रहा है। गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में प्रवेश करने के साथ ही 36 कमरे के निर्माण का कार्य भी चल रहा है। इसके तीसरी मंजिल के लिंटर के लिए कथावाचक ज्ञानी सतनाम सिंह ने अरदास किया। इस दौरान बाबा गुरविंदर सिंह, बाबा बलवंत सिंह, इंजीनियर मनप्रीत सिंह, बाबा चमकौर सिंह, बाबा मनविंदर सिंह, बाबा गुरजीत सिंह, बाबा बलजीत सिंह, बाबा मेजर सिंह दिल्लीवाले, बाबा जसप्रीत सिंह, प्रबंधक राजन सिंह आदि मौजूद रहे। इन सबों ने भी मिलकर ढलाई के लिए कारसेवा किया। विदित हो कि करीब 500 वाहनों की पार्किंग के लिए यहां अंडरग्राउंड पार्किंग की सुविधा भी चल रहा है। गुरुद्वारा बाललीला परिसर के दरबार साहिब के सटे उत्तर की ओर भी बेसमेंट बनाने के लिए पाइलिंग करने के बाद उसकी ढलाई का काम भी पूरा हो चुका है। अब यह कारवां धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए लंगर हॉल की तरफ बढ़ेगा। यही नहीं, संगतों के रिहाइश की सुविधा के लिए प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के पदाधिकारियों के अनुरोध पर बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविंदर सिंह और बाबा गुरविंदर सिंह के द्वारा तख्तश्री परिसर में भी सौ आधुनिक कमरों का निर्माण का कार्य भी कराया जा रहा है। विदित हो कि पटना साहिब आने वाली संगतों को रिहाइश और लंगर के मामले में पहली पसंद गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत ही होती है। ऐसे में संगतों की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले वाले और बाबा सुखविंदर सिंह लगातार प्रयासरत हैं।

# इमरजेंसी को दुरुस्त कर डॉ व कर्मियों के समय से आने पर जोर

## पदभार लेने के बाद अधीक्षक डॉ बिनोद ने बतायी अपनी वरीयता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



एनएमसीएच के अधीक्षक पद पर डॉक्टर बिनोद कुमार सिंह ने को प्रभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अधीक्षक के पद पर रहे प्रोडॉ अलका सिंह से प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उपाधीक्षक डॉ सरोज कुमार आदि मौजूद थे। डॉ बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि उनकी तीन खास प्राथमिकता है। इसमें इमरजेंसी सेवा को दुरुस्त किया जाना है। यहां आपात सेवा में आने वाले गंभीर मरीजों का इलाज, ए-क्सरे, पैथोलॉजी, आपरेशन आदि बेहतर हो। इमरजेंसी में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित हो। यहां जो भी कमियां हैं, उसकी सूची बनाकर वरीयता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। आयुष्मान भारत के लाभार्थियों को उसका लाभ दिलाना भी प्राथमिकता में है। आयुष्मान के लाभार्थियों को हुए इलाज, ऑपरेशन और दवा की व्यवस्था कराया जाएगा। साथ ही अस्पताल में चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पारा मेडिकल स्टाफ व कर्मचारी सभी समय की पाबंदी से आएं और जाएं। सभी अपने सौंपे गए दायित्व का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें।

# रात के अंधेरे में एक बच्ची को लगी गोली, हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत राम जयपाल नगर स्थित अपर्णा कॉलोनी के पास रात के अंधेरे में घर के बाहर निकली 4 वर्षीय बच्ची की किसी अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मामला सोमवार की रात रूपसपुर थानाक्षेत्र के अपर्णा कॉलोनी की है। इस संबंध में मसौढ़ा, पालीगंज निवासी मृतिका अनुष्का के पिता हरिओम कुमार ने स्थानीय थाने में अज्ञात हमलावर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में पीड़ित पिता ने बताया है कि वह एमआर का कार्य करते है और वह रामजयपाल नगर रोड नंबर 4 में मनोज सिंह के मकान में किरायेदार के रूप में रहते है। वह सोमवार की रात आईजीएमएस से अपना कार्य खत्म कर घर लौटे। उनके हाथ में दूध का पैकेट था। घर पहुंचने पर उनकी पत्नी दरवाजा खोली तो उसकी बेटी अनुष्का भी मौजूद थी। वह दूध का पैकेट पत्नी को पकड़ा बाइक अंदर रखने लगे। पत्नी भी दूध रखने अंदर चला गई पर बेटी अनुष्का बाहर ही रह गई। तभी गोली चलने की तेज आवाज आई।

# भाजपाइयों ने लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जलाई पुतला

## सदन में हिन्दुओं को हिंसक कहने को लेकर जताई नाराजगी



प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम। लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा सदन में हिन्दुओं को हिंसक कहे जाने पर बिक्रम में भाजपा नेताओं ने नाराजगी जताते हुए राहुल गांधी की पुतला जलाई भाजपा नेताओं ने पुतला के साथ बिक्रम के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुए राहुल गाँध मुदार्बाद, हिन्दुओ को हिसक कहना बन्द करो, के गगन भेदी नारा लगाते हुए बिक्रम शहीद चौक पर पुतला दहन किया` आयोजित कार्यक्रम का नेतृत्व नगर मण्डल अध्यक्ष तेज नारायण शर्मा व ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष अविनाश कुमार उपाध्याय ने किया मौके पर नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन में विपक्ष के नेता काग्रेस पार्टी के युवराज राहुल गाँधी द्वारा हिन्दुओ को हिसक कहा जाना देश का दुर्भाग्य है, नेता प्रतिपक्ष को अपने बातों का ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम में सुब्रत वासुदेव, मडल महामत्री योगेश तिवारी, सतीश कुमार, ललन राम, पवन कुमार, पंकज कुमार, विपुल कुमार, मुखिया प्रतिनीधि अभय कुमार, पूर्व मुखिया श्रीकान्त पासवान, पूर्व मुखिया ललन राम, गोलू कुमार, नितिश कुशवाहा, पिन्टु साव, मन्न पासवान, पवन कुमार, सोनू कुमार, सचिन प्रजापती, विपुल कुमार, रवि, जितेन्द्र यादव, दुर्गेश यादव, पप्पू यादव, बच्चू सिंह, बबलू सिंह, गोरख पासवान, अनन्द दुबे, सुर्दशन माझी, हर्ष कुमार, विशाल केशरी, गौतम तिवारी, विपुल सिंह, राजेश शर्मा, सजीत सिंह, मन्टू कुमार, अरविन्द कुमार व अंकित कुमार सहित कई अन्य उपस्थित थे।

# गुरुद्वारों की जमीन पर कब्जा या विवाद होगा दूर : डॉ दिलीप

## भूमि सुधार व राजस्व मंत्री ने तख्तश्री में मत्था टेकने के बाद सुनी शिकायत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



बिहार में जिस-जिस जिले में भी गुरुद्वारा की जमीन विवादित है, वहां माफियाओं का कब्जा है या जमीन बेचने का प्रयास किया जा रहा है, ऐसे मामलों में कार्रवाई की जाएगी।उस जमीन को लोगों के कब्जे से मुक्त करा कर उक्त गुरुद्वारा के स्थानीय प्रबंधक कमेटी को सौंपा जाएगा। यह बात भूमि सुधार एवं राजस्व विभाग के मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को तख्तश्री कमेटी के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक के दौरान कही। इसके पूर्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल के तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचने पर कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह, महासचिव इंद्रजीत सिंह, सूरज सिंह नलवा, परमजीत सिंह बग्गा, पटना महानगर भाजपा के प्रवक्ता प्रदीप काश आदि के द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद वह सीधे दरबार साहिब गए और दशमेश पिता के समक्ष शीश नवाया। गुरु महाराज से जुड़े धरोहरों का दर्शन करने के बाद दरबार साहिब की परिक्रमा की। ग्रंथी ने उन्हें आशीर्वादस्वरूप सिरोपा और प्रसाद भेंट किया। इसके बाद वे तख्तश्री कमेटी के कांफ्रेंस हॉल में पहुंचे। यहां विभिन्न जिलों से आए सिखों के साथ उन्होंने जमीन से संबंधित मामलों पर सुनवाई की। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रुपौली, मुजफ्फरपुर, मुंगेर, भागलपुर, अररिया, गया जिला आदि के गुरुद्वारों की जमीन भू माफिया के द्वारा कब्जा किया जाना, उक्त जमीन को विवादित कर खरीद-बिक्री करने की कोशिश करना आदि बात रखी गई। साथ ही उक्त जमीन से संबंधित दस्तावेज और आवेदन भी उन्हें दिए गए। सबों को सुनने के बाद मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने रजौली में रही जमीन के मामले में वहां के जिलाधिकारी और एसडीओ को कॉल कर उक्त विवादित जमीन में कार्रवाई करने का आदेश दिया। इसके अलावा कटिहार जिला के बरारी और लक्ष्मीपुर के भी गुरुद्वारा के विवादित जमीन से संबंधित मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई करने की बात वहां के जिलाधिकारी को मोबाइल पर कॉल कर निर्देशित किया। इस दौरान गया जिला से परमजीत सिंह बग्गा, किशनगंज से जसपाल सिंह, त्रिवेणीगंज से नवजीत सिंह, मुंगेर से चंदन सिंह, भागलपुर से हर्षदीप सिंह, अररिया से नारायण सिंह, कटिहार के लक्ष्मीपुर से वीरेंद्र सिंह, भगत सिंह, मुजफ्फरपुर से गुरविंदर सिंह साईं आदि मौजूद थे। मंत्री डॉक्टर जायसवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो भी आवेदन उन्हें मिला है, उस जमीन से अवैध कब्जे को मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं सिखों के मामले को लेकर हमेशा संवेदनशील और सक्रिय रहे हैं। उनका विभाग भी इस मामले में अग्रतर और ठोस कार्रवाई करते हुए जल्द ही जमीन को मुक्त करा कर स्थानीय प्रबंधक कमेटी को सौंपने का काम करेगा। मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल के इस सार्थक कार्रवाई का प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह, उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह, गुरुविंदर सिंह के अलावा सूरज सिंह नलवा ने सराहना की और उनके प्रति आभार जताया।

# पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार में आने वाले ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड की फेंसिंग का कार्य तीव्रगति से जारी

प्रात :किरण संवाददाता



हाजीपुर। मिशन रफ्तार के तहत देश में ट्रेनों की गति बढ़ाने के लिए काम हो रहा है। प्रमुख रेलमार्गों पर ट्रेनों की रफ्तार 130 से बढ़ाकर 160 किलोमीटर प्रतिघंटा तक करने का लक्ष्य है। इसी कड़ी में् पूर्व मध्य रेल द्वारा प्रस्तावित 160 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति वाले रेलवे ट्रैक के दोनों किनारे सुरक्षा बाड़ लगाए जा रहे हैं। इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक को कवर किया जा रहा है। इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में से 231 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेंसिंग का कार्य पूरा हो चुका है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 200 किलोमीटर में से 110 किलोमीटर रेलवे ट्रैक फेंसिंग का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरी की जा चुकी है। शेष 90 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर शीघ्र ही पूरा कर लिया जाएगा। इसी तरह धनबाद मंडल में आने वाले 175 किलोमीटर ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड में सें 25 किलोमीटर लंबे घाट सेक्शन छोड़कर शेष 150 किलोमीटर रेलवे ट्रैक की फेसिंग की जानी है। इनमें से अब तक 121 किलोमीटर का कार्य प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंटेड स्लैब लगाकर पूरा हो चुका है। बाकी बचे 29 किलोमीटर का कार्य क्रैस बैरियर लगाकर अगस्त, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। विदित हो कि प्री-फैब्रिकेटेड सीमेंट के ढलाई किया हुआ स्लैब को दो पिलरों के मध्य स्थापित कर दिया जाता है तथा क्रैस बैरियर स्टील के दो पिलों के मध्य एक सीमित ऊँचाई के अंतराल पर दो स्टील प्लेटों को लगाया जाता है। बहुप्रतीक्षित ट्रैक फेंसिंग के कई फायदे हैं। फेंसिंग कार्य पूरा हो जाने के बाद इन रेलखंडों पर गाड़ियों का आवागमन और सुगम हो जाएगा जिससे ट्रेनों का समय पालन बनाए रखने में मदद मिलेगी एवं अतिरिक्त ट्रेनों का परिचालन भी हो सकेगा। इससे एक ओर जहां ट्रेनों का निर्बाध परिचालन होगा वहीं लोगों द्वारा रेलवे ट्रैकों का अतिक्रमण अथवा अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैकों से गुजरने पर होने वाली अप्रिय घटनाओं पर भी रोक लगेगी।

# नाला निर्माण को गड्ढा खोद कर छोड़ने से लग रहा वाहनों का लंबा जाम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



गुरु गोविंद सिंह पथ



मालसलामी थाना के पास

नगर निगम के वार्ड 66 के गुरु गोविंद सिंह पथ के रामदेव महतो सभागार के मोड पर नाला निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग के द्वारा गधा कर छोड़ दिया गया है नसी स्थान बारिश होने के बाद उसमें पानी लबालब भर गया है एक तरफ यातायात जाम तो दूसरी ओर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर वार्ड संख्या 69 के मालसलामी थाना के समीप में नाला निर्माण के लिए खोदा गया गड्ढा से अशोक राजपथ पर जाम लग रहा है। अशोक राजपथ और सुदर्शन पथ को जोड़ने वाला गुरु गोविंद सिंह पथ के रामदेव महतो सामुदायिक भवन मोड़ के पास नाला गरीब एक साल से क्षतिग्रस्त है और अस्थाई रूप से इसे बनाने का काम किया गया था जो बाद में धंस गया था इसके बाद स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव और सिटी एसडीओ के पहल किए जाने के बाद आरएसडी के अभियंता ने इसके निर्माण का काम शुरू किया मगर गड्ढा करने के बाद फिर काम रोक दिया गया इसकी शिकायत एसडीओ से किए जाने के बाद आईसीडी के अभियंता को एसडीओ गुंजन सिंह ने उक्त काम को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया दो दिन पूर्व काम शुरू किया गया मगर बारिश के कारण एक बार फिर काम रोक दिया गया अब स्थिति यह है की बारिश के पानी से युक्त गड्ढा लग गया है इस कारण से इस रास्ते पर वाहनों का जाम लग जा रहा है गद्दा के पानी से लव लाभ होने के कारण दुर्घटना की संभावना भी बढ़ गई है। वही अशोक राजपथ के माल सलामी थाना के पास भी गड्ढा कर छोड़ दिए जाने के कारण लोगों को परेशानी का का सामना करना पड़ रहा है।कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अशोक यादव का कहना है कि करीब 15 दिनों से यहां पर गड्ढा खोद कर संवेदक कार्य बंद कर दिया है। पार्षद भी इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। निगमायुक्त से मांग किया है कि समस्या का समाधान जल्द कराया जाए। ऐसा नहीं होने पर संघर्ष किया जाएगा। इस मामले में पार्षद मनोज मेहता का कहना है कि पांच लाख की लागत से क्रासिंग नाला और सड़क के दोनों तरफ सौ मीटर से अधिक नाला का निर्माण कार्य कराया जाना है। इसी को लेकर कार्य कराया जा रहा है। जल्द ही कार्य को पूरा करा दिया जाएगा।

# एसडीएम की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित

प्रात :किरण संवाददाता



पालीगंज। पालीगंज एसडीएम अमनप्रीत सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर में अनुमंडलीय अस्पताल स्तर पर शासी निकाय की संरचना से संबंधित अनुमंडल स्तर पर गठित रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गयी `मौके पर एसडीएम अमनप्रीत सिंह ने अस्पतालों में आमलोगों की सुविधा व अस्पताल की साफ सफाई तथा चिकित्सकों की मौजूदगी की गहन समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज की उपाधीक्षक डॉ आभा कुमारी, वरिष्ठ चिकित्सा पदाधिकारी पालीगंज डॉ राज नारायण, वरिष्ठ महिला चिकित्सा पदाधिकारी पालीगंज डॉ रितिका सिंह एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी पालीगंज सहित अस्पताल प्रबंधक मौजूद थ।

# झूठ और लोभ की राजनीति लोकतंत्र को कमजोर करती है : विजय

- राहुल गांधी के बयान पर उप मुख्यमंत्री भड़के
- कहा- युवराज आज हिंदुओं का कर रहे हैं अपमान

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सदन में दिये गए बयान पर जमकर हमला बोला है। श्री सिन्हा ने कहा कि सोने का चम्मच लेकर पैदा लेने वाले आज हिंदुओं का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले हिंदू को गाली देते हैं और चुनाव में जनेऊ पहनकर मंदिर जाते हैं। सिन्हा ने जोर देकर कहा कि उन्होंने इस्लाम के चित्र को दिखाया है। इस्लाम में चित्र पर प्रतिबंध है, यह तुष्टिकरण की राजनीति की पराकाष्ठा है। उन्होंने कहा कि झूठ और लोभ की राजनीति लोकतंत्र को कमजोर तो करती ही है सदन की गरिमा भी गिरती है। पटना में अपने सरकारी आवास पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ही ऐसी भूमि है जहां से अहिंसा परमो धर्म का भाव निकला है। भारत युद्ध को नहीं बुद्ध को मानता है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों का उद्गमस्थल सनातन रहा है, सृष्टि के साथ सत्य की उत्पत्ति हुई है। ये ईश्वर की शपथ नहीं लेंगे, सत्य और निष्ठा की शपथ लेंगे, क्योंकि इन्हें ईश्वर पर विश्वास नहीं है।

जो भारत की संस्कृति को नहीं स्वीकारते उसे भारत के लोग भी स्वीकार नहीं करते। उप मुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने आगे कहा कि राहुल गांधी का भाषण झूठ पर आधारित था और एक विपक्ष के नेता के लिए गैर जिम्मेदाराना है। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि काँग्रेस के लिए यह पुरानी नीति रही है। पहले इनके परनाना पंडित नेहरु ने हिन्दू धर्म की आस्था से खिलवाड़ किया उसके बाद उनकी दादी इंदिरा गांधी बार- बार हिन्दू धर्म को नीचा दिखाया। उनके पिता ने तुष्टिकरण की राजनीति को हवा देकर हिन्दू धर्म मानने वाले लोगों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाने का प्रयास किया। भारतीय संस्कृति को ये लोग नहीं अपना पा रहे हैं इस कारण ऐसी भाषा निकलती है। उन्होंने राहुल के सावन महीने में मटन खाने पर भी सवाल कर कहा कि सावन में मटन खाकर क्या संदेश देना चाहते हैं? उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राहुल गांधी इस पद के लायक नहीं हैं, वो आज नरसंहार के पोषक राजद के साथ है तो पश्चिम बंगाल में उपद्रव फैलाने वाली ममता के साथ खड़े हैं। काँग्रेस के नेता पहले भी हिन्दू आतंकवाद की बात करते थे। राहुल पर निशाना साधते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे बार बार शक्ति से लड़ने की बात करते हैं, लेकिन उन्हें ज्ञान ही नही कि शिव और शक्ति साथ हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी को तीन बार से लॉन्च करने की कोशिश हो रही फिर फेल हो रहे हैं। पांच बार के सांसद ऐसे संसद में बोलता है। राहुल गांधी सांसद के लायक ही नहीं है। हिन्दुओं को आतंकवादी बता कर राहुल गांधी ने भारतीयों का अपमान किया है। हिन्दू को सहिष्णुता माना जाता है, ये हिन्दू को हिंसक बता रहे हैं। महात्मा गांधी का आखिरी शब्द राम था। इतना ही नहीं बंगाल में जो हो रहा है, उसका समर्थन करके ये लोग सनातन को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। इस संवाददाता सम्मेलन में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोज शर्मा और प्रवक्ता राकेश सिंह उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को चोट पहुंचायाः मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के स्वास्थ्य और कृषि विभाग के मंत्री मंगल पांडेय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिन्दू संबंधित पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष के नेता ने समस्त हिंदुओं को हिंसक बताकर देश के करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को चोट पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह विचार कोई नया नहीं है। काँग्रेस का असली चरित्र ही हिन्दू विरोधी है। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से आज तक काँग्रेस की मानसिकता हिन्दू विरोधी विचार से प्रेरित रहते हैं। 2010 में राहुल गांधी जब अमेरिका के राजदूत से बातचीत कर रहे थे तब उन्होंने हिन्दू आतंकवाद शब्द का इस्तेमाल किया था। काँग्रेस के नेता राहुल गांधी की मानसिकता जन्ना के हिन्दू विरोधी मानसिकता से प्रेरित है। यही कारण है कि जब वे मंदिर भी जाते हैं तो उन्हें हिन्दू साबित करने के लिए नौटंकी करना पड़ता है। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि इंडी गठबन्धन में शामिल कई दलों के नेताओं ने भी हिन्दू धर्म के खिलाफ बयान दिए हैं। उन्होंने राजद को आड़े हाथों लेते हुए आगे कहा कि राजद जो कांग्रेस की पिछलग्गू बनी है, उसकी मानसिकता काँग्रेस से अलग नहीं है। उन्होंने कहा कि राजद के नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने रामायण और देवी देवताओं के बारे में किस तरह की टिप्पणी की हैं, उसे देश जानता है। उन्होंने कहा है कि मंदिर मानसिक गुलामी की राह है। अयोध्या राम मंदिर शोषण का स्थान है। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि इसका कारण वर्ग विशेष को खुश रखने का प्रयास है। राजद के अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने बयान दिया था कि भारत इसलिए गुलाम हुआ क्योंकि हम माथे पर तिलक लगाते हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि रामजन्मभूमि नफरत की जमीन है। मंत्री श्री पांडेय ने आगे कहा कि राहुल गांधी का बयान सनातनी परंपरा और व्यवस्था को चोट पहुंचाने वाला है। राजद के एक विधायक ने तो देवी दुर्गा और माँ सरस्वती का अपमान किया था। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि राजद के लालू प्रसाद भी राम मंदिर निर्माण के लिए यात्रा पर निकले भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को समस्तीपुर में गिरफ्तार कर लिया था। यह उनकी हिन्दू विरोधी मानसिकता को उजागर करता है। लालू प्रसाद के पुत्र नवरात्रि में मछली खाते अपनी तस्वीर पोस्ट करते हैं। उनका संदेश साफ था। मंत्री मंगल पांडेय ने चेतावनी देते हुए कहा कि राहुल गांधी हिंदुओं को जब तक अपमानित करने का प्रयास करते रहेंगे तब तक हिन्दू लोकतांत्रिक तरीके से उनका विरोध करता रहेगा। इस प्रेस वार्ता में भाजपा बिहार के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमीत प्रकाश बबलु ,प्रदेश प्रवक्ता कुंतल कृष्ण एवं सुरज पांडे उपस्थित रहे।

# संसदीय दल की बैठक में पीएम का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ : चिराग

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



केंद्रीय प्रसंस्करण उद्योग मंत्री सह लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान संसद भवन में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन हम लोग को प्राप्त हुआ। आगे श्री चिराग ने कहा कि संसदीय परंपराओं को जिस तरीके से बीते दिनों हम लोग ने तार-तार होते हुए देखा। भले वह स्पीकर के चुनाव को लेकर हो या एलओपी की पद की गरिमा को लेकर, जिस तरीके से इन तमाम विषयों पर कल सदन में कमतरः करने का काम किया गया। श्री चिराग ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संसदील बैठक में कहा है कि एनडीए के हर एक घटक दल और एनडीए के हर एक सांसद, अपने आचरण से एक नई मिसाल रखने का कार्य करें। ऐसे में प्रधानमंत्री के अनुभव का लाभ हर एक सांसद को मिले, इस सोच के साथ आज एनडीए की संसद दल की बैठक रखी गई थी, जिसमें तमाम एनडीए के सांसद मौजूद थे। उसमें कई जो नए सांसद जो पहली बार चुन कर आए हैं, उनके लिए प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन बहुत ज्यादा मायने रखता है। उनके अनुभव से सीखना और आज वही मार्गदर्शन हम लोगों को मिला। प्रधानमंत्री हमेशा इस बात को लेकर रहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा समय लोग संसद में बिताए। जितना समय संसद में रहेंगे, उतना ज्यादा सीखने को मौका मिलता है। मैं जब प्रथम टाइम, दूसरा बार सांसद था तो मैं सबसे ज्यादा यही प्रयास किया। ज्यादा से ज्यादा समय आप हाउस में रहते हैं तो, डिबेट को सुनते हैं, बहुत सारी बातों को सीखने का आपको यह मौका मिलता है, ये तमाम बातें प्रधानमंत्री जी के द्वारा कही गए। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने दिया।

# अल्पसंख्यकों को ठगती रही है कथित सेक्यूलर पार्टियां : पीके

- सभी 243 सीटों पर आबादी के हिसाब से दिए जाएंगे टिकट
- दो अक्टूबर को राजनीतिक दल में तब्दील हो जाएगा जन सुराज

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के प्रणेता प्रशांत किशोर ने कहा है कि कथित सेकुलर पार्टियां बिहार में अल्पसंख्यकों को ठगती रही है जिससे उनका विकास नहीं हो सका। इन दलों द्वारा आबादी के अनुसार राजनीति में भागीदारी भी नहीं दी गई और कभी उस अनुपात में टिकट भी नहीं दिया। जन सुराज की घोषणा है कि जिसकी जितनी आबादी उसकी उतनी हिस्सेदारी हर हाल में दी जाएगी। संगठन में भी और राजनीति में भी। वे किशनगंज जिले के ठाकुरगंज और बहादुरगंज में अल्पसंख्यकों द्वारा आयोजित महती जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजद, जदयू और कांग्रेस सभी ने अभी तक आपके साथ धोखाधड़ी की है। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में बताया गया कि मुसलमानों की हालत देश में दलितों से भी बदतर है। उस समय देश में कांग्रेस की सरकार थी और बिहार में लालू प्रसाद यादव की। अगर ये दोनों आपके हितैषी होते तो सच्चर कमेटी की अनुशंसा लागू कर दिए होते। प्रशांत किशोर ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज शिक्षा में सबसे पीछे है तो गरीबी और बेरोजगारी में भी सबसे ज्यादा। जिन्हें आप अबतक अपना रहनुमा बना बैठे थे उन्हीं ने आपको इस दुर्दशा तक पहुंचाया है। वो रहबर नहीं रहजन साबित हुआ। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। उन्होंने बताया कि प्रशांत किशोर ने कहा है कि देश में नाथूराम गोडसे की विचारधारा को भाजपा और आरएसएस फैला कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहीं हैं। आज जरूरत है महात्मा गांधी की विचारधारा को पुनर्जीवित किया जाए। महात्मा गांधी के विचारों के साथ चलकर ही देश की एकता और अखंडता को मजबूत रखा जा सकता है। प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि अपने बच्चों के मुस्तकबिल के लिए तथा सभी बिहारियों के कल्याण के लिए जन सुराज से बेहतर विकल्प कोई नहीं है। जन सुराज महात्मा गांधी के विचारों का मजबूत पैरोकार हैं और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के संविधान के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि जन सुराज अभियान अब अगले दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से राजनीतिक दल बन जाएगा। जन सुराज पार्टी अगले विधानसभा चुनाव में सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा और आबादी के आधार पर विभिन्न जातियों से उम्मीदवार बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से पांच -पांच उम्मीदवारों को चयनित कर उन्हें क्षेत्र में जनता के बीच भेजा जाएगा।

# 5 जुलाई को मनेगा राजद का 28 वां स्थापना दिवस

- पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद रहेंगे मौजूद : एजाज



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह की अध्यक्षता में 05 जुलाई को राष्ट्रीय जनता दल का 28 वां स्थापना दिवस समारोह राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूरी सभागार में मनाया जाएगा। इस स्थापना दिवस समारोह में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। एजाज ने आगे बताया कि स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम में पांच जिला के जिसमें पटना, वैशाली,भोजपुर, जहानाबाद एवं अरवल जिला के साथी राज्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम भाग लेंगे। जबकि अन्य जिला के साथी पटना अपने-अपने जिला में ही स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# उपेंद्र कुशवाहा के राज्यसभा जाने से एनडीए को मिलेगी मजबूती

## देवेश कुमार और निखिल आनंद ने दी बधाई

पटना। भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ निखिल आनंद ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सामाजिक न्याय की राजनीति के कद्दावर नेता उपेंद्र कुशवाहा को राज्यसभा चुनाव के लिए एनडीए का उम्मीदवार घोषित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। साथ ही बिहार विधान परिषद् के सदस्य देवेश कुमार ने भी उपेंद्र कुशवाहा को एनडीए का राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री देवेश कुमार ने कहा कि भाजपा अपने एनडीए गठबंधन के सभी सहयोगी दलों और उनके नेताओं का दिल से सम्मान करती है। एमएलसी देवेश कुमार और डॉ निखिल आनंद ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा के राज्यसभा उम्मीदवार बनाए जाने के निर्णय से एनडीए गठबंधन को बहुत मजबूती मिलेगी। दोनों नेताओं ने इस शानदार निर्णय के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का हृदय से आभार जताया। साथ ही हम पार्टी के नेता जीतन राम मांझी एवं चिराग पासवान को भी धन्यवाद दिया।

# संकल्प की सिद्धि के उपरांत प्रभु श्रीराम के श्रीचरणों में मुरेठा अर्पित करेंगे : सम्राट



- जंगल राज और अराजकता से मुक्ति के संकल्प का प्रतीक थी सिर पर बांधी मुरेठा

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को अयोध्या धाम प्रस्थान करने के दौरान कहा कि जंगलराज व अराजकतावादियों को सत्ता से हटाने के उनके संकल्प की सिद्धि होने के दिन 28 जनवरी, 2024 को ही उन्होंने माता सरयू के पवित्र जल में स्नान कर प्रभु श्री राम के श्रीचरणों में अपनी संकल्पित मुरेठा उतारने व केशदान की घोषणा की थी, जो कल अयोध्या में पूरी होगी। श्री चौधरी के काफिले में बिहार सरकार के अनेक मंत्रियों, विधायकों, पार्टी के पदाधिकारियों, नेताओं व कार्यकताओं की करीब ढाई सौ गाड़ियां शामिल हैं। श्री चौधरी जी ने कहा कि उनका संकल्प केवल सत्ता के मुखिया को कुर्सी से हटाना नहीं बल्कि बिहार को जंगलराज वाले लुटेरों से भी मुक्ति दिलाना था। विगत 28 जनवरी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जंगलराज के प्रतीक महागठबंधन से अलग होने और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर भाजपा के साथ उसी दिन सरकार गठित करने के साथ ही उनका संकल्प पूरा हो गया। उन्होंने कहा कि उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए तत्कालीन महागठबंधन की सरकार और सरकार के मुखिया को पद से हटाने का संकल्प लिया था। 28 जनवरी 2024 को जब महागठबंधन सरकार के मुखिया नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया, सदन के पटल पर की गई मेरी घोषणा पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि आज वे बिहार की एनडीए सरकार के मुखिया नीतीश कुमार के सहयोगी है और बिहार में सुशासन व विकास को समर्पित सरकार चल रही है। एनडीए सरकार का एकमात्र एजेंडा विकास और सुशासन के जरिए कानून का राज स्थापित करना है। बिहार में अब भ्रष्टाचारियों, लुटेरों, माफियाओं व परिवारवादियों के लिए कोई जगह नहीं है।

# सम्राट चौधरी राजधर्म और पुत्र धर्म का निर्वहन करने जा रहे अयोध्या : कुंतल

पटना। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी माता सरयू की गोद और रामलला के चरणों में अपना पुत्र धर्म और राजधर्म दोनों निभाने जा रहे हैं। अपनी पूज्य माता के स्वर्गवास के बाद सम्राट चौधरी ने हिंदू धर्म का निर्वहन करते हुए मुंडन कराया था और पगड़ी बांधी थी। उच्च सदन में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट चौधरी ने उसे वक्त की तत्कालीन सरकार, महागठबंधन की सरकार और सरकार के मुखिया को पद से हटाने का संकल्प लिया था। उन्होंने संकल्प लिया था कि जब तक महागठबंधन की सरकार के मुखिया को पद से नहीं हटा देते हैं वह पगड़ी नहीं खोलेंगे। 28 जनवरी को जब महागठबंधन सरकार के मुखिया की तरह नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की सदन के पटल पर की हुई घोषणा पूरी हो गई। सम्राट जी की घोषणा इस बिहार को जंगल राज और भ्रष्टाचार से उत्प्रोत महागठबंधन की सरकार से मुक्ति दिलाने की थी, और तत्कालीन मुख्यमंत्री को पद छूट करने की घोषणा इसका प्रतीकात्मक ऐलान था।

आज बिहार में एनडीए की सुशासन वाली सरकार चल रही है। विकासउन्मुख सरकार चल रही है। हमारे बिहार और 14 करोड़ बिहार वासियों के ऊपर सदैव माता सरयू और प्रभु श्री राम की कृपा बनी रहे इसलिए 3 जुलाई 2024 को बिहार के उपमुख्यमंत्री प्रभु श्री राम के चरणों में माता सरयू की गोद में जाकर के अपना केशदान करेंगे और और पगड़ी अर्पण करेंगे।

# नीट व नेट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के खिलाफ छात्र राजद का राजभवन मार्च

पटना। छात्र राष्ट्रीय जनता दल ने राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा नीट व नेट में हुई गड़बड़ी, बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार और अपराध, एवं शिक्षा, रोजगार, संविधान और आरक्षण पर हो रहे हमलों के खिलाफ राजभवन मार्च का आयोजन किया। इस मार्च में हजारों की संख्या में राजद के छात्र कार्यकताओं ने राजभवन को घेरने के लिए कूच किया। सीआरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुमार के नेतृत्व में यह मार्च आयोजित किया गया, जिसमें आक्रोशित छात्रों और समर्थकों ने पटना के राजद के प्रदेश कार्यालय से वीरचंद पटेल के रास्ते से होते हुए इंकम टैक्स चैराहा से राजभवन की ओर कूच किया। जिला और पुलिस प्रशासन ने छात्र प्रदर्शनकारियों को इंकम टैक्स चैराहा पर ही रोक दिया, जिसके बाद छात्रों और प्रशासन के बीच झड़प हुई। झड़प के बाद, प्रशासनिक अधिकारियों ने सीआरजेडी के प्रदेश अध्यक्ष गगन कुमार के प्रतिनिधिमंडल को राज्यपाल से मुलाकात के लिए राजभवन में प्रवेश दिलवाया। प्रतिनिधिमंडल में अमन लाल ने राज्यपाल को नीट व नेट परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी, बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार और अपराध, एवं शिक्षा, रोजगार, संविधान और आरक्षण पर हो रहे हमलों के खिलाफ अपना मांगपत्र वाले ज्ञापन सौंपा और उचित कार्यवाही की मांग की। सीआरजेडी प्रवक्ता अमन लाल ने इस बात पर जोर दिया कि अगर केंद्र और राज्य सरकार ने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया तो वे अपने चरणबद्ध तरीके से आंदोलन को और तेज करेंगे। राजद का यह कदम छात्रों और युवाओं के अधिकारों की रक्षा करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। इस राज भवन मार्च में प्रदेश अध्यक्ष गगन यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लौकेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार दीपक प्रकाश, अभिषेक रॉय, अंकित चैधरी, सागर यादव, अनमोल यादव, प्रदेश महासचिव राज रतन, कुन्दन गुप्ता, साकेत यादव, प्रदेश सचिव हिमांशु रंजन और पटना जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न यादव, पटना विश्वविद्यालय अध्यक्ष रॉकी रंजन, मनजीत कुमार, लक्ष्मण ठाकूर, पियूष पुजारा, विष्णु यादव समेत हजारों की संख्या में छात्र राजद के छात्र कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विप के कार्यकारी सभापति ने किया पौधारोपण



पटना। बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इस अभियान के तहत सभापति ने प्रदेशवासियों से अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारी आवश्यकता है। स्वच्छ पर्यावरण हमें कई तरह के बीमारियों से बचाती है। स्वच्छ पर्यावरण हमें शुद्ध हवा, शुद्ध जल प्रदान करती है और यह सभी जीवो के लिए आवश्यक है। पेड़ पौधे की हरियाली से मन का तनाव दूर होता है और मन को शांति मिलती है।

बिहार सरकार

विद्युत कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

**विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना**

भवन निर्माण विभाग

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0–05 वर्ष–2024–25

विधुत कार्य प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, पटना के कार्यक्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान / कम्पनी / अनुभवी संवेदको से सीलबंद कोटेशन दिनांक–15.07.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। सभी प्राप्त सील बंद कोटेशन दिनांक–15.07.2024 के अपराह्न 3:30 बजे तक कोटेशनदाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जाएगी।

कोटेशन राशि के अनुसार ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING (O-GRAS) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी (विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल संख्या–2, पटना, भवन निर्माण विभाग) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा। कोटेशन प्रकाशन होने के बाद का O-GRAS मान्य होगा।

कोटेशन प्राप्ति का स्थान (1) विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, भवन निर्माण विभाग, पटना, (2) विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल दक्षिण बिहार, भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय होगा ।

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|
| 1 | Annual Operation & Maintenance of 1 No 6 Passengers Fully Automatic Gate (G + 2) lift installed in inspection Bunglow Situated at Rajbanshi Nager, Patna. Make Beacon Elevators. | 12 Month. |
| 2 | Annual Operation & Maintenance of 4 Nos. 10 Passenger Fully Automatic Gate (G + 3) lift for Hostel at J.T.I Gaighat Patna. | 12 Month. |
| 3 | Annual Operation & Maintenance of 2 Nos. 8 Passenger Elevator (Lift) (4 Stop) installed at Guru Govind Singh Building, Kanganghat, Patnacity Distt Patna. Make :- Thyssen Krupp elevator. | 12 Month. |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता
विद्युत कार्य प्रमंडल सं0–2, पटना

PR- 003038 ( BCD ) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने की पंचायती राज विभाग द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा

# ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट लगाने एवं पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में तेजी लाएं : आयुक्त

- सभी संबंधित पदाधिकारी इसके प्रति सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना के प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना का सफल क्रियान्वयन तथा पंचायत सरकार भवनों का त्वरित गति से निर्माण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी संबंधित पदाधिकारी इसके लिए सजग, तत्पर एवं प्रतिबद्ध रहें। वे मंगलवार को आयुक्त कार्यालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में इस विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रमंडल-स्तरीय बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। आयुक्त ने प्रमंडल अंतर्गत पंचायती राज विभागाधीन योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला पदाधिकारियों से एक-एक कर मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना तथा पंचायत सरकार भवनों के बारे में अद्यतन प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना सुशासन के कार्यक्रम, 2020-25 के अंतर्गत आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय के तहत स्वच्छ गाँव-समृद्ध गाँव का महत्वपूर्ण घटक है। इसमें ग्राम पंचायतों के प्रत्येक वार्ड में सर्वजनिक उपयोग हेतु चरणबद्ध रूप से सोलर स्ट्रीट लाईट लगाया जा रहा है। आज की समीक्षा में पाया गया कि प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों में वार्षिक लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) निर्गत कर दिया गया है। बैंक गारंटी (पीबीजी) के विरूद्ध लगभग शत-प्रतिशत कायार्देश निर्गत कर दिया गया है।

**पटना जिले में 74 प्रतिशत सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन कार्य पूर्ण :** पटना जिला को आवंटित संशोधित लक्ष्य 33,620 के विरूद्ध सोलर स्ट्रीट लाईट के अधिष्ठापन में उपलब्धि 9,162 है। पूर्व में यह लक्ष्य 12,420 था। निर्गत कायादेर्शों के विरूद्ध लगभग 74 प्रतिशत अधिष्ठापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। निर्गत कायादेर्शों के विरूद्ध नालन्दा जिला में 100 प्रतिशत, भोजपुर में 73 प्रतिशत, बक्सर में 49 प्रतिशत, रोहतास में 44 प्रतिशत तथा कैमूर में 25 प्रतिशत अधिष्ठापन कार्य पूर्ण किया गया है। अधिष्ठापन के विरूद्ध भुगतान पटना में 63 प्रतिशत, नालन्दा में 72 प्रतिशत, भोजपुर में 70 प्रतिशत, बक्सर में 41 प्रतिशत, रोहतास में 73 प्रतिशत तथा कैमूर में 67 प्रतिशत है। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि सभी जिला पदाधिकारी अपने-अपने जिलों में सोलर स्ट्रीट लाईट के अधिष्ठापन तथा कार्यशीलता की नियमित समीक्षा एवं अनुश्रवण करें। लाईट के अधिष्ठापन में अपेक्षित प्रगति लाएँ। इस बैठक में जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह; जिलाधिकारी, भोजपुर राजकुमार; जिलाधिकारी, नालन्दा शशांक शुभंकर; जिलाधिकारी, बक्सर अंशुल अग्रवाल; जिलाधिकारी, कैमूर सावन कुमार; उप विकास आयुक्त, पटना तनय सुल्तानिया तथा सभी जिलों के उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं अन्य भी उपस्थित थे।

## भूमि चयन के लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादित करें

आयुक्त ने पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में प्रगति की समीक्षा की। स्वीकृत भूमि के विरूद्ध सीमांकन की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ ही स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन तथा भवन निर्माण विभाग द्वारा प्रतिवेदित सीमांकन की समीक्षा की गई। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पटना प्रमंडल अंतर्गत स्वीकृत भूमि 588 के विरूद्ध एलएईओ एवं बीसीडी द्वारा प्रतिवेदित सीमांकन की संख्या 561 है इसमें एलएईओ द्वारा 267 की स्वीकृति के विरूद्ध 252 प्रतिवेदित तथा बीसीडी द्वारा 321 की स्वीकृति के विरूद्ध 309 प्रतिवेदित है। स्वीकृत भूमि के विरूद्ध सीमांकन हेतु शेष भूमि की संख्या 27 है जिसमें पटना जिला में 04, नालन्दा जिला में 2, भोजपुर में 2, बक्सर में 13, रोहतास में 02 तथा कैमूर में 04 है। आयुक्त श्री रवि ने सभी जिला पदाधिकारियों को निदेश दिया कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण हेतु लक्ष्य के अनुरूप भूमि चयन के लंबित कार्यों को शीघ्र निष्पादित करें। निमाणाधीन पंचायत सरकार भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा करें। आयुक्त श्री रवि द्वारा सभी जिला पदाधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के लिए तत्पर रहने का निदेश दिया गया।

बिहार सरकार

अधीक्षण अभियंता का कार्यालय

**सेतु शोध एवं विकास, पथ निर्माण विभाग**

एन0एच0भवन, राजवंशी नगर, पटना–23

पुर्न कोटेशन आमंत्रण सूचना – 02/2024–2025

अधीक्षण अभियंता, सेतु शोध एवं विकास, पथ निर्माण विभाग, पटना के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु आपूर्तिकर्त्ताओं / एजेन्सी से सादे कागज / लेटर हेड पर नीचे लिखे कार्य हेतु मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

1. कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम : अधीक्षण अभियंता, सेतु शोध एवं विकास, पथ निर्माण विभाग, पटना।
2. कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 22.07.2024 के 3.00 बजे अपराह्न तक।
3. कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 22.07.2024 के 3.30 बजे अपराह्न।
4. कोटेशन प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : अधीक्षण अभियंता, सेतु शोध एवं विकास, पथ निर्माण विभाग, राजवंशी नगर, पटना।
5. कार्य का व्योरा एवं शर्त्ते निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | मात्रा | उद्धृत दर (रूपये में) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | अंको में | शब्दों में |
| 1. | कम्प्यूटर ऑपरेटर , भाड़े का डेस्कटॉप कम्प्यूटर सिस्टम (Latest configuration) यू0पी0एस0, लेजर प्रिंटर ( B&W) एवं इण्टरनेट कनेक्शन सहित वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए। | One Set | | |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
सेतु शोध एवं विकास
पथ निर्माण विभाग, पटना

PR- 003054 (RCD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## संक्षिप्त खबरें

### दूष्कर्म के आरोपी का अग्रिम जमानत याचिका खारिज

दरभंगा। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दूष्कर्म के आरोपी संदीप झा की अग्रिम जमानत याचिका सं. 499/24 को खारिज कर दिया है।दरभंगा के महिला थानाकांड सं.25/24 में पीड़ित वादिनी का आरोप है कि नगर थानाक्षेत्र के शुभंकरपुर निवासी वुद्धदेव झा का पुत्र संदीप झा ने शादी का झांसा देकर दूष्कर्म किया।यह घटना एन एच 57 के पश्चिम अवस्थित एक रेस्ट हाऊस के कमरे में घटित हुई।वादिनी के आवेदन पर महिला थानाध्यक्ष ने दूष्कर्म की धारा के बदले अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया। लेकिन पर्यवेक्षण में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर दरभंगा ने दूष्कर्म की धाराओं समेत अन्य अपराध धाराओं में घटना को सत्य करार दिया।इसी मामले में वादिनी के अधिवक्ता पवन कुमार चौधरी ने दुष्कर्म के आरोपी के अग्रिम जमानत याचिका का पुरजोर बिरोध किया।प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने आरोपी झा की जमानत याचिका पर दोनों पक्षों का बहस पश्चात याचिका खारिज कर दी।

### चाकू गोदकर कोचिंग जा रहे छात्रों को किया घायल

मधुबनी नगर थाना क्षेत्र के किशोरी लाल चौक पर कोचिंग जा रहे एक युवक को पहले मारपीट करने के उपरांत चाकू गोदकर किया गंभीर रूप से घायल घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है पुलिस घटना के जांच में जुटे हैं फिलहाल अभी तक किसी व्यक्ति का गिरफ्तारी नहीं है पीड़ित व्यक्ति रहिका थाना क्षेत्र के बिठौली के रहने वाले हैं घायल युवक के पिता ने बताया खबर लिखने तक की जानकारी

### सरपंच एवं न्याय सचिव की हुई बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत के ग्राम कचहरी के सरपंच एवं ग्राम कचहरी सचिव न्याय मित्र की पंचायत समिति भवन के सभागार में मंगलवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ देवेन्द्र कुमार ने किया। वहीं बैठक में ग्राम कचहरी भवन की व्यवस्था,फर्नीचर की व्यवस्था ग्राम कचहरी संचालन के लिए आए राशि के खर्च किए गए राशि के उपयोगिता का प्रमाण पत्र अभिलंब जमा करने का निर्देश दिया गया। सहित अन्य मुद्दा पर चर्चा किया गया मौके परसर्वप्रथम सभी सरपंच साहब सबसे ग्राम कचहरी के संचालन भवन के बारे में जानकारी ली दिया गया। मौके पर सरपंच रामनरेश राय मुन्नी देवी दिलीप ठाकुर सहित न्याय सचिव एवं न्याय मित्र मोजूद थे।

### रेलवे पूल के दोनों तरफ रोड शेड एवं रैक प्वाइंट लिंक रोड निर्माण जल्द किया जाय : किरण देव

अलौली। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने अलौली नगर पंचायत के चहुंओर सीमा क्षेत्र पर ह्न नगर पंचायत अलौली में आपका हार्दिक स्वागत है, सधन्यवाद, अलविदा, आपकी यात्रा शुभ हो,,ह्न लिखित आकर्षक नगर पंचायत अलौली ह्नप्रवेश द्वारह्न निर्माण करने की मांग जिलाधिकारी से किया है। वहीं खगड़िया अलौली पथ पर अंबा मोड़ के निकट तथा अलौली रेलवे जंक्शन के उत्तरी व दक्षिणी रेलवे पूल के दोनों तरफ रोड शेड का निर्माण करने की मांग किया है। चुंकी पूल के नीचे बारिश का पानी जमने से पूल कमजोर होने व धंसने की संभावना बनी हुई है। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने अंबा मोड़ के निकट से रेलवे लाइन के बगल से अलौली रेलवे रैक पॉइंट तक सड़क निर्माण करने की मांग किया, क्योंकि रैक पॉइंट तक मक्का लदी ओवरलोड ट्रक ट्रैक्टर पुस्तकालय चौक होकर जाने में जाम लगती है एवं संकरी रोड होने के कारण काफी कठिनाइयां होती है।

### एसयूसीआई (सी) ने की तीनों आपराधिक कानून निरस्त करने की मांग

मुजफ्फरपुर।एसयूसीआई (सी) के महासचिव प्रभास घोष ने एक बयान जारी कर तीनों आपराधिक काले कानून को निरस्त करने की मांग की है। मीडिया को जारी बयान में पार्टी महासचिव ने कहा है कि न्यायविदों के साथ-साथ अन्य प्रमुख हस्तियों की आवाज और जनमत की अवज्ञा करते हुए भाजपा सरकार ने तीन काले आपराधिक कानून लागू कर दिए हैं। हालांकि इन कानूनों को औपनिवेशिक शासन के दौरान बनाए गए कानूनों के स्थान पर लागू करने का दावा किया जाता है, लेकिन वास्तव में ये कानून और भी अधिक क्रूर और कठोर हैं तथा देश को पुलिस राज में बदलने वाले हैं। यह स्पष्ट है कि भाजपा सरकार पिछले दस वर्षों से जारी अघोषित आपातकाल और फासीवादी निरंकुश शासन को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित है ताकि मेहनतकश जनता का जीवन और भी अधिक कष्टमय हो जाए। बयान में आगे कहा गया है कि हम इन कानूनों को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हैं तथा सभी लोकतांत्रिक विचारधारा वाले लोगों, न्यायविदों और बुद्धिजीवियों से इस मांग के समर्थन में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाने का आह्वान करते हैं।

# डीएम ने चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारीयों व कर्मियों को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार में लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारीयों एवं कर्मियों को जिलाधिकारी राजीव रौशन ने प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटम प्रदान कर सम्मानित किया । उल्लेखनीय है कि कुशेश्वरस्थान के सहायक निवार्ची पदाधिकारी उमेश कुमार भारती,गौड़ाबौराम सहायक निवार्ची पदाधिकारी मो युनूस अंसारी,बेनीपुर सहायक निवार्ची पदाधिकारी शंभू नाथ झा,अलीनगर सहायक निवार्ची पदाधिकारी आनंद उत्सव, दरभंगा ग्रामीण के सहायक निवार्ची पदाधिकारी विकास कुमार,दरभंगा के सहायक निवार्ची पदाधिकारी नगर आयुक्त कुमार गौरव,हायाघाट के सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता नीरज कुमार दास, बहादुरपुर के सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार प्रशांत,केवटी सहायक निवार्ची पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्ता संजीत कुमार एवं जाले के सहायक निवार्ची पदाधिकारी उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वही कोषांगों के मुख्य नोडल पदाधिकारी,नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी अनिल कुमार, नामांकन कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, प्रशिक्षण कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी बालेश्वर प्रसाद, विधि व्यवस्था कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी राकेश रंजन, मीडिया कोषांग के मुख्य नोडल अधिकारी सत्येन्द्र प्रसाद उपनिदेशक जनसंपर्क दरभंगा प्रमंडल ,कार्मिक कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी मो. सलीम अख्तर, निर्वाचन कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी सुरेश कुमार, वाहन कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी निशांत कुमार, व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी ज्ञान देव प्रभाकर, कार्मिक कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी अमृता कुमारी वेब कास्टिंग जिला संचार योजना कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी प्रशांत कुमार, प्रेक्षक कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी पवन कुमार यादव, स्वीप कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी वृषभानु चंद्रा, बज्रगृह कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी शम्भु कुमार आर्य, बुनियादी सुविधा एमएफएफ कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी समर बहादुर सिंह और ,आई टी एप्लीकेशन कोषांग के मुख्य नोडल पदाधिकारी राजीव कुमार झा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इसी तरह विधानसभावार सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी को सम्मानित किया गया।

## नए अपराधिक कानून लागू होने पे खिरहर थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर दी गई जानकारी

### थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी द्वारा नया कानून को लेकर किया गया जागरूक



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी एक जुलाई 2024 से पूरे भारतवर्ष में लागू होने के उपलक्ष्य में मधुबनी जिले के विभिन्न थाना के साथ ही खिरहर थाना परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित कर के नए कानून से संबंधित जानकारी लोगों को दिया गया। थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी द्वारा खिरहर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को नए लागू किए जाने वाले कानूनों से अवगत कराया गया। आयोजित कार्यक्रम में खिरहर थाना के पुलिस कर्मियों के साथ ही सैकड़ों के संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। वहीं लोगों ने लागू हुए नए कानूनों को बारिकी से सुना और समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी ने बताया कि 1860 में बनाए गए कानून के आधार पर आज तक देश चल रहा था। उस समय के अपराध करने का नेचर, सजा का नेचर, अनुसंधान करने का तरीका सब कुछ उस समय के अनुसार था। जैसे जैसे समय बीतता गया काफी बदलाव होता गया। उस समय के सरकार के द्वारा ब्रिटेन में बैठे बैठे सासन चलाने के उद्देश्य से कानून बनाया गया था। जिस कानून के आधार पर हम लोग चल रहे थे। लेकिन समय परिस्थिति बदली है। जिसे देखते हुए कानून में बदलाव किया गया है। मौके पर उपस्थित थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी, एसआई नागेन्द्र कुमार,लक्ष्मी पांडेय,अवधेश कुमार सिंह,पीटीसी रविरंजन कुमार, प्रशिक्षु दरोगा नीरज कुमार, झिटकी मुखिया महेश प्रसाद,बौरहर मुखिया पति मनोज पासवान,भूतपूर्व मुखिया बलराम यादव, पूर्व मुखिया श्री नारायण दास,बिशमोहन चौधरी, अनिल भारती, बिनीत कुमार यादव,प्रभात कुमार, सरपंच राकेश कुमार चौधरी,अकील अहमद, धनराज यादव,मुरारी पांडेय,सरपंच रामजी राम एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5 दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में मानसून के सक्रिय रहने के कारण अगले 5दिनों तक अच्छी बारिश की संभावना है। ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 3 सए7जउलआई तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में यह जानकारी दी गई है। अगले 5एवं 6जुलाई को सारण ,सिवान , गोपालगंज ,मधुबनी , सीतामढ़ी,पूर्वी एवं पश्चिमी चम्पारण जिलों में भारी बर्षा होने का अनुमान है।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.0 एवं 25.9 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 95 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 82 प्रतिशत, हवा की औसत गति 5.8 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 3.0 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 3.1 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 30.3 एवं दोपहर में 35.0 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 70.2 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई।इस अवधि में अधिकतम तापमान 30-33 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। जबकि न्यूनतम तापमान 22-24 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 90 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 55 से 65 प्रतिशत रहने की संभावना है। पूवार्नुमानित अवधि में औसतन 14 से 16 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पूरवा हवा चलने का अनुमान है। किसानों को सलाह दी गई है कि वर्षा की संभावना को देखते हुए धान की रोपाई हेतु, किसान भाई वर्षा जल का संग्रह खेत में करने के लिए मेड़ों को मजबूत बनाने का कार्य करें। तैयार मक्का फसल की कटनी, दौनी तथा दानो को सुखाने के कार्य में सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

## जीवन का आधार बन चुका है पौधा



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर /समस्तीपुर पर्यावरण, मानव संस्कृति और जीवन का आधार है पौधा। पेड़ लगाकर और उसे सुरक्षित रखना अब बेहद जरूरी है। ये बातें वन महोत्सव के साप्ताहिक कार्यक्रम पर सिंघिया बुर्जुग दक्षिण पंचायत के शिवनाथपुर टोला के खाली प्लाट में सेव का पौधा लगाने के बाद पूर्व किसान श्री, पर्यावरण प्रेमी व पूर्व आत्मा अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने कही। वन महोत्सव कार्यक्रम में पूर्व आत्मा सदस्य मनोज कुमार, अनिल कुमार सिंह, वीरेन्द्र कुमार ऊर्फ विरो व अन्य लोगो ने पौधा लगाकर वन महोत्सव मनाया। इसके बाद इसी नर्सरी में पूर्व से लगे सेव के पौधे का फल सभी लोगो चखाया गया जो बिल्कुल कश्मीरी सेव के स्वाद जैसा बताया गया। मौके पर पूर्व आत्मा सदस्य मनोज कुमार ने कहा कि जितना हमलोग धरती उपभोग कर रहे तो हमारा कर्तव्य बनता है कि कम से कम एक पेड़ अवश्य ही लगाये तभी अपना और जीव जन्तु का जीवन सुरक्षित रख सकते हैं। इसलिये हम सभी मिलकर पेड़ लगाये और पर्यावरण को संरक्षित करें।

## श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी खंडहर में तब्दील, नियमित संचालित करने हेतु समाजिक बैठक आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी जयनगर को जीर्णोद्धार व नियमित संचालित करने हेतु समाजिक बैठक आयोजित व तत्कालीन कमिटी की गठन। जयनगर, श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी संस्था जो वर्षों से संचालित नहीं होने के कारण गौशाला खंडहर में तब्दील हो चुका है। इसे देखते हुए जयनगर के दर्जनों समाजिक-राजनीतिक कार्यकताओं तथा व्यवसायिक बुद्धिजीवियों के द्वारा श्री कृष्ण गौशाला सोसाइटी परिसर के विशंभर पूर्वे के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया ।बैठक में गौशाला को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए गौशाला के पदेन अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी जयनगर वीरेंद्र कुमार के से मुलाकात कर चुनाव करवाने की मांग करने तथा तत्काल कार्यो को संचालित करने हेतु संयोजक अनिल बैरोलिया को चूनाव किया गया और बैठक में कई दाता मौजूद थे और दाताओं ने गौशाला गौशाला के विकास हेतु बड़ी राशियों से सहयोग करने की बात कहें। बैठक में उपस्थित लोगों के बीच से तत्कालीन 21 सदस्यीय कमिटी की गठन किया गया और तत्काल कार्यो को संचालित करने हेतु अनिल बैरोलिया को संयोजक पद पर चुनाव किया गया और गौशाला के प्रति आस्था एवं सहयोगियों को लेकर कमिटी की विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य तौर पर भाकपा-माले प्रखंड सचिव भूषण सिंह सुरेंद्र प्रसाद जयनगर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अनिल बैरोलिया वार्ड पार्षद हनुमान प्रसाद मोर मिथिलांचल चेम्बर ऑफ कॉमर्स जयनगर के शिवशंकर ठाकुर शंभू गुप्ता जय मातादी सेवा समिति के अरूण जैन चर्चित व्यवसाय गिरधारी सराफ ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद राउत विशंभर सराफ अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह डॉ रत्न ेश्वर सिंह जयनारायण यादव राजू गुप्ता प्रविर कुमार महासेठ अन्य लोगों ने भाग लिया ।

## मामलों के निष्पादन हेतु सभी पक्षकारों को नोटिस पहुंचना अतिआवश्यक : जिला न्यायाधीश

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारीयों के साथ हुई बैठक



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। 13 जुलाई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर न्यायालय परिसर में बैठक आयोजित किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी ने थानाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए कहा कि नोटिस तामिला सही ढ़ंग से नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिस अनुपात में न्यायालयों द्वारा नोटिस जारी किया गया है, उस अनुपात में नोटिस तामिला रिपोर्ट नहीं मिल रहा है। इस बात को गंभीरता से लें,क्योंकि अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन के लिए सभी पक्षकारों तक नोटिस पहुंचना अतिआवश्यक है। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए दो सप्ताह विशेष ध्यान देकर नोटिस संबंधी कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि पूरे सूबे में दरभंगा जिले का नाम रौशन हो। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने थानाध्यक्षों से कहा कि पिछले लोक अदालत की तुलना में इस बार पच्चीस प्रतिशत अधिक निपटारे का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दूसरी बैठक विभिन्न सरकारी विभागों के आला अधिकारियों के साथ किया। जिसमें उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभाग आने वाले दो सप्ताह राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए यथासंभव प्रयत्न करें। विभाग से संबंधित मुकदमों के पक्षकारों से मिलकर समझौते के लिए सार्थक प्रयास करें। सभी विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी से करें। बैठक में प्राधिकार सचिव रंजन देव भी मौजूद थे। वही दूसरी ओर दावा वादों के निपटारे के लिए क्लेम केश के अधिवक्ताओं के साथ विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय रविशंकर कुमार ने समीक्षात्मक बैठक की।उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि क्लेम केश के निपटारे के लिए बीमा कंपनियों के सहयोग से निष्पादन के लक्ष्य को पूरा करें।

## ई किसान भवन में कोदो बीज किसान के बीच वितरण

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड़ ई किसान भवन में मंगलवार को कृषि समन्वयक विधा सागर सिंह के नेतृत्व में सुक्की पंचायत के किसान राम हरि सिंह के हाथों डेमोस्ट्रेशन कोदो का बीज कृषि सलाहकार सम्पत्ति पासवान,बीटीएम अवधेश शर्मा कृषि समन्वयक जयनाथ ज्योति कृषि सलाहकार के.डी. सिंह द्वारा संयुक्त रूप किया गया. इस वितरण के दौरान कृषि समन्वयक विधा सागर सिंह ने बताया कि मोटा अनाज कोदो की खेती करने से किसान को उपज ज्यादा मात्रा में होती है. मोटा अनाज कोदो सेवन करने उस मनुष्य को मधुमेह शरीर मे कोलस्ट्रोल गठिया इत्यादि रोगों से सदा के मुक्ति मिल जाती है. वही कृषि समन्वयक जयनाथ ज्योति ने कहा कि मोटा अनाज कोदो फसल की दस क्विंटल प्रति एकड़ उपज होती है. वही बीटीएम अवधेश कुमार ने बताया कि मोटा अनाज कोदो फसल की खेती के लिए जून से जुलाई माह में बीज बुआई की उपयुक्त समय है. इस फसल की बुआई के लिए ऊपरी भूमि की जरूरत है. इस मोटा अनाज कोदो की खेती करने को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसान को जागरूकता अभियान चलाकर खेती करने के लिए उत्तपेरित किया जाएगा.उन्होंने कहा कि कोदो बीज एक सौ प्रतिशत अनुदानित है.वही जो मोटा अनाज कोदो फसल की खेती करता है तो उस किसान को प्रति एकड़ दो हजार प्रोत्साहन राशि विभाग द्वारा दी जाएगी.वही कृषि सलाहकार के.डी. सिंह ने कहा कि सरकार मोटा अनाज की खेती करने के लिए पंचायत में। किसान चौपाल लगाकर जागरुगता अभियान चलाकर किसान को उत्तपेरित किया जा रहा है.इस बीज वितरण के मौके पर कृषि सलाहकार शेलेन्द्र कुमार शंकर कुमार तनुक नारायण सिंह राम एकवाल राय सुभेन्द्र शेषखर सिंह केदार नाथ मिश्र श्याम कुमार सिंह साबिर अली राम दुलार सिंह अरविंदर कुमार सिंह रंजीत कुमार साहू वितरक सचिदानंद सिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे।

## दलित बस्ती का हाल: नाला का पानी सड़क पर या सड़क का पानी नाला में

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत महम्मदपुर सकड़ा पंचायत वार्ड 06 दलित बस्ती में बना सड़क व नाला मानसून की पहली बारिश ही विकास की पोल खोल रही हैं। यहां यह कहना मुश्किल हो रहा है कि नाला का पानी सड़क पर बह रहा है या सड़क का पानी नाला में गिर रहा है। फिलहाल सड़क पर पानी लगा हुआ है। जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों में दुर्घटना भय सताता रहता है। बता दें की सड़क के किनारे 15 में वित्त आयोग की राशि से नाला का निर्माण और ।कराया गया। जो नाला ।सड़क से 2 फीट ऊंची है। ।वही 2 वर्ष पूर्व नाला निर्माण के दौरान दलित बस्ती में नल जल का पाइप काट कर हटा दिया गया। जिसके कारण इस भीषण गर्मी में दलित बस्ती के लोग पानी के लिए त्राहिमाम करते रहे। सबसे सोचनीय बात यह है कि सड़क पर से पानी निकासी के लिए नल का निर्माण किया गया लेकिन जो पेयजल की व्यवस्था थी वह वह गलत बस्ती के लोगों के लिए ध्वस्त कर दिया गया। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि व विभागीय अभियंता किस प्रकार नाला निर्माण को पास किया जो नाला सड़क से 2 फीट ऊंचा है। सड़क से नाला में पानी बहने के बजाय नाला का पानी लगता है सड़क पर बह रही है।

## दोहरे हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिले विधायक, प्रशासन के कार्यशैली पर उठाया सवाल

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के महम्मदपुर सकड़ा पंचायत स्थित सीएसपी संचालक से लूट के बाद बाइक सवार अपराधियों के अंधाधुंध फायरिंग में दो व्यक्ति अजय यादव व सुशीला देवी की मौत हो गई थी। वहीं घटना की जानकारी पर पहुंची स्थानीय विधायक मामले की जांच पड़ताल और घटना के बारे में जानकारी ली। पीड़ित अकलू यादव के परिवार, सुशीला देवी के परिजनों एवं एक अन्य घटना में पीड़ित योगेंद्र सहनी के परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए प्रशासन से अभिलंब अपराधियों की गिरफ्तारी, पीड़ित परिवार को सुरक्षा एवं मुआवजा देने की मांग की। विधायक ने बताया कि 30 जून को दिनदहाड़े लूट एवं हत्या की घटना का अंजाम देकर अपराधी भाग गया। इससे प्रशासन की सजगता और उनके कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह है। विभूतिपुर पुलिस पर खुलेआम तमाचा मारने जैसा है। इसे उसे चुनौती के रूप में लेकर काम करना चाहिए। इन दिनों विभूतिपुर में हत्या, लूट, गोलीबारी सहित अन्य बड़े अपराधिक घटना में इजाफा हुआ है। पुलिस का अपराधी के बीच खौफ खत्म हो चुका है। उन्होंने बिहार सरकार पर अपराध पर काबू पाने पर विफल बताया है। मौके पर सीपीएम जिला सचिव मंडल सदस्य महेश कुमार, पूर्व मुखिया दिलीप राय, प्रिया रंजन ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं प्रखंड कार्यालय के प्रांगण में जीविका भवन के सभागार में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत स्थानीय विधायक अजय कुमार के द्वारा दर्जनो आवेदन को सुना और उसके त्वरित समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारी को बुलाकर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

## विभूतिपुर में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सर्वे अमीन तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसको लेकर अंचलाधिकारी रंधीर रमण ने कार्यालय से एक पत्र निर्गत कर प्रखंड प्रमुख, सभी मुखिया, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, उप सरपंच, वार्ड सदस्य, राजस्व कर्मचारी, पंचायत सेवक, आवास सहायक, पंचायत रोजगार सेवक, कृषि सलाहकार और विकास मित्र को अपने-अपने क्षेत्र के इच्छुक व्यक्ति को उक्त प्रशिक्षण के लिए अनुसंशित कर प्रशिक्षण में भाग लेने हेतु प्रेरित करने एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया है। कहा है कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षित बेरोजगार युवकों, किसानों और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने एवं अमीन संबंधी सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त करने हेतु सोशल वेलफेयर सोसाइटी नियंत्रण कार्यालय लखीसराय द्वारा सर्वे अमीन का प्रशिक्षण करवाया जा रहा है। जिसके संबंध में अपर समाहर्ता समस्तीपुर द्वारा सूचना ज्ञापांक 3103/रा. दिनांक 24.06.2023 से प्राप्त है। कहा है कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षित बेरोजगार युवकों, किसानों एवं महिलाओं को सर्वे अमीन, सर्वे नियम, चकबंदी, प्लॉटवार जमीन मापने की विधि, खाता, खेसरा, खतियान एवं जमाबंदी आपसी (शिड्यूल) बंटवारा आदि की जानकारी देना है। ताकि, वे अपने अधिकार को समझ सकें। साथ हीं जमीन से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकें। पत्र में इस बात का स्पष्ट चर्चा है कि प्रशिक्षण अवधि 45 दिनों की होगी। प्रशिक्षण शुल्क सहयोग राशि के रुप में 300 रुपए लिया जाएगा। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं और दिव्यांग के लिए 50 रुपए की विशेष छूट होगी। साथ हीं साथ निर्धन एवं असहाय व्यक्तियों को संस्थान की तरफ से निश्शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद लिखित जांच परीक्षा होगी। जिसका शुल्क समिति के निर्णयानुसार अलग से देय है। तत्पश्चात प्रशिक्षणार्थियों को संस्थान के द्वारा प्रशिक्षित होने का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अंचलाधिकारी ने बताया कि प्रखंड सह अंचल परिसर में नामांकन का स्थान तय किया गया है। नामांकन तिथि दो जुलाई से नौ जुलाई तक है। सुबह 11 बजे से संध्या तीन बजे तक केन्द्र के प्रशिक्षण प्रभारी की मौजूदगी रहेगी।

## सीएचसी कार्यालय में रोगी कल्याण समिति गठन में उपस्थित सदस्यगण



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली सीएचसी कार्यालय सभागार में मंगलवार को कलुआही प्रखंड़ के प्रभारी बीडीओ रूपेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में सीएचसी रोगी कल्याण समिति सासी निकाय की गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया.इस बैठक के दौरान सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व रोगी कल्याण समिति के सचिव डा. ज्योतींद्र नारायण ने राज्य स्वास्थ समिति पटना एव जिला स्वास्थ समिति द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एव प्रखंड़ प्रमुख द्वारा नामित पंचायत समिति सदस्य को रोगी कल्याण समिति का सदस्य के रूप में गठन किया गया है. रोगी कल्याण समिति की गठन में अध्यक्ष पद पर प्रखंड़ बीडीओ सचिव पद पर सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. ज्योतींद्र नारायण को मनोनीत किया गया. वही रोगी कल्याण समिति के सदस्य के रूप में प्रखंड़ कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार बीईओ योगेंद्र चौधरी सीडीपीओ राखी कुमारी प्रखंड़ जीविका बीपीएम संजीत कुमार सुमन लोक अभियंत्रण पदाधिकारी सत्य प्रकाश प्रखंड़ प्रमुख कुमारी उषा द्वारा नामित पंसस श्रीनाथ नाग मणि, एनजीओ पिरामल पीएल पंकज कुमार सीएचसी के वरीय चिकित्सा पदाधिकारी डा. मिताली को मनोनीत किया गया.वही नये रोगी कल्याण समिति की गठन करने पर सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व रोगी कल्याण समिति के सचिव डा.ज्योतींद्र नारायण ने उपस्थित सभी सदस्यों से कहा कि सीएचसी हास्पिटल को बेहत्तर ढंग से चलाने को लेकर प्रत्येक माह में रोगी कल्याण समिति की बैठक में सभी माननीय सदस्य को उपस्थित होना जरूरी है.इस गठन का एक मात्र उद्देश्य है कि अस्तपताल विकास को लेकर सर्व सम्मत्ति से विचार विमर्श करके अस्तपताल का विकास कार्य किया जा सके.वही प्रखंड़ प्रमुख द्वारा नामित पंचायत समिति सदस्य श्रीनाथ नाग मणि ने कहा कि हास्पिटल में ओपीडी इमरजेंसी वार्ड प्रशव कक्ष हास्पिटल की साफ सफाई एव मरीजों को समुचित इलाज में कोई कोताही नही बरती जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दस वर्षीय बच्चा बरबीघा से भटक कर पहुंचा जमुई बस डिपो

जमुई [ झाझा ] जमुई बस डिपो पर भटक रहे एक दस वर्षीय बच्चे को रैन बसेरा आश्रय स्थल झाझा के दो महिला कर्मी को मिलने के बाद उसे रैन बसेरा आश्रय स्थल लाया गया जिसके बाद बच्चे के परिजन का पता लगाने में जुट गई। बच्चे के द्वारा पूछताछ के क्रम में बच्चा अपना सही पता नही बताने पर लोगों ने डायल 112 की पुलिस को सूचना दी जिसके बाद डायल 112 की पुलिस रैन बसेरा पहुंचकर बच्चे के परिजन की तलाश में जुट गए। वही झाझा सीआरपीएस की रहने वाली सुप्रिया और रूबी कुमारी ने किसी तरह बच्चे के परिजन का पता तो बच्चे की पहचान शेखपुरा बरबीघा का रहन सुनील महतो का पुत्र बादल कुमार के रूप में हुई। सुप्रिया ने बताया कि जमुई जीविका कार्यालय गई थी तो वहां पर बस डिपों के पास एक चालक ने बच्चे को रोते बिखलते देखकर पता पूछा तो झाझा बताया जिसके बाद उक्त बच्चे को झाझा लाया गया लेकिन बच्चा कुछ भी आगे बताने में असमर्थ दिखाई दे रहा था। वही बच्चे के परिजन को सूचना दिया गया।

### शराब, बाइक, लोडेड देशी कट्टा व मोबाइल के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ ओपी क्षेत्र के चित्ती तिलावे नदी के पास तस्करों के द्वारा देसी शराब का पैकिंग धड़ल्ले से किया जा रहा था। वही पुलिस को मिले गुप्त सूचना के आधार पर ओपी अध्यक्ष अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम गठित कर सूचना मिलने वाले जगह पर छापेमारी की। जहां शराब पैकिंग कर रहे दो तस्कर में से एक तस्कर को पुलिस ने सोमवार की शाम गिरफ्तार किया है। वही दूसरा तस्कर भागने में सफल रहा। पुलिस के गिरफ्त में आए तस्कर की पहचान चित्ती पंचायत के वार्ड नंबर 1 भगवानी गांव निवासी शत्रुघन यादव के पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। जहां छापेमारी करने के दौरान गिरफ्त में आए तस्कर के पास से एक अपाची बाईक, एक लोडेड देशी कट्टा, 80 लीटर देसी शराब व एक मोबाइल बरामद किया गया। आरोपित को मंगलवार के दिन न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# कोल्हुआ पंचायत में विकास योजनाओं में मची है लूट

## वार्ड सदस्यों ने कहा मुखिया पंचायत सचिव के आपसी मिली भगत से पंचायत के विकास योजनाओं में बरती गयी है अनियमितता

- योजनाओं में व्याप्त अनियमितता के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने ग्रामीण विकास मंत्री से लेकर बीडीओ तक शिकायत पत्र भेजी
- सरकारी पैसा का किया गया बंदरबाट

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। सरकार ग्राम पंचायत राज को सशक्त बनाने की दिशा में पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से कई विकासन्मुखी योजनाओं को धरातल पर उतारकर सूबे के पंचायतों को समृद्ध बनाने की कवायद में लगी है। ताकि निचले स्तर पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों को अमली जामा पहनाकर विकास की एक नयी इबारत लिखी जा सके। लेकिन जिन हाथों में आम जनता ने पंचायती राज व्यवस्था की बागडोर विकास कार्यों को लेकर दी हैं। वहीं सरकारी कर्मियों की मिली भगत से आमजनों के विकास कार्यों की राशि को लूट खसोट करने में लग जाएं तो ऐसी स्थिति में समृद्ध सशक्त एवं आदर्श पंचायत का सपना साकार होने की बात करना बेमानी होगी। जिसका जीता जागता उदाहरण गिद्धौर प्रखंड के कोल्हुआ पंचायत में इन दिनों सरकारी योजनाओं के जमीनी संधारण के नाम पर योजनाओं के स्वीकृत राशि के नाम मची लूट खसोट को देखकर इसका अंदाजा यहां साफ लगाया जा सकता है। इन दिनों पंचायत में संचालित योजनाओं में बरती गयी अनियमितता को लेकर गिद्धौर के कोल्हुआ पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मुक्त कंठ से योजनाओं के नाम पर सरकारी राशि के किये जा रहे बंदरबांट की कलई खोल कर रख दी है। क्या कहते हैं वार्ड सदस्य इन दिनों कोल्हुआ पंचायत में संचालित योजनाओं को लेकर उप मुखिया पम्मी कुमारी, वार्ड सदस्य अशोक साव, सोनिया देवी, विमलेश कुमार सिंह, किशोर प्रसाद सिंह, अमोला देवी, शांति देवी, कंचन कुमारी, मिथुन पासवान, रविन्द्र यादव, विनोद पासवान, सचिदानंद मिश्रा आदि बताते हैं कि हमलोगों के पंचायत में पंचायत सचिव चंदन कु.मेहता एवं मुखिया रूबी देवी द्वारा आपसी मिलीभगत कर आज तक एक भी ग्राम सभा का आयोजन जमीनी स्तर पर नहीं किया गया है, अगर कोई सभा आयोजित हुई भी तो वो हम सभी वार्ड सदस्यों के बिना सूचना के गुपचुप तरीके से कागज पर कर लिया गया है। वार्ड सदस्यों ने आगे कहा कि एक भी कार्यकारिणी बैठक नहीं किया गया, वहीं प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं के चयन के बजाय निजी लाभ की मंशा से गलत तरीके से योजना का चयन कर मुखिया अपने चहेते विचौलियों के माध्यम से योजनाओं का संधारण किया है जो हमारे पंचायत में योजनाओं में बरती जा रही अनियमितता को साफ दशार्ता है।पंचायत में पुराना शोख्ता के नाम पर नया पैसे की निकासी, कोल्हुआ पंचायत कार्यालय भवन में कई बार मरम्मति के नाम पर पैसा की निकासी कर ली गयी जो जांच का विषय है, छठ घाट के नाम पर एक ही स्थान पर दो छठ घाट निर्माण कराया गया, और तो और पंचायत सचिव के द्वारा महिला वार्ड सदस्यों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग भी किया जाता है। जिससे महिला वार्ड सदस्यों में पंचायत सचिव के प्रति काफी आक्रोश हैं। हम सभी वार्ड सदस्य पंचायत सचिव से किसी कार्य को सही तरीके से संधारण की बात बोलते हैं, तो उनका यही कहना होता है आपलोगों को जहां जाना है जाओ, वहीं मुखिया से जब विकास संबंधित योजनाओं के बारे में बात की जाती है तो हरिजन एक्ट के तहत फंसाने की बैठक धमकी देते हैं इससे हम सभी वार्ड सदस्य काफी परेशान हैं। इधर कोल्हुआ पंचायत में विकास से जुड़े कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ संधारण कराने एवं पंचायत को आदर्श एवं समृद्ध पंचायत बनाने के सपने के साथ संबंधित पंचायत के वार्ड सदस्यों ने जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त जमुई, ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार, पंचायती राज मंत्री बिहार सरकार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर को शिकायती पत्र प्रेषित कर कोल्हुआ पंचायत में संधारित हो चुके एवं संधारण हो रहे विकासन्मुखी कार्यों में पारदर्शिता के साथ जांच की मांग की है। ताकि कोल्हुआ पंचायत को समृद्ध सशक्त एवं आदर्श पंचायत बनाया जा सके।

# खरीफ किसान चौपाल का किया आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

घैलाढ़ (मधेपुरा) प्रखंड क्षेत्र के श्रीनगर पंचायत सरकार भवन के कृषि सभागार भवन में खरीफ किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्या मंजू सुमन ने किया।

इस मौके पर बीआईएम गिरीश नंदन ने किसानों को मोटे अनाजों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसमें बताया गया कि किसानों को मौसम को देखते हुए मोटे अनाज की खेती की जरूरत है। कृषि सलाहकार राजेश कुमार पप्पू ने कहा कि मोटे अनाज की खेती किसी भी मिट्टी में आसानी से किया जा सकता है।

मोटे अनाज के लिए कम पानी की जरूरत होती है मोटे अनाज की खेती करने वाले किसानों को सरकार द्वारा दो हजार रुपए का सहयोग दिया जा रहा है। इस किसान चौपाल में कृषि यंत्रीकरण, जैविक खेती, पीएम किसान सम्मन निधि, केसीसी आदि के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। जहां इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान बंधु मौजूद थे।

# दुखदः प्रख्यात साहित्यकार, लेखक व समाजसेवी अनिलेश मिश्र का निधन

## खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने एम्स में परिवार से मिलकर दिया सांत्वना



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई के जाने- माने समाजसेवी और प्रख्यात साहित्यकार अनिलेश चंद्र मिश्र का निधन दिल्ली के एम्स हॉस्पिटल में सोमवार को अंतिम सांस ली। 62 साल के मिश्र लंबे समय से बीमार चल रहे थे। निधन पर भारत सरकार के वर्तमान खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने परिजनों से मिल कर गहरा शोक संवेदना व्यक्त किया। श्री मिश्र का जन्म सिकंदरा प्रखण्ड के मिश्रडीह ग्राम में सन 1962 में कवि और स्वतन्त्रता सेनानी पुण्यश्लोक सुरेश चंद्र मिश्र ह्ल शचीशह्ल कनिष्ठ पुत्र के रूप में हुआ था। अनिलेश मिश्र ग्रांड साहित्य, संस्कृति, कला और साहित्य के लिए समर्पित रहे। उन्होंने संभावना और जन प्रगति संस्थान नामक सामजिक संगठन की स्थापना की और इसके सहयोग से समाज के उत्थान के अनेक कार्य किये और समाज के जीवन स्तर को ऊँचा किया। श्री मिश्र ने कुंडघाट जलाशय योजना को लाने मे भी महती भूमिका निभाई। लछुआड़ को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए लम्बा संघर्ष किया। वे इतिहास, समाजशास्त्र और हिन्दी साहित्य के प्रकांड विद्वान थे। उनके निधन से पूरे जमुई में शोक की लहर है। उन्होंने अपने पीछे 02 पुत्र और 03 पुत्रियों का भरा पुरा परिवार छोड़ गए। उन्होंने समसामयिक मुद्दों पर अनेक हिन्दी और अंग्रेजी पत्र पत्रिकाओं में अपनी टिप्पणियां लिखी। उनके असमय चले जाने से हिन्दी साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है।

# बरसात में एमडीएम में स्वच्छता रखें, ताकि संक्रमण का खतरा न हो

- शिक्षा विभाग ने 16 बिंदुओं पर स्वच्छता रखने का दिया निर्देश, जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को दिया जाता है भोजन

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। जिले के प्रारंभिक विद्यालयों में बन रहे मध्याह्न भोजन को बरसात के मौसम में स्वच्छता बरतने का निर्देश संबंधित स्कूलों के हेडमास्टर को दिया गया है। ताकि एमडीएम खाने वाले बच्चों को कोई परेशानी न हो। बता दें कि विद्यालयों में एमडीएम खाने के बाद बच्चे जब बीमार पड़ते हैं तो अफरातफरी मच जाती है।यही कारण है की बरसात के आगमन व भीषण गर्मी को देखते हुए यह आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही प्रारंभिक स्कूलों में संचालित एमडीएम (पीएम पोषण योजना) के अनाज को बरसाती संक्रमण से बचाने का भी निर्देश दिया गया है। बरसात में कई बार स्कूलों में रवाद्यान्न सामग्री उचित रखरखाव के अभाव में सड़ जाती है। भोजन खाने के बाद बच्चों में संक्रमण की शिकायत हो जाती है। हालांकि सावधानी बरतने से बच्चों के बीमार पड़ने की संभावना कम हो जाती है। फिलहाल बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसी स्थिति में छिपकली आदि की आवाजाही बढ़ जाती है। इन बातों को लेकर विभाग ने सभी प्रारंभिक स्कूलों के एचएम को बारिश के मौसम में एमडीएम बनाने में विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया है। सेफ जगह पर खाद्य सामग्री का भंडारण करने का निर्देश बच्चों के लिए खाना बनाते समय रसोईया, रसोई व सामग्री की सफाई, पौष्टिकता, स्वच्छता व सुरक्षा पर एचएम को 16 बिंदुओं को चिन्हित करके सावधानियां बरतने को कहा गया है।खाद्यान्न सामग्री की गुणवत्ता की जांच करने को कहा गया। खाद्य सामग्रियों का भंडारण ऐसी जगह करने को कहा गया है, जहां नमी की समस्या ना हो।चावल की बोरी व सोयाबीन को लकड़ी या सीमेंटेड रैंक पर रखने का व्यवस्था करने को कहा गया है। खुली सामग्री का उपयोग मध्याह्न भोजन बनाने में नहीं किया जाना चाहिए। सामग्री की गुणवत्ता व वजन की करें जांच सब्जी व आलू प्याज आदि की खरीदारी करने में ताजगी का विशेष ध्यान रखना को कहा गया है। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापकों को खाद्यान्न की प्राप्ति के समय सामग्री की गुणवत्ता व वजन की जांच करने को कहा गया है। इतना ही नहीं बाजार से नमक, तेल, मसाला की खरीदारी में भी कंपनी और एगमार्का वाले सामान की खरीदारी करते समय एक्सपायरी डेट को चेक करने की हिदायत दी गई है। स्कूलों में विशेष परिस्थिति आने पर प्राथमिक उपचार की व्यवस्था, ओआरएस आदि रखने को कहा गया है। इमरजेंसी सेवा के लिए फोन नंबर स्कूल में ऐसी जगह पर लिखने के लिए कहा गया है जो आसानी से लोगों को दिखाई दें।खाद्यान्न के भंडारण से लेकर रख-रखाव और भोजन परोसे जाने तक विशेष साफ-सफाई की व्यवस्था करने को कहा गया है।

# चेकबुक और एटीएम कार्ड होल्डर को सही समय पर नही मिलने पर डाक विभाग करवा रही है जांच

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] बीते दिनों एसबीआई के द्वारा यह मामला लाया गया था कि पोस्टमैन की लापरवाही के कारण बैंक ग्राहकों को चेकबुक और एटीएम कार्ड नही मिल पा रहा है। इसी आलोक में डाकविभाग के द्वारा अब वैसे बैक ग्राहक जिनके घर तक पोस्टमैन सही समय पर डिलीवरी नही कर पा रहे इसको लेकर छानबीन की प्रक्रिया कि जा रही है। इसको लेकर डाक निरीक्षक अभिषेक कुमार के द्वारा डाक अधिदर्शक विरेंद्र मंडल को नियुक्त किया गया। डाक अधिदर्शक के द्वारा वैसे लोगों के घरों तक पहुंच रहे है जिसकी शिकायत बैंक के द्वारा किया गया है। डाक अधिदर्शक ने बताया कि बैंक के द्वारा जिनलोगों का चेकबुक और एटीएम कार्ड पोस्टमैन के द्वारा सही समय पर नही दिया गया है वैसे लोगों के घरों तक पहुंचकर उसकी शिकायत सुनी जा रही है। वही डाक निरीक्षक ने बताया कि अन्य बैंको के द्वारा आने वाले चेकबुक और एटीएम कार्ड में होल्डर का नाम पता के साथ मोबाइल नंबर लिखा रहता है लेकिन एसबीआई के ग्राहकों का आने वाले एटीएम कार्ड और चेकबुक में नंबर नही रहने के कारण पोस्टमैन को परेशानी आती है। हालांकि कुछ ऐसा मामला सामने आया है जिसमें पोस्टमैन की गलती के कारण चेकबुक और एटीएम कार्ड नही मिल पाया है। फिलहाल अभी जांच की प्रक्रिया जारी है। इसलिए जांच की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अगर पोस्टमैन की गलती पकड़ी जाती है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# नए रजिस्टर से उम्मीद रहेंगी की सुधरे विश्वविद्यालय की हालात : कुमारी विनीता



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के नए रजिस्टर प्रोड्ड डॉड्ड बीपीन कुमार राय से राजद महिला प्रदेश उपाध्यक्ष कुमारी विनीता भारती ने मिलकर उनका महान समाजवादी भूमि मधेपुरा की धरती पर स्वागत की साथ ही साथ उन्होंने कही कि मधेपुरा व कोशी - सीमांचल मैं शिक्षा का अलख जगाने हेतु व इस पिछड़े इलाके के गरीब बच्चों को उच्च शिक्षा में कठिनाई न हो इसके लिए इस विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह तत्कालीन मुख्यमंत्री बिहार सरकार आदरणीय श्री लालू प्रसाद यादव जी ने स्थापना करवाया था। आज विश्वविद्यालय में अनेकों खामिया है जिसे दूर करने की अत्यंत आवश्यक है आपसे उम्मीद रहेंगी की विश्वविद्यालय के बेहतर भविष्य हेतु आप काम करेंगे साथ ही साथ गरीब छात्रों का उत्थान करेंगे। कुमारी विनीता भारती ने विस्तार से छात्रों के हित की बात की ओर विश्वविद्यालय की मुलभुत समस्याओं से अवगत कराई ओर उन्हें उस समस्याओं को दूर करने की आग्रह की।

# डायट सेंटर गिद्धौर में अनियमितता से शिक्षिकाओं में परेशानी

## बेपटरी हुई व्यवस्था, शिक्षिकाओं को रखा बाहर, अब वेतन कटौती का दबाव

- प्रशिक्षण अवधि में घूमते हैं शिक्षक, कार्रवाई नहीं



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर ।बिहार के शैक्षणिक पटल को सशक्त और सुदृढ़ करने के लिए सरकार ने समुचित सुविधा के साथ डायट सेंटर का निर्माण करवाया है ।लेकिन इन दिनों जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गिद्धौर की आंतरिक व्यवस्था बेपटरी हो चुकी है। इसकी बानगी सोमवार की देर संध्या तक देखने मिली जहां से शिक्षिकाओं के एक दल को देर संध्या तक संस्थान के बाहर खड़े रखने का मामला प्रकाश में आया है। दरअसल गिद्धौर स्थित डायट सेंटर में शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए विभाग द्वारा शेड्यूल तैयार किया गया है। इसके लिए विभागीय मापदंड भी तय किए गए हैं। ऐसे में सोमवार को प्रशिक्षण के लिए पहुंची 4-5 शिक्षिकाओं को केंद्र से बाहर रखने पर शिक्षिकाओं ने डायट प्रबंधन के खिलाफ रोष जाहिर किया है। नाम न छापने के शर्त पर एक शिक्षिकाओ ने बताया कि सोमवार को यहां प्रशिक्षण के लिए योगदान देना था ।तेज बारिश के कारण बाधित यातायात और आवागमन संबंधित समस्या के कारण प्रशिक्षण केंद्र पहुंचने में देरी हो गई। जिसके बाद प्रशिक्षण केंद्र के साथ दुर्व्यवहार करते हुए आधा दर्जन से अधिक शिक्षिकाओं को बाहर खड़ा कर दिया गया। इस बीच शिक्षक और प्रबंधन के बीच कुछ देर तक कहा सुनी भी होती रही। बताया की तथाकथित तौर पर प्रिंसिपल के आदेश पर ऐसा किया गया है। देर रात्रि शिक्षिकाओं को अंदर प्रवेश किया गया और अब प्रबंधन वेतन कटौती की बात पर अड़ गया है। जो हम शिक्षिकाओं के लिए परेशानी का सबब बना है। बताया कि प्रबंधन के इस दोहरी मार से हमलोग आहत हैं। उन्होंने यहां के आवासीय व खाने -पीने की व्यवस्था पर भी असंतोष जाहिर किया है।

बताया यह भी जाता है कि, प्रशिक्षण अवधि के दौरान कई प्रशिक्षु शिक्षक गिद्धौर बाजार में भी यत्र तत्र घूमते दिखाई पड़ते है। जबकि विभागीय नियमावली में ये एक आवासीय प्रशिक्षण है जिसमें इस अवधि मे प्रशिक्षण सत्र छोड़ने की अनुमति नही है। प्रशिक्षण में गैर हाज़िर शिक्षको पर कार्रवाई का भी प्रावधान है, पर यहां प्रशिक्षण पा रहे कुछ शिक्षक शिक्षिकाओं पर प्रबंधन में कार्यरत सचिन भारती की मेहरबानी भी रहती है।

प्रबंधन का पक्ष रखते हुए गिद्धौर डायट सेंटर के सचिन भारती ने बताया कि सेंटर का संचालन निर्धारित मापदंडो पर किया जा रहा है। शिक्षिकाओं को असुविधा होने पर प्राचार्य से संपर्क करने की आवश्यकता थी। बाहर रखे जाने का मामला पूर्णतः निराधार और बेबुनियाद है।

# अस्पताल में प्रसुता की डिलीवरी होने के बाद महिला के ससुर और भाई के बीच हुआ मारपीट

## अस्पताल परिसर में दोनो पक्षों के बीच चला ईट, महिला की मां हुई घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] मंगलवार को अस्पताल परिसर रणक्षेत्र में तब्दील हो गया जिसके बाद अस्पताल कर्मी मौके पर पहुंचकर झगड़ा कर रहे लोगों को किसी तरह शांत करवाया। दरअसल अस्पताल में प्रसुता की डिलवरी होने के बाद महिला के ससुर और उसके भाई के बीच अस्पताल परिसर में खुशहाली के तौर पर रूपए देने की बात पर विवाद हो गया और विवाद धीरे धीरे मारपीट में तब्दील हो गया जिसके बाद दोनो पक्षों की ओर से ईट चलना शुरू हो गया जिसमें महिला की मां घायल हो गई। जिसका इलाज अस्पताल में किया गया। घायल महिला की पहचान पैरगाहा की रहने वाली सरीता देवी के रूप में हुई है। इधर अस्पताल में दोनो पक्षों के बीच मारपीट होते देखकर अस्पताल के कर्मियों ने तुरंत घटना की जानकारी पुलिस को दिया जिसके बाद अस्पताल में पुलिस पहुंचकर मारपीट कर रहे महिला के ससुर और उसके भाई को पकड़कर थाना ले गया। महिला के ससुर तारखंजरी गांव के रहने वाले गोविंद यादव ने बताया कि मेरी बहु का अस्पताल में डिलीवरी हुआ जिसके बाद मै लोगों के बीच खुशहाली के तौर पर कुछ महिलाओं को एक एक सौ रूपए दे रहा था।

इसी बीच मेरी बहु मुझसें रूपए न लेकर अपने पिता से रूपए मांगकर लोगों के बीच बांटने की बात किया जिसको लेकर विरोध किया तो समधी के लड़का ने विवाद करते हुए मेरे साथ मारपीट करते हुए ईट चलाने लगा। लड़की के भाई ने बताया कि मेरी बहन के ससुर हमेशा अपनी मनमानी करते रहता है और मेरे घर पर आकर गाली गलौज करते हुए तरह तरह की बात करता है। जब मेरी बहन का डिलीवरी हुआ तो बहन का ससुर गाली गलौज करने लगा और उसको शांत करने की कोशिश तो उसने मेरे साथ मारपीट करने लगा और ईट चलाने लगा जिसमें बीच बचाव करने आई मेरी मां घायल हो गई।

# नेपाल में गोल्ड मेडल जीतने पर राज्यपाल ने कराटे खिलाड़ी जाबिर से मिलकर दि शुभकामनाएं



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [झाझा] प्रखंड क्षेत्र के तुंबापहाड़ के रहने वाले कराटे खिलाड़ी मो. जाबिर की मुलाकात बिहार के राज्यपाल राजेद्र अरलेकर से हुआ है।

जहां राज्यपाल ने बीते माह नेपाल में हुए अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भारत की तरफ से खेलते हुए गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दिया। जानकारी देते हुए कराटे खिलाड़ी मो. जाबिर ने बताया कि राज्यपाल की ओर से मुलाकात के लिए आमत्रंण मिला था जिसके बाद राज्यपाल से मुलाकात किया जिसपर उन्होनें उज्जवल भविष्य की कामना किया। वही कुछ समय पूर्व राज्य सभा सांसद मौलाना गुलाम रसूल बलियावी ने मेडल लाओ नौकरी पाओं के तहत सरकारी नौकरी देने की बात रखी थी जो मामला तूल भी पकड़ा था। इस विषय पर राज्यपाल ने आश्वासन देते हुए कहा कि नौकरी के लिए 2023 में बिहार सरकार को पत्र लिखा था परंतु उसका जबाब नही मिला। इसलिए दुबारा बिहार खेल सचिव से संपर्क किया जाएगा। कराटे खिलाड़ी मो. जाबिर ने बताया कि राज्यपाल के द्वारा शुभकामनाएं देते हुए आगे भी देश और बिहार का नाम रौशन करने की बात की।

# एएनएम को टीकाकरण कार्य के लिए गाभी एप्प के बारे में प्रशिक्षण में दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] स्वास्थ्य विभाग की ओर से क्षेत्र में कार्य करने वाली एएनएम के लिए आए नया साफ्टफेयर गाभी एप्प को लेकर मंगलवार को रेफरल अस्पताल के सभागार में डब्ल्यूएचओ और यूनिसेफ की ओर से एएनएम को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें डब्ल्यूएचओ से गोविंद कुमार, यूनिसेफ से अभिमन्यु कुमार, अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक सुभाषचंद्र, अस्पताल प्रबंधक नवनीत कुमार, बीसीएम पंकज कुमार उपस्थित रहे। स्वास्थ्य प्रबंधक ने बताया कि प्रशिक्षण में एएनएम को क्षेत्र में टीकाकरण कार्य करने के दौरान क्या क्या परेशानी आ रही है उस परेशानी को कैसे दूर किया जा सकता है इसके बारे में जानकारी दिया ।साथ गाभी एप्प पर टीकाकरण का किया गया कार्य का लिस्ट कैसे एप्प पर भरा जाएगा इसके बारे में जानकारी दी गई।

# एसएसबी ने पंचभूर जंगल में चलाया स्वच्छता अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः एसएसबी 16वीं वाहिनी की ओर खैरा प्रखंड क्षेत्र के हरनी पंचायत के पंचभूर जंगल में कमांडेंट मनीष कुमार के निदेर्शानुसार डिप्टी कमांडेंट विनोद दास के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। डिप्टी कमांडेंट विनोद दास ने कहा कि पूर्व में यह क्षेत्र नक्सलियों के आतंक के कारण सामान्य लोगों की पहुंच से दूर था। लेकिन पुलिस बल और अर्धसैनिक बलों के संयुक्त प्रयास से यहां शांति कायम हुई है। अब आसपास तथा दूर दराज के लोग निर्भीक होकर इस झरना के समीप आनंद लेने, स्नान करने और और सुकून का क्षण बिताने के लिए आते हैं। यहां आने वाले लोगों द्वारा झरना और आसपास के क्षेत्र में भोजन अथवा नाश्ता करने के बाद सभी कूड़ा कचरा इधर-उधर फेंक दिया जाता है। जिससे पानी के साथ-साथ जंगल भी प्रदूषित हो रहा है। हमलोगों द्वारा स्थानीय बच्चों और ग्रामीणों के साथ मिलकर पूरे वन क्षेत्र में साफ सफाई किया गया है। इसके अलावा कई जगहों पर कूड़ादान लगाया गया है। साथ ही बैनर और पोस्टर भी लगाया गया है। सभी लोग जंगल को साफ सुथरा रखें, इस दूषित ना करें। यह जंगल और पेड़ पौधे हमारी धरोहर है। इसकी रक्षा करना समस्त मानव जाति का कर्तव्य है। इस मौके पर सहायक कमांडेंट कैप्टन सालुके, नीरज कुमार, निरीक्षक रमेश कुमार गुर्जर समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

सम्पादकीय

## ओम कहूं मैं अनुभव अपना

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पहले भाषण में परिपक्वता थी या बचपना ये तय करने के लिए आप। स्वतंत्र हैं। लेकिन मुझे लगता है कि पिछले दस साल में पहली बार सत्तारूढ़ दल को असुविधा का सामना करना पड़ा है। राहुल ने हिंदुत्व की तलवार से ही हिंदू सम्राट और उनकी पलटन को छकाया है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी कल तक भारतीय जनता पार्टी के लिए पप्पू और मोशा की जोड़ी के लिए कांग्रेस के शाहजादा भर थे किन्तु अब वे विपक्ष के नेता भी हैं। राहुल को नयी भूमिका में स्वीकार करना मोशा की मजबूरी है,वो भी संवैधानिक मजबूरी।अब सरकार राहुल गांधी को पप्पू नहीं कह सकती। लोकसभा अध्यक्ष माननीय ओम बिरला राहुल का माइक बंद करने का दुस्साहस नहीं कर सकते। लोकसभा स्थगित करने से पहले भी उन्हें सत्तारूढ़ दल की ओर सौ बार देखना पड़ेगा।

हिंदू धर्म ग्रंथ रामचरित मानस में जैसे गोस्वामी तुलसीदास ने। पूरी कथा शिव -पार्वती संवाद के रूप में कहीं ठीक वैसे ही राहुल गांधी ने देश की व्यथा -शिव जी कहते हैं के जरिए बखान की। और पूरे सदन ने उन्हें सुना। सोमवार को हंगामा विपक्ष की ओर से नहीं बल्कि सत्तापक्ष की ओर से हुआ। कभी कभी लगा कि जैसे राहुल लोकसभा अध्यक्ष को इंगित कर कह रहे हैं कि - ओम कहूं मैं अनुभव अपना,सत हरि भगति,जगत है सपना ।

राहुल के भाषण पर माननीय बैशाखा प्रधानमंत्री जी ही नहीं बल्कि उनके तमाम खासमखास सिपाहसलार खिसियाए,भन्नाए,बमके किंतु राहुल की बोलती बंद नहीं कर सके । राहुल गांधी के भाषण के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षामंत्री, संसदीय कार्य मंत्री और कृषि मंत्री तक को खड़े होकर राहुल के वारों से सदन के नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को बचाना पड़ा।

सदन में वर्षा बाद मानसून का असर दिखाई दिया। सत्ताधारी दल को पल-पल पर छाते लगाना पड़ा लेकिन बच कोई नहीं सका। सबसे बुरी और दयनीय दशा थी लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी की।वे कसमसा रहे थे, तिलमिला रहे थे, लेकिन विपक्षी नेता पर हावी नहीं हो पा रहे थे।उनकी हैडमास्टरी काम नहीं आ रही थी। आखिर राहुल लोकसभा अध्यक्ष से प्रधानमंत्री से भी वरिष्ठ सांसद जो थे।

सत्तारूढ़ दल के नेता राहुल के हर आरोप को भ्रामक बता रहे थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष राहुल की एक भी बात को विलोपित करने की हिम्मत नहीं कर पाए। मामला हिंदुत्व का उठा, नफरत का उठा। हिंदू मुसलमान का उठा , नीट पेपर लीक का उठा। किसान का उठा। मणिपुर का उठा।अग्निवीर का उठा।सबसे ऊपर था देश को भयभीत करने का मुद्दा। राहुल गांधी ने कहा कि माननीय ने देश के हर वर्ग को भयभीत करने की कोशिश की। यहां तक कि अपनी पार्टी के नेताओं तक को भयभीत कर रखा है। और हर मुद्दे पर सरकार या तो बौखलाई या फिर उसे बगलें झांकने पर मजबूर होना पड़ा। कुल मिलाकर सरकार की दशा दयनीय थी।

राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सरकार पर बरस रहे थे। वहां भी पीठाधीश्वर को बचाव की मुद्रा में पूरा देश देख रहा था।सदन में पहले जयश्री राम का नाम गूंजता था लेकिन सोमवार को बम बम भोले की गूंज थी। कोई रामभक्त आखिर शिवद्रोही कैसे बनता? क्योंकि रामजी पहले ही चेतावनी दे चुके हैं कि - शिवद्रोही मम दास कहावा,सो नर मोहे सपनेहु नहिं भावा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जब जबाब देने की बारी आएगी तब तय है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भी विपक्ष के नेता की जमकर धुनाई और छिलाई करेंगे। उन्हें सुनने में भी उतना ही मजा आने वाला है जितना कि राहुल गांधी को सुनने में आया है। इसलिए भाइयों और बहनों अपने अपने मोबाइल की बैटरी, टीवी को रीचार्ज करा लीजिए। क्योंकि सबसे मनोरंजक शो आपके सामने आने वाला है। क्रिकेट के टी -20 से भी ज्यादा रोचक, रोमांचक,उत्तेजक।

दस साल में पहली बार संसद में गंज,अनुगूंज सुनाई दे रही है। संसद प्राणवान लग रही है। गुनगुनी लग रही है। कल तक ध्वनि मत से चलने वाली संसद में तर्क - वितर्क हो रहे हैं।संसद उत्तरदाई नजर आ रही है। हमनें ऐसी तमाम संसदें देखी है। लेकिन ये पहली संसद है जिसमें संविधान भी है,शिव भी है और अविनाशी नेता भी। श्रीमती इंदिरा गांधी के युग में भी ऐसी संसद नहीं थी।

आज की संसद में एक ओर मोशा की जोड़ी है तो दूसरी ओर राहुल -अखिलेश की जोड़ी है। एक तरफ रथी है तो दूसरी ओर विरथी। पूरी संसद अधीर है। देश अधीर है। मै भी अधीर हूं। शायद आप भी अधीर हों। अधीरता में ही आध्यात्म है।

### गलवान के चार साल और चीन की अमानवीयता

डा. अमरीक सिंह ठाकुर

गलवान घाटी संघर्ष की चौथी वर्षगांठ हाल में मनाई गई। यह घटना चीन के साथ भारत के संबंधों में 45 साल के अध्याय के अंत का प्रतीक है, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जीवन के नुकसान से कोई सशस्त्र टकराव नहीं देखा गया था। हिंसक झड़प तब हुई जब चीनी पक्ष एलएसी का सम्मान करने के लिए आम सहमति से हट गया और एकतरफा रूप से यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया। यह सैन्य शक्ति के साथ एक राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने का चीनी पक्ष का तरीका है। गलवान घाटी संघर्ष एक महत्वपूर्ण क्षण जो भारतीय सेना की व्यावसायिकता और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के अमानवीय शासन के बीच स्पष्ट विरोधाभासों का प्रतीक बन गया है। डोकलाम गतिरोध और गलवान घाटी संघर्ष के दौरान भारतीय सेना का आचरण राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए उसके अनुशासन, व्यावसायिकता और समर्पण का एक प्रतीक बन गया है। दुनिया ने भारतीय सैनिकों की वीरता और रणनीतिक क्षमता देखी, जो उकसावे के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे और भारत की क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है। गलवान और डोकलाम की घटनाओं ने न केवल भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और अनुशासन को उजागर किया है, बल्कि सीसीपी की दमनकारी और विस्तारवादी प्रवृत्तियों को भी उजागर किया है। गलवान संघर्ष के साथ-साथ पहले के डोकलाम गतिरोध ने भारतीय सेना की अत्यधिक व्यावसायिकता को उजागर किया है।

हमारे सैनिकों ने अकारण आक्रमण के खिलाफ राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा करने में अटूट साहस और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। दुनिया ने देखा कि भारत मजबूती से खड़ा है, सम्मान और कत्र्तव्य में निहित सैन्य लोकाचार का प्रदर्शन कर रहा है। इसके विपरीत गलवान के बाद, दुनिया ने चीनी रंगरूटों के दुःखद वीडियो भी देखे, जिनमें से कई को सीसीपी के दमनकारी शासन के तहत जबरन भर्ती किया गया है। ये युवक अक्सर आंसू बहाते और अनिच्छुक भर्ती किए होते हैं। चीनी नागरिकों की दुर्दशा को अपनी सरकार की सत्तावादी सनक के अधीन करते हैं। भारतीय सैनिकों की स्वैच्छिक वीरता और चीनी रंगरूटों की जबरन सेवा के बीच यह अंतर दोनों देशों के बीच शासन और मानवाधिकारों में मूलभूत अंतर के बारे में बताता है। गलवान संघर्ष के जवाब में, भारत ने अपनी रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। सभी मौसम की सडकों, उन्नत रसद सुविधाओं के विकास और दौलत बेग ओल्डी हवाई पट्टी जैसी रणनीतिक संपत्तियों की वसूली ने हमारी रक्षा मुद्रा को मजबूत किया है। ये पहलें हमारे सशस्त्र बलों के लिए तेजी से समर्थन सुनिश्चित करती हैं, जिससे भविष्य के किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए हमारी तत्परता को मजबूती मिलती है। सीसीपी की अमानवीय प्रथाएं उसकी सैन्य नीतियों से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। दुनिया ने शिनजियांग में उइगर मुस्लिम आबादी के व्यवस्थित उत्पीड को बढ़ते आतंक के साथ देखा है। सामूहिक हिरासत, जबरन श्रम और गंभीर मानवाधिकारों के हनन की रिपोर्ट एक तत्काल अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया की मांग करती है।

ये कार्रवाइयां मानवता और न्याय के सिद्धांतों के विपरीत हैं। अपनी सीमाओं के भीतर असंतोष के दमन और वियतनाम, फिलीपींस, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और मंगोलिया जैसे पड़ोसी देशों के साथ कुख्यात रणनीति देखी है। चीन की कुख्यात रणनीति इसकी सीमाओं से परे फैली हुई है, जो पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों को प्रभावित करती है। वियतनाम, फिलीपींस, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान, ये राष्ट्र लगातार चीन के आक्रामक क्षेत्रीय दावों और सैन्य रुख का सामना करते हैं। दक्षिण चीन सागर विवाद अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के लिए चीन की अवहेलना का उदाहरण है। मंगोलिया पर चीन की सीसीपी द्वारा अपने पड़ोसियों पर हावी होने के लिए नियोजित आर्थिक जबरदस्ती की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। वुहान वायरोलॉजी लैब के विवादास्पद संचालन से लेकर अपने ही नागरिकों पर चल रही क्रूरता और दमन शामिल है। यह वर्षगांठ चीन की आंतरिक और बाहरी आक्रामकता पर व्यापक प्रवचन का आह्वान करती है।

# क्या नालंदा महाविहार को बख्तियार खिलजी ने नष्ट किया था?

**नालंदा को पुनर्जीवित कर उसे एक वैश्विक विश्वविद्यालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव सबसे पहले 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति ए।पी।जे। अब्दुल कलाम ने किया था। बाद में बिहार विधानसभा और यूपीए सरकार ने इसका अनुमोदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण देते हुए, मोदी ने कहा कि बारहवीं सदी में विदेशी हमलावरों ने इस विश्वविद्यालय को जला कर राख कर दिया था। वे इसी आम धारणा को दुहरा रहे थे कि महमूद गौरी के सिपहसालार बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट किया था। यह धारणा उसी सामाजिक सोच का हिस्सा है जो मानती है कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया और तलवार की नोंक पर लोगों को इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया। इस सोच की नींव ब्रिटिश काल में पड़ी थी जब अंग्रेजों ने देश के इतिहास का साम्प्रदायिक नजरिए से लेखन किया। अंग्रेजों के बाद उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने का काम हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतों ने किया। मुस्लिम लीग द्वारा हिन्दुओं के बारे में फैलाए गए मिथकों के कारण पाकिस्तान में हिन्दुओं का जीना मुहाल हो गया वहीं आरएसएस ने भारत में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम बखूबी अंजाम दिया। यहां तक कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को आरएसएस के बारे में यह लिखना पड़ा कि उनके सभी भाषण साम्प्रदायिकता से भरे हुए थे। हिन्दुओं को उत्साहित करने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें लामबंद करने के लिए यह जहर फैलाना जरूरी नहीं था। इस जहर का अंतिम नतीजा यह हुआ कि देश को गांधीजी के अनमोल जीवन की बलि भोगनी पड़ी। मोदी का यह कहना कि नालंदा को विदेशी हमलावरों ने जलाकर नष्ट किया था झूठी बातों की उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए बरसों से इस्तेमाल की जा रही हैं।**





**राम पुनियानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

नालंदा विश्वविद्यालय के नए कैंपस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 जून (2024) को किया। इस मौके पर म्यांमार, श्रीलंका, वियतनाम, जापान और कोरिया के राजदूतों सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इन देशों में से अधिकांश में बौद्ध धर्म सम्राट अशोक द्वारा भेजे गए प्रचारकों के जरिये फैला था। नालंदा को पुनर्जीवित कर उसे एक वैश्विक विश्वविद्यालय का स्वरुप देने का प्रस्ताव सबसे पहले 2006 में तत्कालीन राष्ट्रपति ए।पी।जे। अब्दुल कलाम ने किया था। बाद में बिहार विधानसभा और यूपीए सरकार ने इसका अनुमोदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाषण देते हुए, मोदी ने कहा कि बारहवीं सदी में विदेशी हमलावरों ने इस विश्वविद्यालय को जला कर राख कर दिया था। वे इसी आम धारणा को दुहरा रहे थे कि महमूद गौरी के सिपहसालार बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय को नष्ट किया था। यह धारणा उसी सामाजिक सोच का हिस्सा है जो मानती है कि मुस्लिम आक्रांताओं ने हिन्दू मंदिरों को नष्ट किया और तलवार की नोंक पर लोगों को इस्लाम अपनाने पर मजबूर किया। इस सोच की नींव ब्रिटिश काल में पड़ी थी जब अंग्रेजों ने देश के इतिहास का साम्प्रदायिक नजरिए से लेखन किया। अंग्रेजों के बाद उनकी इस विरासत को आगे बढ़ाने का काम हिन्दू और मुस्लिम साम्प्रदायिक ताकतों ने किया। मुस्लिम लीग द्वारा हिन्दुओं के बारे में फैलाए गए मिथकों के कारण पाकिस्तान में हिन्दुओं का जीना मुहाल हो गया वहीं आरएसएस ने भारत में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने का काम बखूबी अंजाम दिया। यहां तक कि सरदार वल्लभ भाई पटेल को आरएसएस के बारे में यह लिखना पड़ा कि उनके सभी भाषण साम्प्रदायिकता से भरे हुए थे। हिन्दुओं को उत्साहित करने और उनकी सुरक्षा के लिए उन्हें लामबंद करने के लिए यह जहर फैलाना जरूरी नहीं था। इस जहर का अंतिम नतीजा यह हुआ कि देश को गांधीजी के अनमोल जीवन की बलि भोगनी पड़ी।

मोदी का यह कहना कि नालंदा को विदेशी हमलावरों ने जलाकर नष्ट किया था झूठी बातों की उसी श्रृंखला का हिस्सा है जो मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के लिए बरसों से इस्तेमाल की जा रही हैं। नालंदा विश्वविद्यालय एक अद्भुत शिक्षण संस्थान था। बिहार के राजगीर में एक बड़े क्षेत्र में फैले इस विश्वविद्यालय का निर्माण गुप्त वंश के सम्राटों ने छठवीं सदी में किया था। इस बौद्ध शैक्षणिक संस्थान में, जहां सभी विद्यार्थी वहीं रहकर अध्ययन करते थे, मुख्यतः बौद्ध दर्शन पढ़ाया जाता था। इसके अतिरिक्त वहां गणित, तर्कशास्त्र, ब्राह्मणवादी हिन्दू धर्म के ग्रंथ एवं स्वास्थ्य विज्ञान भी पढ़ाए जाते थे। यह विश्वविद्यालय अपने खुलेपन, बेलाग संवादों और तार्किकता को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता था। इसमें पढ़ने के लिए दूर-दूर से विद्यार्थी आया करते थे। इस विश्वविद्यालय का खर्च मौर्य वंश के राजाओं के खजाने से मिलने वाले धन से चलता था। बाद में पाल और सेन राजवंशों का शासन आने के बाद इस विश्वविद्यालय को मिलने वाली मदद कम हो गई और इसकी जगह अन्य विश्वविद्यालयों जैसे ओदंतपुरी और विक्रमशिला को राजकीय सहायता मिलने लगी। यहीं से नालंदा का पतन शुरू हुआ।

नालंदा विश्वविद्यालय का पुस्तकालय, जिसमें दसियों लाख किताबें, पांडुलिपियां और अन्य दुर्लभ वस्तुएं थीं, को आखिर किसने आग लगाई थी? इसका दोष खिलजी पर मढ़ा जाता रहा है, विशेषकर ब्रिटिश राज के बाद से। मगर ऐसा एक भी तत्कालीन स्त्रोत नहीं है, जो इसके लिए खिलजी को जिम्मेदार ठहराता हो। खिलजी का मुख्य और एकमात्र लक्ष्य था लूटपाट। अयोध्या से बंगाल जाते हुए उसने किला-ए-बिहार पर यह सोचकर हमला किया कि उसमें दौलत छिपी होगी। रास्ते में उसने लूटमार की और लोगों को मारा। नालंदा उसके रास्ते में नहीं था, बल्कि जिस रास्ते से वह गुजरा, नालंदा उससे काफी दूर था। और वैसे भी उसके पास किसी विश्वविद्यालय पर हमला करने का कोई कारण नहीं था। उस समय के किसी स्त्रोत में यह नहीं कहा गया है कि खिलजी नालंदा आया था। मिनहाज-ए-सिराज द्वारा लिखी गई पुस्तक ह्यतबकात-ए-नासिरी में इस तरह की कोई बात नहीं कही गई है। उस समय दो तिब्बती अध्येता धर्मस्वामिन और सुंपा नालंदा में भारत और विशेषकर यहां बौद्ध धर्म के इतिहास का अध्ययन कर रहे थे। मगर उन्होंने भी अपनी किताबों में यह नहीं लिखा है कि खिलजी नालंदा आया या उसने नालंदा को आग के हवाले किया। एक अन्य बौद्ध अध्येता तारानाथ, जो तिब्बत से था, भी अपनी पुस्तक में इस तरह की चर्चा नहीं करता।

यह दिलचस्प है कि आक्रांताओं ने अजंता, एलोरा और सांची स्तूप सहित किसी महत्वपूर्ण बौद्ध ढ़ांचे या संस्थान को नुकसान नहीं पहुंचाया। इतिहासविद् यदुनाथ सरकार और आर। सी। मजूमदार भी इससे सहमत नहीं हैं कि नालंदा को खिलजी ने नष्ट किया था। तो फिर यह विश्वविद्यालय किस तरह नष्ट हुआ और क्यों और कैसे अपना महत्व खो बैठा? इस बारे में कई कहानियां प्रचलित हैं जिनमें से एक यह है कि उसे खिलजी ने नष्ट किया था।

प्राचीन भारतीय इतिहास के अप्रतिम अध्येता प्रोफेसर डी। एन। झा अपने लेखों के संकलन (अगेंस्ट द ग्रेन, मनोहर, 2020) में प्रकाशित एक लेख ह्यरेसपांडिग टू ए कम्युनलिस्ट में तिब्बती भिक्षु तारानाथ की भारत में बौद्ध धर्म के इतिहास पर लिखी पुस्तक के प्रासंगिक हिस्सों को उद्धत करते हुए लिखते हैः नालेन्द्र (नालंदा) में काकुटसिद्ध द्वारा बनाए गए मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान शैतान शमनों ने तीर्थिका भिक्षुकों (ब्राम्हणों) पर गंदगी फैंकी। इससे नाराज होकर उनमें से एक आजीविका का इंतजाम करने चला गया और दूसरे ने एक गहरे गड्ढे में बैठकर सूर्य साधना शुरू कर दी।।उसने एक यज्ञ किया और पवित्र राख चारों ओर फैला दी जिससे अचानक आग लग गई।

डी। आर। पाटिल अपनी पुस्तक ह्यद एंटीक्वेरियन रेमनेंट्स इन बिहार में हिस्ट्री ऑफ इंडियन लाजिक को उद्धत करते हुए लिखते हैं कि यह घटना ब्राम्हण और बौद्ध भिक्षुकों के बीच हुए विवाद और संघर्ष की ओर इंगित करती है। ब्राम्हण भिक्षुकों ने सूर्यदेव की उपासना के लिए एक यज्ञ किया और उसके बाद यज्ञ वेदी में से निकालकर जलते हुए अंगारे और गर्म राख बौद्ध मंदिरों में फेंक दी जिसके कारण किताबों के विशाल संग्रह ने आग पकड़ ली।

हमें यह ध्यान में रखना होगा कि भारत में उस समय ब्राम्हणवाद का पुनरूथान हो रहा था और बौद्ध धर्म पर हमले किए जा रहे थे। सम्राट अशोक के शासनकाल में भारत करीब-करीब बौद्ध देश बन गया था। बौद्ध धर्म समानता में आस्था रखता था जिसके कारण आम लोगों में ब्राम्हणवादी कर्मकांडों में रूचि कम हो गई थी। इससे ब्राम्हण बहुत दुःखी और नाराज थे। अशोक के पौत्र और अंतिम मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या उसके सेनापति पुष्यमित्र शुंग ने कर दी और उसके बाद उसने बौद्धों का कत्लेआम करवाया।

सभी विश्वसनीय स्त्रोतों से हमें यही पता चलता है कि ब्राम्हणों ने बदला लेने के इरादे से नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में आग लगाई थी। इसके लिए बख्तियार खिलजी को दोषी ठहराने के पीछे दो उद्देश्य हैं - पहला, मुसलमानों से नफरत करने के कारणों की सूची में एक और कारण जोड़ना और दूसरा, इतिहास के उस दौर में ब्राम्हणों और बौद्धों के बीच संघर्ष और बौद्धों की प्रताड़ना को छिपाना।

केवल बौद्ध काल के विश्वविद्यालय के प्रांगण में कार्यक्रम आयोजित करने से कुछ होने वाला नहीं है। बौद्ध शैक्षणिक संस्थाओं से हम जो सीख सकते हैं वह है अकादमिक स्वतंत्रता और खुलापन।

# अपने यूपी ने ही बैसाखियाँ थामने को मजबूर किया..... !

**मोदी ने पूरी उम्मीद के साथ उत्तरप्रदेश को अपना राजनीतिक संरक्षक स्वीकार किया और वहीं के होकर रह जाने का संकल्प भी लिया, किंतु पिछले पचहत्तर साल से देश का राजनीतिक राज्य का दर्जा प्राप्त उत्तरप्रदेश ने एक दशक में ही मोदी को सबक सिखा दिया, लोकसभा की सर्वाधिक सीटों वाला यह राज्य देश की राजनीति में अब तक सिरमौर इसीलिए बना रहा क्योंकि यह राज्य देश की सत्ता का मुख्य केन्द्र रहा और नेहरू से मोदी तक के प्रधानमंत्री इसी राज्य ने देश को हासिल कराये। किंतु अब 2024 में इस राज्य ने देश की राजनीति को यह सबक भी सिखा दिया कि यह प्रदेश कुर्सी देता है तो फिर उसे छीनने या उसे हिलाने का भी माद्दा रखता है। इसका उदाहरण पिछले तीन लोकसभा चुनाव है, 2014 में यदि इस प्रदेश ने गुजरात से आयातीत राजनेता को चुनाव जिताकर उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंप दी और उन्हें प्रदेश की 80 में से 71 सीटें कुर्सी के दहेज में दे दी, वही पांच साल बाद 2019 में थोड़ी चेतावनीपूर्ण नाराजी व्यक्त कर सीटों की संख्या भी घटाकर 62 कर दी और जब मोदी जी ने इस चेतावनीपूर्ण शिक्षा पर ध्यान नही दिया तो इस बार 2024 में अपने प्रदेश की कुल सीटों में से आधी भी भाजपा को नही दी और साथ ही समाजवादी पार्टी को गले लगा कर यह चेतावनी भी दे दी कि अब भी नही संभले तो 2029 में समाजवादी पार्टी ही सिरमौर होगी, आज इसी का नतीजा है**





**ओमप्रकाश मेहता**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

आज से एक दशक पहले गुजरात के वरिष्ठत्तम नेता कितनी गहरी पीड़ा और राजनीतिक उम्मीदों के साथ अपना प्रदेश छोड़कर उत्तर प्रदेश गए थे और बाबा विश्वनाथ की नगरी को नमन कर देश के सर्वोच्च राजनीतिक पद पर आसीन हुए थे, पिछले एक दशक में मोदी ने उत्तरप्रदेश को वह सब दिया, जो अब तक गुजरात भी हासिल नही कर पाया, मोदी ने पूरी उम्मीद के साथ उत्तरप्रदेश को अपना राजनीतिक संरक्षक स्वीकार किया और वहीं के होकर रह जाने का संकल्प भी लिया, किंतु पिछले पचहत्तर साल से देश का राजनीतिक राज्य का दर्जा प्राप्त उत्तरप्रदेश ने एक दशक में ही मोदी को सबक सिखा दिया, लोकसभा की सर्वाधिक सीटों वाला यह राज्य देश की राजनीति में अब तक सिरमौर इसीलिए बना रहा क्योंकि यह राज्य देश की सत्ता का मुख्य केन्द्र रहा और नेहरू से मोदी तक के प्रधानमंत्री इसी राज्य ने देश को हासिल कराये। किंतु अब 2024 में इस राज्य ने देश की राजनीति को यह सबक भी सिखा दिया कि यह प्रदेश कुर्सी देता है तो फिर उसे छीनने या उसे हिलाने का भी माद्दा रखता है। इसका उदाहरण पिछले तीन लोकसभा चुनाव है, 2014 में यदि इस प्रदेश ने गुजरात से आयातीत राजनेता को चुनाव जिताकर उन्हें प्रधानमंत्री की कुर्सी सौंप दी और उन्हें प्रदेश की 80 में से 71 सीटें कुर्सी के दहेज में दे दी, वही पांच साल बाद 2019 में थोड़ी चेतावनीपूर्ण नाराजी व्यक्त कर सीटों की संख्या भी घटाकर 62 कर दी और जब मोदी जी ने इस चेतावनीपूर्ण शिक्षा पर ध्यान नही दिया तो इस बार 2024 में अपने प्रदेश की कुल सीटों में से आधी भी भाजपा को नही दी और साथ ही समाजवादी पार्टी को गले लगा कर यह चेतावनी भी दे दी कि अब भी नही संभले तो 2029 में समाजवादी पार्टी ही सिरमौर होगी, आज इसी का नतीजा है कि मोदी जी को तीसरी बार अपनी सत्ता कायम रखने के लिए बैसाखियों का सहारा लेना पड़ रहा है।

वैसे यदि हम धार्मिक दृष्टिकोण को सामने रखकर भी गंभीर चिंतन करें तो भगवान राम-कृष्ण जैसे अवतारों ने भी अवतरण के लिए उत्तरप्रदेश का ही चयन किया, अर्थात अतीत में आध्यात्म भूमि रही उत्तरप्रदेश की धरती आज देश की राजनीतिक पुण्य धरती बनी हुई है और इसीलिए राम-कृष्ण की लीलाओं वाली यह धरती आज राजनीतिक लीलाओं का केन्द्र बनी हुई है। ....और इसीलिए धार्मिकता इस धरती से रूठने लगी है, जिसका आजा उदाहरण अयोध्या से भाजपा की पराजय है, यदि अब भी राजनेताओं ने इस बारे में संज्ञान नही लिया तो इस धरती के धार्मिक अवतरणों का श्राप राजनीति की नैय्या को सरयू व गंगा जैसी पवित्र नदियों में डुबो देगा।

....अब यदि यह कहा जाए या पूछा जाए कि मोदी जी को अपनी तीसरी सीढ़ी पर बैसाखियों का सहारा क्यों लेना पड़ रहा है? तो इसका एकमात्र उत्तर हमारे धार्मिक अवतरणों का श्राप है, जहां भगवान राम को अयोध्या का अधिपति बनाकर उन्हें भुला दिया गया, यही स्थिति द्वारका-मथुरा-वृन्दावन की है।

खैर.... यह तो आध्यात्मिक चिंतन हो गया, अब यदि राजनीतिक चिंतन किया जाए तो देश को सत्ता सौंपने वाले उत्तरप्रदेश में भाजपा की हार और समाजवादी पार्टी को ह्यनवजीवनह्न प्रदान करने के अनेक कारण है, जिनमें पिछले एक दशक में उत्तरप्रदेश की हर तरीके से उपेक्षा भी है। वहां के मोदी सहित शीर्ष राजनेताओं में ह्यगरूरह्न का आधिवय पार्टी के राजनीतिक भविष्य को गहरी अंधेरी खाई में ले जा रहा है और इसी कारण वहां भाजपा के विकल्प को विशेष महत्व दिया जाने लगा है, पर.... दुःख अभी भी हर किसी को इस बात का अवश्य है कि अपने जन्मस्थान से ही कांग्रेस अपनी जड़े छोड़ती जा रही है।

# गलवान के चार साल और चीन की अमानवीयता

डा. अमरीक सिंह ठाकुर

गलवान घाटी संघर्ष की चौथी वर्षगांठ हाल में मनाई गई। यह घटना चीन के साथ भारत के संबंधों में 45 साल के अध्याय के अंत का प्रतीक है, जिसमें वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जीवन के नुकसान से कोई सशस्त्र टकराव नहीं देखा गया था। हिंसक झड़प तब हुई जब चीनी पक्ष एलएसी का सम्मान करने के लिए आम सहमति से हट गया और एकतरफा रूप से यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया। यह सैन्य शक्ति के साथ एक राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने का चीनी पक्ष का तरीका है। गलवान घाटी संघर्ष एक महत्वपूर्ण क्षण जो भारतीय सेना की व्यावसायिकता और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) के अमानवीय शासन के बीच स्पष्ट विरोधाभासों का प्रतीक बन गया है। डोकलाम गतिरोध और गलवान घाटी संघर्ष के दौरान भारतीय सेना का आचरण राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा के लिए उसके अनुशासन, व्यावसायिकता और समर्पण का एक प्रतीक बन गया है। दुनिया ने भारतीय सैनिकों की वीरता और रणनीतिक क्षमता देखी, जो उकसावे के खिलाफ मजबूती से खड़े रहे और भारत की क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में उभरा है। गलवान और डोकलाम की घटनाओं ने न केवल भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और अनुशासन को उजागर किया है, बल्कि सीसीपी की दमनकारी और विस्तारवादी प्रवृत्तियों को भी उजागर किया है। गलवान संघर्ष के साथ-साथ पहले के डोकलाम गतिरोध ने भारतीय सेना की अत्यधिक व्यावसायिकता को उजागर किया है।

हमारे सैनिकों ने अकारण आक्रमण के खिलाफ राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा करने में अटूट साहस और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया। दुनिया ने देखा कि भारत मजबूती से खड़ा है, सम्मान और कत्र्तव्य में निहित सैन्य लोकाचार का प्रदर्शन कर रहा है। इसके विपरीत गलवान के बाद, दुनिया ने चीनी रंगरूटों के दुःखद वीडियो भी देखे, जिनमें से कई को सीसीपी के दमनकारी शासन के तहत जबरन भर्ती किया गया है। ये युवक अक्सर आंसू बहाते और अनिच्छुक भर्ती किए होते हैं। चीनी नागरिकों की दुर्दशा को अपनी सरकार की सत्तावादी सनक के अधीन करते हैं। भारतीय सैनिकों की स्वैच्छिक वीरता और चीनी रंगरूटों की जबरन सेवा के बीच यह अंतर दोनों देशों के बीच शासन और मानवाधिकारों में मूलभूत अंतर के बारे में बताता है। गलवान संघर्ष के जवाब में, भारत ने अपनी रणनीतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। सभी मौसम की सडकों, उन्नत रसद सुविधाओं के विकास और दौलत बेग ओल्डी हवाई पट्टी जैसी रणनीतिक संपत्तियों की वसूली ने हमारी रक्षा मुद्रा को मजबूत किया है। ये पहलें हमारे सशस्त्र बलों के लिए तेजी से समर्थन सुनिश्चित करती हैं, जिससे भविष्य के किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए हमारी तत्परता को मजबूती मिलती है। सीसीपी की अमानवीय प्रथाएं उसकी सैन्य नीतियों से कहीं आगे तक फैली हुई हैं। दुनिया ने शिनजियांग में उइगर मुस्लिम आबादी के व्यवस्थित उत्पीड को बढ़ते आतंक के साथ देखा है। सामूहिक हिरासत, जबरन श्रम और गंभीर मानवाधिकारों के हनन की रिपोर्ट एक तत्काल अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया की मांग करती है।

ये कार्रवाइयां मानवता और न्याय के सिद्धांतों के विपरीत हैं। अपनी सीमाओं के भीतर असंतोष के दमन और वियतनाम, फिलीपींस, जापान, दक्षिण कोरिया, ताइवान और मंगोलिया जैसे पड़ोसी देशों के साथ कुख्यात रणनीति देखी है। चीन की कुख्यात रणनीति इसकी सीमाओं से परे फैली हुई है, जो पड़ोसी देशों के साथ अपने संबंधों को प्रभावित करती है। वियतनाम, फिलीपींस, जापान, दक्षिण कोरिया और ताइवान, ये राष्ट्र लगातार चीन के आक्रामक क्षेत्रीय दावों और सैन्य रुख का सामना करते हैं। दक्षिण चीन सागर विवाद अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून के लिए चीन की अवहेलना का उदाहरण है। मंगोलिया पर चीन की सीसीपी द्वारा अपने पड़ोसियों पर हावी होने के लिए नियोजित आर्थिक जबरदस्ती की व्यापक रणनीति को रेखांकित करता है। वुहान वायरोलॉजी लैब के विवादास्पद संचालन से लेकर अपने ही नागरिकों पर चल रही क्रूरता और दमन शामिल है। यह वर्षगांठ चीन की आंतरिक और बाहरी आक्रामकता पर व्यापक प्रवचन का आह्वान करती है, जो इस तरह की प्रथाओं के खिलाफ वैश्विक एकजुटता की आवश्यकता को उजागर करती है। वुहान वायरोलॉजी लैब के आसपास की हालिया घटनाओं और पीएलए के शीर्ष स्तर के अधिकारियों, और बिजनेस टाइकून की आंतरिक क्रूरता से शासन की निरंकुश और दमनकारी प्रकृति को उजागर किया है। आंतरिक रूप से सत्ता पर सीसीपी की पकड़ असंतोष के दमन और राजनीतिक विरोधियों के उत्पीड के माध्यम से बनी हुई है। उच्च स्तरीय मंत्रियों, पीएलए के शीर्ष अधिकारियों और उद्योगपतियों को शासन को चुनौती देने के लिए गंभीर नतीजों का सामना करना पड़ता है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के बजाय भय और नियंत्रण में निहित शासन मॉडल को दर्शाता है। इधर भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में एक वैश्विक नेता के रूप में भारत का उदय विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

## संक्षिप्त खबरें

### फरार अभियुक्त के घर चिपकाया गया इश्तिहार

बेतिया ।लौरिया थाना कांड संख्या 200/2020एन डी पी एस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया न्यायालय द्वारा निर्गत इस्तिहार ।जानकारी मझौलिया थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा ने देते हुए बताया की थाना क्षेत्र के बैठनिया भानाचक पंचायत स्थित वार्ड नंबर 13 निवासी रामनाथ गिरी के पुत्र राजकुमार गिरी के घर पर कांड के अनुसंधानकर्ता स अ नि बीरबल यादव द्वारा इस्तिहार इश्तिहार चिपकाया गया है। उन्होंने बताया कि राजकुमार गिरी लौरिया थाना का फरारी अभियुक्त है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज है।

### कानून में संशोधन की दी जानकारी

जलालपुर स्थानीय थाना परिसर में थानाध्यक्ष राहुल कुमार के अध्यक्षता में कानून में हुए संशोधन की जानकारी आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई पहले के पुराने कानून में भारतीय दंड संहिता एवं भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता लगते थे उसी को बदलकर नया कानून भारतीय न्याय संहिता एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता ,भारतीय साक्ष्य अधिनियम लाया गया है थानाध्यक्ष ने बताया कि नए कानून लाने से लोगों को जल्द न्याय मिलेगा आज से इसी नए नियम के तहत कानून का पालन होगो मौके पर प्रखंड प्रमुख अखिलेश्वर पासवान, सरपंच संघ अध्यक्ष प्रभुनाथ सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष तारकेश्वर सिंह, मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष बिशुनी प्रसाद यादव ,मुखियाउत्तम बैठा ,धर्मेंद्र कुमार ,नागेंद्र माझी, पूर्व मुखिया राजेश राय, टुनटुन यादव ,बीडीसी राजन तिवारी सहित क ई अन्य भी उपस्थित थे

### पेड़ गिरने से ग्यारह हजार वोल्टेज वाला तार टूटा

जलालपुरेप्रखंड के जलालपुर स्थित एस डी एस कालेज के सामने बीती रात ग्यारह हजार वोल्टेज के विद्युत मेन लाईन पर पेड़ गिरने से तार टूट गया जिससे जलालपुर बाजार सहित आधा दर्जन गांवों मे पिछले बीस घंटे से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है इससे लोग परेशान हैंसमाजसेवी विजय यादव ने बताया कि बिजली नहीं मिलने से लोग परेशान हैं वही विद्युत विभाग के कर्मी टूटे तार को देखने तक नही आएउन्होंने कहा कि बिजली विभाग के पदाधिकारी इस पर शीघ्र ध्यान देकर विद्युत आपूर्ति बहाल करें

### मढ़ौरा में बिजली की चपेट में आने से 8 वर्षीय बच्चे की हुई मौत

मढ़ौरा ग्रामीण मढ़ौरा के हरभनाथ मंदिर के पीछे वाली दलित बस्ती के मनोज बासफोर का 8 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार की मौत बिजली की तार के चपेट में आने से हो गई प्राप्त जानकारी के मुताबिक मासूम बच्चा शिवम सोमवार की शाम पास के डाबरा नदी से स्नान करने के बाद अपने घर के पास पहुंचा था वहां बिजली प्रभावित तार की चपेट में आ गया घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई घटना के बाद आनन फानन में ग्रामीणों ने उसे रेफरल अस्पताल मढ़ौरा लाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिवम दो भाइयों में बड़ा था। इस घटना के बाद उसके परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे और वहां का पूरा माहौल गमगीन हो गया। शिवम की मां ने रो रो कर अपना आपा खो दिया था। वही शिवम के पिता बेटा बेटा कह कर चीख पुकार रहे थे। इस घटना को देखने के बाद आसपास के ग्रामीणों के आंख नम हो गए।

# लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत लंबित अभिश्रवों का करें अविलंब भुगतान : जिलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता




बेतिया मोहन सिंह। जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा मंगलवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अवसर पर विभिन्न मदों में कराए गए कार्यों के विरूद्ध प्राप्त अभिश्रव के सत्यापन एवं भुगतान की स्थिति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि निर्वाचन के अवसर पर कराये गये कार्यों का भुगतान अविलंब करना है। भुगतान करने की गति धीमी है, जिसे तत्परतापूर्वक बढ़ाने की आवश्यकता है। उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी इसे अत्यंत ही गंभीरता से लें और लंबित अभिश्रवों का नियमानुसार भुगतान अविलंब कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कोषांगों के अधिकारी आज शाम तक लंबित अभिश्रवों को सत्यापित करते हुए निर्वाचन शाखा को उपलब्ध करायें ताकि भुगतान की कार्रवाई की जा सके। साथ ही प्रयास यह करें कि 24 घंटे के अंदर सभी लंबित अभिश्रवों का भुगतान हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि अभिश्रव सत्यापित करने के साथ ही कोषांगों के नोडल पदाधिकारी यह प्रमाण पत्र भी समर्पित करेंगे कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप कार्य निष्पादित हुए हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्त्ता राजीव कुमार सिंह अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी, ललन प्रसाद, अधीक्षक, मद्य निषेध, मनोज कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, विपिन कुमार यादव, कमलाकांत त्रिवेदी, एस0 प्रतिक, श्रीमती बेबी कुमारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वीटीआर है अद्भुत जीवजंतुओं का आशियाना उड़ने वाले सांप की बातें है मिथ्या

प्रात :किरण संवाददाता



बगहा। नसीम खान क्या बिहार का एक मात्र वाल्मीकि टाइगर रिजर्व ( वीटीआर ) जंगल अद्भुत व अविश्वसनीय जीवजंतुओं से भरा पड़ा है। कभी कभी कुछ जीव ऐसे दिख जाते हैं जिसे देख बरबस अपनी आंखों पर विश्वास नहीं होता। वीटीआर के इन अद्भुत जीवों में सबसे ज्यादा अचम्भित करने वाला जीव सरीसृप वर्ग से आता है ।जब हम अक्सर उड़ने वाले सांप की कहानियां किताबो और पौराणिक कथाओं में सुनते व पढ़ते हैं ।हाल ही में बिहार के वाल्मीकिनगर में तक्षक सांप देखा गया। दावा किया गया कि यह सांप रेंगने के बजाय उड़ता है। ऐसे में हर कोई हैरान है कि क्या कोई सांप उड़ सकता है? अब तक हम यही सुनते और समझते आ रहे हैं की बिना पंखों के उड़ने वाला सांप होता है। लेकिन विशेषज्ञ ने बताया कि कोई सांप उड़ता नहीं है बल्कि वह हवा में तैरता यानी ग्लाइड करता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक यह एक डाल से दूसरे डाल पर छलांग लगाता है ना कि उड़कर पहुंचता है ।उन्होंने यह भी बताया कि ऊपर से नीचे की ओर छलांग लगाता है ना कि नीचे से ऊपर की ओर लगाता है। न्यूज एनवायरनमेंट एंड वाइल्ड लाइफ सोसायटी ( न्यूज ) संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक ने इसके बारे में खास जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तक्षक नाग को कई नाम से जाना जाता है। इसे आर्नेट फ्लाइंग स्नेक,टक्का नाग, क्राइसोपेलिया अनेर्टा या ग्लाइडिंग स्नेक कहा जाता है। उन्होंने बताया कि यह सांप उड़ता नहीं बल्कि ग्लाइड करता है। ग्लाइड का मतलब हवा में तैरना होता है ।यह सांप अपने पूरे शरीर को एकत्रित कर जोर से स्प्रिंग की तरह झटका देकर एक जगह से दूसरी जगह हवा में तैरकर पहुंच जाता है ।यह तक्षक नाग नाम से प्रसिद्ध है जो पौराणिक कथाओं में वर्णित सांप है ।जिसमे राजा परीक्षित को डसा था ।बतादें की यह सांप कम विषैला होता है इसके डसने से कोई व्यक्ति मरता नहीं है ।हां व्यक्ति के पेट मे दर्द,उल्टी आना,बेहोशी आना जरूर होता है लेकिन उस व्यक्ति की मौत नहीं होती है।

## चिकित्सक दिवस के अवसर पर युवा क्रांति रोटी बैंक ने किया पौधा रोपण



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। युवा क्रांति रोटी बैंक संस्थापक ई० विजय राज ने कहा डॉक्टर अनवरत अपना बहुमूल्य समय समाजसेवा के लिए अहम योगदान देते है ।धरती पर भगवान का रूप डॉक्टर को माना जाता है जो हमेशा इंसान के स्वास्थ के साथ साथ समाज में कुछ अलग अच्छा करने का प्रयास करते है। डॉ.नताशा सिंह ने कहा कि आज के दिन महान चिकित्सक डॉ. बिधानचंद रॉय का जन्मदिन चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया जाता है जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री रहे। डॉ.नताशा ने कहा वृक्षारोपण कर महान चिकित्सक के विभूतियों को याद किए और पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के तहत 51 वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। डॉ. पार्थसारथी गौतम चिकित्सक दिवस के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगो के बीच भोजन वितरण किए ।युवा क्रान्ति रोटी बैंक अध्यक्षा नीतू गुप्ता ने सभी इस नेक कार्य में साथ देने के लिए डॉ०अक्षिता श्रीवास्तव,डॉ.राजीव रंजन, डॉ.सुरेंद्र प्रसाद,डॉ. नताशा सिंह, डॉ०अपूर्व आनंद,डॉ. अमित राज, डॉ. प्रियंका शाही, डॉ. पूजा सिंह, डॉ.अविनाश सिंह और सभी गणमान्य डॉक्टर्स को शुभकामनाएं दी ।सदस्य बवाली सिंह, राशिद रिजवी,अर्जून सिंह, रामबाबू,निशांत गुप्ता, राशिद रिजवी, विवेक गोलू, प्रिंस, अभिषेक नर्सरी, अभिषेक देव उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर किसानों को कृषि योजनाओं की दी गई जानकारी

प्रात :किरण संवाददाता

अमनौर । प्रखंड के हुस्सेपुर पंचायत में किसान चौपाल 2024 आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद हासिम ने किया ।इस मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक अजय कुमार,कृषि समन्वयक मो.शरीफ अंसारी, किसान सलाहकार अजय कुमार सिंह,चंद्रशेखर सिंह,एटीएम रामाधार यादव,वैभव कुमार,पौधा संरक्षण कामदार अजय कुमार राय आदि ने किसानों को उन्नत व लाभप्रद खेती करने के हुनर बताया ।किसानों को बताया गया कि किसान अनुदानित दर 720 रूपया देकर आठ किलों हाईब्रिड मक्का बीज प्राप्त कर सकते है ।वहीं किसानों को मोटे अनाज समेत कलस्टर के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई ।कृषि विभाग के अधिकारियों ने समेकित कृषि प्रणाली व क्लस्टर मे किसानों को मक्का,बाजरा व धान की खेती,बीज टीकाकरण से लेकर कीट व्याधि प्रबंधन पर विशेष प्रकाश डाला गया ।इस चौपाल में कृषि पदाधिकारियों द्वारा किसानों को कम लागत में उत्तम खेती और अधिक लाभ से संबंधित विस्तृत्व रूप से जानकारी दी ।किसानों की समस्याओं को भी सुना गया और उनका समाधान किया गया ।बागवानी,पौधा संरक्षण की योजनाओं की जानकारी दी गई ।किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में सभी किसानों को सत्यापन करवाने के बारे में बताया गया,किसानों के द्वारा कई प्रश्न किये गए ।चौपाल में प्रमुख प्रतिनिधि मो.हासिम ने कहा कि किसानों को कृषि अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के बताए गए नियमों का पालन करने की जरूरत है ।किसानों को अधिक उपज वाली धान लगाने को बताया और कृषि अधिकारी से समय पर बीज उपलब्ध कराने को कहा ।इस मौके पर वार्ड सदस्य अच्छेलाल साह,शंकर सिंह,अमरेश सिंह,उमापति सिंह,राहुल कुमार सिंह,उदय नारायण सिंह,रौशन कुमार,ललन तिवारी, अशोक श्रीवास्तव,धर्मवीर शर्मा,अर्जुन ठाकुर,रामसोरेन प्रसाद,लगन महतो,पवन कुमार,राजन कुमार,सुदामा प्रसाद व ललिता देवी आदि समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## छपरा के दो बहूओं के द्वारा लिखित किताब का विमोचन राजपाल के द्वारा किया गया

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा सदर। कुलाधिपति सह राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर के द्वारा छपरा की दो बहू के द्वारा राजनीति विज्ञान विषय पर लिखित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नए पाठ्यक्रम पर आधारित पुस्तक ह्यराजनीति विज्ञान के सिद्धांतह्ण मेखला प्रकाशन दिल्ली द्वारा प्रकाशित पुस्तकका विमोचन किया गया. लेखिका डॉ शालिनी सिंह जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में कार्यरत है एवं डॉ संध्या कुमारी जो ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा में कार्यरत है। उनके द्वारा यह पुस्तक लिखा गया है। दोनों लेखिका जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा के सोशल साइंस संकाय के डिन प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार सिंह के अंडर में शोध कार्य किया है। डॉ शालिनी का मूल निवास तरैया है। डॉ संध्या कुमारी मशरख प्रखंड के गंगौली ग्राम की मूल निवासी हैं। यह पुस्तक स्नातक, स्नात्तकोत्तर, के छात्र-छात्राओं के लिए उपयोगी तो है ही साथ ही साथ सुधार्थियों के लिए बहुत ही उपयोगी और सार्थक सिद्ध होगी। विमोचन करने के बाद महामहिम राज्यपाल

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर जी ने कहा कि आप दोनों लेखिका लगतार लिखने पढ़ने का कार्य और मनोयोग से करें। मेरा सहयोग और आशीर्वाद हमेशा आप दोनों के साथ बना रहेगा। दोनों लेखिकाओं ने कहा कि यह हम लोगों के लिए गर्व का पल है। यह हम लोगों की पहली पुस्तिका है और पहले पुस्तिका का विमोचन महामहिम कुलाधिपति के हाथों से हुआ है इससे बड़ा खुशी किसी भी लेखिका के लिए नहीं हो सकता है। विमोचन के बाद दोनों लेखिकाओं को बधाई देने वाले लोगो का ताता लग गई। बधाई देने वाले में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रवाल,भाजपा नेता शैलेंद्र सेंगर, जिला भाजपा महामंत्री विवेक सिंह, विश्वविद्यालय अतिथि शिक्षक संघ जेपीयू के अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ हरिमोहन पिंटू, छात्र नेता गुलशन यादव, प्रशांत बजरंगी, राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक नीरज कुमार,गौरव कुमार समेत अनेक लोग है।

## अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंदा,हुई मौत

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। हाजीपुर फोरलेन पर दिघवारा थाना अंतर्गत आमी मोड़ के समीप अनियंत्रित वाहन ने बाइक सवार दो दोस्तों को रौंद दिया. जिससे उनकी मौत मौके पर हो गई. सूचना के बाद मौके पर पहुंची दरियापुर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया. जिसके बाद पंचनामा कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा गया. उस दौरान बाइक से उन दोनों युवकों की पहचान कर ली गई. पहचान के बाद इस घटना की सूचना उनके घर वालों को दी गई. सूचना के बाद उनके परिजन रोते-पीटते छपरा सदर अस्पताल पहुंचे ।जहां बताया गया कि दोनों दोस्त थे और साथ ही बुआ के घर अवतार नगर थाना अंतर्गत संठा गांव जा रहे थे. तभी आमी मोड़ के समीप फोरलेन पर अनियंत्रित वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया और वाहन लेकर भाग निकलने में सफल रहा. दोनों युवकों की पहचान जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर बतानी गांव निवासी सुरेश प्रसाद राय के 20 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार राय एवं दरियापुर बाजार निवासी देवकांत साह के 20 वर्षीय पुत्र रविरंजन कुमार के रूप में की गई. पहचान के बाद थाना पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उनके परिवार वालों को सौंप दिया है. वहीं इस घटना के बाद एक साथ दो परिवारों में मातम पसरा हुआ है।

## दिघवारा में अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवक को कुचला,मौके पर हुई मौत

### निमार्णाधीन फोरलेन पर आमी आरओबी के पास की घटना

प्रात :किरण संवाददाता

दिघवारा नगर ।छपरा हाजीपुर निमार्णाधिन फोरलेन मुख्य सड़क पर आमी आरओबी के पास मंगलवार की सुबह एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया ।जिससे मौके पर ही दोनों युवको की मौत हो गई ।मृतक की पहचान दरियापुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर बथानी गांव निवासी सुरेश राय के 21 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार तथा दरियापुर गांव निवासी जयप्रकाश साह के 20 वर्षीय पुत्र रविरंजन कुमार के रूप में हुई है ।घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों बाइक सवार सोमवार की देर रात घर से कही निकले थे मंगलवार की सुबह वापस लौटने के दौरान निमार्णाधिन फोरलेन पर आमी आरओबी के पास एक अज्ञात वाहन ने कुचल दिया ।सूचना पाकर दिघवारा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची तब तक दोनों युवक की मौत हो चुकी थी ।पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया ।थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है।

## जिला खनन पदाधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी, सदर द्वारा सारण जिलाअंतर्गत बालू परिवहन के सन्दर्भ में दिया गया ब्रीफिंग

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। के आदेश के आलोक में मॉनसून अवधि ( दिनांक- 15.07.24 से 15.10.24 ) तक के दौरान राज्य में बालू का खनन बंद है जन सामान्य एवं विकास के कार्यों के बालू के उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सरकार की स्तर से बालू के बंदोबस्तधारियों को बालू घाट के सीमा से 300 मीटर तक सेकेन्ड्री लोडिंग पॉइंट निर्धारित कर एवं अनुज्ञप्तिधारियों को ङ-अनुज्ञप्ति निर्गत कर बालू का भंडारण कर बिक्री करने हेतु अनुमति दी जाती है अनुज्ञप्तिधारियों/ बंदोबस्तधारियों द्वारा मॉनसून/ बंद अवधि में ई-चालान के माध्यम से बालू का बिक्री किया जाता है दक्षिणी बिहार के ज़िलों से संवेदकों /अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा पीला बालू का ई- चालान के उत्तरी बिहार एवं उत्तर प्रदेश में प्रेषण किया जाता है उत्तरी बिहार एवं उत्तर प्रदेश के निकटवर्ती क्षेत्रों/ ज़िलों में बालू का परिवहन सारण जिला से होकर किया जाता है जिसकी वजह से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में वैध बालू लदे वाहनों का सारण जिला से होकर परिवहन होता रहता है जिला में जिला स्तरीय/ अनुमंडल स्तरीय /अंचल स्तरीय टीम गठित कर बालू लदे वाहनों का नियमित रूप से जाँच किया जाता रहा है अवैध बालू लदे वाहन पाए/ पकड़े जाने पर उक्त वाहन मालिक एवं चालक पर प्राथमिकी दर्ज किया जाता है गत वित्तीय वर्ष में कुल- 2162 वाहन जब्त कर 776 प्राथमिकी प्राथमिकी दर्ज, 806 गिरफ़्तार कर 3937.16 लाख राजस्व की वसूली की गई है वर्तमान वर्ष में माह- जून के अंत तक 537 वाहन जब्त कर 280 प्राथमिकी 307 गिरफ़्तारी करते हुए 608.46 लाख राजस्व की वसूली की गई है हाल ही में, दाउदपुर थाना अंतर्गत चेकिंग के दौरान 03 अवैध बालू से लदा हाईवा तथा पासिंग करा रहे 01 बालू माफिया को 01 स्कॉर्पियो के साथ पकड़ा गया हैं।

## डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का अमनौर में भाजपा कार्यकताओं ने किया भव्य स्वागत

प्रात :किरण संवाददाता

अमनौर । अपनी संकल्प पगड़ी उतारने बाई रोड अयोध्या निकले प्रदेश के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी। अयोध्या जाने के दौरान अमनौर पहुँचते ही एसबीआई शाखा के निकट भाजपा कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वर्षा में भीगते हुए युवा कार्यकर्ता काफी जोश में दिखे ।बिहार का मुख्यमंत्री कैसा हो सम्राट चौधरी जैसा हो का नारा खूब लगा रहे थे ।भीगते वर्षा में जोश के साथ खरे कार्यकर्ताओ को देख डिप्टी सीम ने गाड़ी रुकवाई ।गेट के पास खड़े होकर कार्यकर्ताओ का अभिवादन स्वीकार किया ।इस दौरान मंडल अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा युवा कार्यकताओं ने अंग वस्त्र फूल माला से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी का भव्य स्वागत किया ।वर्षा में भीगते हुए कार्यकर्ताओ के स्वागत देख काफी प्रफुलित हुए ।सभी युवाओ का अभिवादन करते हुए आगामी 2025 में होने वाले बिधान सभा की चुनाव में इसी जोश के साथ तैयारी में लग जाने की बात कही ।उन्होंने कहा आपही युवाओ के भरोसे बिहार में बिजयी हासिल किया जा सकता है ।कार्यकर्ता समार्ट चौधरी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिन्दावाद के नारा खूब लगाया ।इस मौके पर प्रो देबेन्द्र सिंह बरिष्ठ भाजपा नेता अमरेंद्र नारायण लालन प्रशान्त कुशवाहा उज्वल सिंह मनोज सिंह मणिभूषण शर्मा नागेंद्र शर्मा मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक



प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिलाधिकारी श्री अमन समीर की अध्यक्षता में आज जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक आहुत की गई। जिला में जून माह में वषार्पात मासिक औसत से 78 प्रतिशत कम दर्ज किया गया है। जून माह में सामान्य मासिक औसत 133 मिलीमीटर की जगह मात्र 29 मिलीमीटर वषार्पात दर्ज किया गया है। जिला में लक्ष्य के विरुद्ध अद्यतन 85 प्रतिशत धान बिछड़ा लगाया गया है। आगामी दो-तीन दिनों में शत प्रतिशत बिछड़े लगने की संभावना है। नहर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई के सम्बंध में बताया गया कि फिलहाल सारण नहर में 415 क्यूसेक पानी का उपलब्धता है। इस नहर प्रणाली की कुल सिंचाई क्षमता लगभग 24 हजार हेक्टेयर है। एकमा नहर प्रणाली की सिंचाई क्षमता 18 हजार हे०, मढ़ौरा नहर प्रणाली की क्षमता 22 हजार हे० एवं छपरा नहर प्रणाली की क्षमता 24 हजार हेक्टेयर है। जिलाधिकारी ने नहर प्रणाली के टेल एन्ड तक पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। राजकीय नलकूप के संदर्भ में बताया गया कि जिला में वर्त्तमान में 129 नलकूप चालू अवस्था में हैं। 85 नलकूपों की मरम्मती हेतु आवंटन की मांग की गई है। सभी नलकूपों से अधिकतम खेतों में सिंचाई सुनिश्चित करने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था के तहत मनरेगा के माध्यम से कच्चा चैनल बनाने हेतु पहल करने का निदेश दिया गया। जिला के सभी डीजल पम्पसेट का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना के तहत कृषि विद्युत कनेक्शन के सभी लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु कार्ययोजना तैयार करने का निदेश दिया गया। फिलहाल लगभग 6 हजार आवेदन कृषि विद्युत कनेक्शन हेतु लंबित हैं ।सभी लंबित आवेदनों को पंचायतवार सूचिबद्ध करने को कहा गया। जिन पंचायतों में अधिक आवेदन लंबित हैं, वहाँ प्राथमिकता के आधार पर विद्युत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर लोगों को कृषि विद्युत कनेक्शन दिया जायेगा। इस प्रकार आवश्यकता के घटते क्रम में चरणबद्ध तरीके से सभी आवेदकों को कृषि विद्युत कनेक्शन दिया जायेगा। जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिये स्पष्ट एवं कारगर कार्ययोजना तैयार कर किसानों को प्रेरित करने को कहा गया। कुछ इच्छुक किसानों के साथ कार्यशाला का आयोजन कर जैविक खेती हेतु आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई, कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच अंगवस्त्र बांट कर लायंस क्लब छपरा सारण ने की नए सत्र की शुरूवात

### डॉक्टर दिवस के अवसर पर क्लब में डॉक्टर को भी अंग वस्त्र देकर लायंस क्लब द्वारा सम्मानित किया




प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय । लायंस इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस क्लब छपरा सारण ने अपने नए सत्र 2024-25 की शुरूआत 21 जरूरतमंदों के बीच अंग वस्त्र जैसे साड़ी, लूंगी एवं खाने पीने के लिए थाली और ग्लास का वितरण कर स्थानीय संजीवनी नर्सिंग होम में अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम की शुरूवात अध्यक्ष लायन डा अनिल कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष लायन रणधीर जायसवाल, लायन विक्की आनंद, सचिव शैलेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई। अध्यक्ष ने इसी कार्यक्रम में अपने मंत्रिमंडल का भी विस्तार कर सदस्यों को नई जिम्मेवारी सौंपी। साथ हीं डॉक्टर दिवस के अवसर पर क्लब में डॉक्टर सदस्यों तथा नन लायन डॉक्टरों को भी अंग वस्त्र देकर लायंस क्लब छपरा सारण के द्वारा सम्मानित किया गया। पदभार संभालते हुए डा अनिल कुमार ने कहा कि लायंस क्लब छपरा सारण हमेशा से सदस्यों के सहयोग से समाज कल्याण हेतु एक से बढ़कर एक कार्य करते आ रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि मेरे नेतृत्व में भी क्लब के द्वारा इस सत्र में सभी प्रकार के सेवा कार्य जरूरतमंदों के कल्याण एवं शहर के विकास में योगदान हेतु की जाएगी।

उक्त अवसर पर पीडीजी लायन डा एस के पांडे, लायन डा यू के पाठक, डा नवीन द्विवेदी, लायन डा विकास कुमार, डा ओ पी गुप्ता, डा एस एस पांडे, डा रविभूषण, डा संजीव जायसवाल, कोषाध्यक्ष वी एन गुप्ता, उपाध्यक्ष लायन आनंद अग्रहरी, लायन संजय आर्या, लायन दिलीप चौरसिया, श्वेतांक राय पप्पू, आशुतोष शर्मा, सत्यनारायण प्रसाद, डा मकेश्वर चौधरी, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार, बृजेंद्र किशोर, लायन मनीष सिन्हा, वासुदेव गुप्ता, संदीप गुप्ता, नारायण पांडे, श्याम नारायण सिंह, सुशांत कुमार, लियो अध्यक्ष सुप्रीम आदि सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन लायन डा मनोज कुमार वर्मा संकल्प ने किया। जानकारी पी आर ओ लायन साकेत श्रीवास्तव ने दी।

## शादी के साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत: जिलाधिकारी

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारथी रथ के माध्यम से लोगों को परिवार नियोजन से संबंधित सभी प्रकार के स्थायी व अस्थायी विकल्पों की जानकारी देने के उद्देश्य से जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के लिए एक- एक सारथी रथ रवाना किया गया है। उक्त बातें जिलाधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय परिसर से सभी प्रखंडों के लिए एक- एक सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान कही। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा, क्षेत्रीय सूचना और जनसंपर्क अधिकारी रविंद्र कुमार, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक ब्रजेंद्र कुमार सिंह, सिफार के क्षेत्रीय कार्यक्रम समन्वयक धर्मेंद्र रस्तोगी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे। शादी के साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरतः जिलाधिकारी जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या से परिवार की तरक्की के मार्ग में सबसे बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। साथ ही परिवार की अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक व्यवस्था पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है। हम सभी छोटा परिवार रखकर ही अपने सपने को साकार कर सकते हैं। क्योंकि जितना छोटा परिवार होगा, उसमें उतनी ही ज्यादा खुशियां और आगे बढ़ने का संभावना रहती है। जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मियों की जिम्मेदारी बनती है कि अपने- अपने क्षेत्र के निवासियों को परिवार नियोजन से संबंधित गहन जानकारी देते हुए इसके नियंत्रण के लिए भी प्रोत्साहित करें। इससे आने वाली पीढ़ियों की उचित देखभाल एवं सुलभ तरीके से परवरिश भी की जा सकती है। इसीलिए शादी के साथ ही परिवार नियोजन से संबंधित योजनाओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 03 जुलाई, 2024

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### नेपाल के बीरगंज स्थित सिद्धार्थ बैंक में हुई भयंकर अगलगी



रक्सौल। भारत-नेपाल सीमा स्थित स्थानीय शहर एवं नेपाल की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली शहर बीरगंज के सिद्धार्थ बैंक में बीते दिन भयंकर आगलगी हो गई, उक्त भवन में एक होटल सूरज भी संचालित है। आग की लपटे धीरे-धीरे तेज होने लगी, जिससे आसपास पूरी तरह से अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही बीरगंज महानगरपालिका की फायर बिग्रेड वाहन पहुंच उसके कर्मी आग बुझाने के प्रयास में जुट गए, परन्तु काबू न कर पाए, जिसके बाद सिमरा, कलैया एवं जीतपुर के साथ रक्सौल की भारतीय फायर बिग्रेड वाहन को आग पर काबू पाने के लिए बुलाना पड़ा। काफी कड़े और लंबे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब तक लाखों की क्षति हो चुकी थी। उधर आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि अभी पूरे नुकसान के साथ कौन से दस्तावेज नष्ट हुए हैं, इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### जेपीयू के पदाधिकारियों व विभागाध्यक्षो की बैठक में लिए गए आवश्यक निर्णय

छपरा सदर। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों और स्नातकोत्तर विभागाध्यक्षों की समीक्षा बैठक कुलपति प्रो. परमेंद्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में मंगलवार को कुलपति कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में माननीय कुलपति महोदय ने कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में निश्चित रूप से पूर्ण किया जाय। प्रशाखाओं में अधिकतम तीन दिनों के अंदर संचिकाओं को निष्पादित कर दिया जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय प्रशासनिक कार्यालय तथा विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों में कार्यालयीय कार्यों के लिए आवश्यक वस्तुओं का क्रय विहित प्रक्रिया के साथ एक बार में ही कर लिया जाय। इसके लिए निविदा आमन्त्रित कर विहित प्रक्रिया के तहत इन वस्तुओं का क्रय किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष, छात्र कल्याण प्रो. उदयशंकर ओझा, कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पाण्डेय, कुलसचिव प्रो. नारायण दास, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र, वित्त पदाधिकारी श्री सुधांशु मिश्रा, आईटी सेल इंचार्ज डॉ धनंजय आजाद सहित सभी स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने उपमुख्यमंत्री का किया भव्य स्वागत

छपरा कार्यालय। पटना से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी , श्री रामलला के दर्शन करने सारण के रास्ते अयोध्या जाने के क्रम मे बजरंग चौक, सोनपुर मे पार्टी कार्यकर्त्ता द्वारा जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह और पूर्व विधायक विनय सिंह के नेतृत्व मे प्रदेश अध्यक्ष जी का गाजे बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर उनके साथ जा रहे प्रदेश उपाध्यक्ष जगरनाथ ठाकुर जी का भी कार्यकर्त्ता द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सिंह वेद प्रकाश उपाध्याय भाजपा नेता उपेंद्र सिंह हेम नारयण सिंह पूर्व प्रत्याशी धर्मेंद्र सिंह अजय मांझी सोनपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष साहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता मौजूद थे सभी लोगो ने अयोध्या धाम यात्रा कि मंगल शुभकामनायें दिया और जय श्री राम के नारे के साथ स्वागत किया ज्ञात हो की वह पगड़ी अपना अयोध्या धाम मे ही उतारेगे।

### राष्ट्रीय सेमिनार 4 जुलाई को

मधेपुरा। स्नातकोत्तर दर्शनशास्त्र विभाग, ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा, आदित्यवाहिनी, बिहार तथा मधेपुरा यूथ एशोसिएशन (माया), मधेपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 4 जुलाई, 2024 (गुरुवार) को एक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। सेमिनार के संयोजक डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि यह कार्यक्रम नव वेदांत के प्रतिपादक युगनायक स्वामी श्री विवेकानंदजी के 122 वें पुण्य स्मरण तथा श्रीमज्जगद् गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज के 82 वें प्राकट्य महोत्सव (राष्ट्रोत्कर्ष दिवस) के अवसर पर आयोजित है। इसका विषय ह्यभारतीय संत-परंपरा : मानवोत्थान एवं राष्ट्रोत्कर्षह्ण रखा गया है। सेमिनार के आयोजन सचिव राहुल कुमार यादव ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न - 12:30 बजे तक आयोजित होगा। इसमें बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा, उद्घाटन कर्त्ता तथा आदित्य वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक प्रेमचन्द्र झा मुख्य वक्ता होंगे।

# कोइलवर के करमु का समोसा खाने के लिए उमड़ती है भीड़

## करमु रोज बेच लेते हैं 1000 पीस समोसा

प्रात: किरण /आलोक भारती



आरा। अगर आप समोसा खाने के शौकीन हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है। भोजपुर जिले के कोइलवर प्रखंड के कपिलदेव चौक के समीप करमु समोसे वाला का नाम लोगों की जुबान पर रहता है। आरा-पटना मुख्य मार्ग पर स्थित ये दुकान भले ही फूस की है, लेकिन काफी प्रसिद्ध है। जैसे ही आप इधर से गुजरेंगे, गर्मा गर्म तैयार किए जा रहे समोसों की खुशबू आपको अपनी ओर खींच लेगी। यही कारण है कि यहां दिन भर समोसा खाने वालों की भीड़ लगी रहती है।

खुद दुकानदार भी कहते हैं कि जैसे-जैसे उनके समोसे की चर्चा इलाके में बढ़ने लगी, वैसे-वैसे उनके ग्राहक भी बढ़ने लगे हैं। कई लोग तो ऐसे हैं जो रोज यहां आकर समोसा खाते हैं। करमु बताते हैं कि करीब ८ वर्षों से वे समोसा बेच रहे हैं। पहले उनकी दुकान पर इतनी भीड़ नहीं रहती थी, लेकिन धीरे-धीरे उनके समोसा-चाट की चर्चा इलाके में बढ़ने लगी, वैसे-वैसे भीड़ भी बढ़ने लगी है। यही कारण है कि अब उनका समोसा खाने के लिए लोग दूर-दूर से आते हैं करमु बताते हैं कि यहां समोसा खाने लोग सकडडी, गीधा, आरा, बिहटा, बबुरा सहित कई जगहों से आते रहते हैं। उनके द्वारा तैयार किए गए मसाले की वजह से उनके समोसे की मांग रोजाना बढ़ती ही जा रही है। करमु ने बताया कि वे रोजाना करीब ८00 से 1000 पीस समोसा बेचते हैं। एक समोसे की कीमत 10 रुपये है।

वहीं, हॉफ प्लेट चाट वह 20 रुपये और फुल प्लेट 35 रुपये में देते हैं। करमु बताते हैं कि समोसा के लिए वह साबूत मसाले खरीदते हैं। इसके बाद उन्हें धोने के बाद सुखा कर खुद पिसवाते हैं।दुकानदार के मुताबिक, कई बार प्याज से लेकर टमाटर व मसालों से लेकर अन्य उत्पादों के दाम आसमान छूने लगते हैं.ल। इसके बावजूद कभी क्वालिटी से समझौता नहीं किया है। यही कारण है कि ग्राहकों की भीड़ रोजाना यहां उमड़ती है। ग्राहक दीपक गुप्ता, ,नीरज,चंदन, नवीन, तेजू ने बताया कि इनका समोसा बहुत ही स्वादिष्ट होता है। ये रोजाना 11:30 बजे तक दुकान लगाते हैं। शाम होने से पहले ही इनके समोसे खत्म हो जाते हैं। कभी कभी समोसा खाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ता है।

# धीमी प्रगति वाले प्रखंडों में समय से पूरा कराएं नाइट ब्लड सर्वे का लक्ष्य : एसीएमओ

## अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने एनबीएस के लिए एमओआईसी को दिए सख्त निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले में चल रहे नाइट ब्लड सर्वे का लक्ष्य निर्धारित अवधि में पूरा किया जाए। जिन प्रखंडों में लक्ष्य के अनुरुप धीमी प्रगति है, वहां पर फ्रंटलाइन वर्कर्स, स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध जनों के साथ मिलकर लोगों को नाइट ब्लड सर्वे को लेकर लोगों को जागरूक करें। ताकि, सर्वे के साथ-साथ लिए गए रक्त की स्टैनिंग भी समय से पूरी की जा सके। उक्त बातें अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने नाइट ब्लड सर्वे की अद्यतन रिपोर्ट की समीक्षा के दौरान कही।

एसीएमओ ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को जिले में 27 जून से शुरू हुए नाइट ब्लड सर्वे की गति तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों को मिलाकर 9000 लोगों के खून का सैंपल लेना है। जिनमें प्रत्येक प्रखंड से 300 नमूने सेंटिनल और 300 रैंडम साइट्स से लेने है। उन्होंने सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को लक्ष्य के अनुरुप कार्य करने का निर्देश दिया है।

**एनबीएस को लेकर लोगों को करें जागरूक :** डॉ. सिन्हा ने कहा कि सर्वे कार्य की सफलता में सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम व बीसीएम को अपनी भागीदारी सुनश्चित करना होगा। शत प्रतिशत सफलता के लिए चयनित स्थलों के आसपास बैनर, पोस्टर एवं माइकिंग के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जाए। जिससे लोगों में जागरूकता आए कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए क्यों एनबीएस जरूरी है। लोगों को बताया जाए कि खून में फाइलेरिया के परजीवी रात में ही सक्रिय होते हैं। इसलिए नाइट ब्लड सर्वे से सही रिपोर्ट का पता चल पाता हैं। नाइट ब्लड सर्वे की गतिविधियों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर फाइलेरिया व माइक्रो फाइलेरिया की दर को जानना है। नाइट ब्लड सर्वे से यह पता चलेगा कि जिले में कितने प्रतिशत लोगों में फाइलेरिया का परजीवी मौजूद है।

**सेंटिनल साइट्स पर लक्ष्य के अनुरूप हो रहा कार्य :** एसीएमओ डॉ. सिन्हा ने बताया कि जिले में निर्धारित सेंटिनल साइट्स पर लक्ष्य के अनुरूप कार्य हो रहा है। वहीं, रैंडम साइट्स की प्रगति धीमी है। उन्होंने बताया कि रात में हो रही बारिश के कारण लोगों के ब्लड का सैंपल लेने में थोड़ी परेशानी आ रही है, लेकिन जल्द ही ब्लड सैंपल लेने का काम पूरा कराया जायेगा। ताकि, स्लाइड्स के स्टैनिंग का काम भी समय से पूरा कराया जा सके। उन्होंने बताया कि एनबीएस की जांच में अगर संबंधित प्रखंड में एक व उससे अधिक प्रतिशत लोगों के ब्लड सैंपल में माइक्रो फाइलेरिया की पुष्टि होती है, तो पूरे प्रखंड के लोगों को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए वहां सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम (एमडीए) चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि चयनित गांवों में अगर कोई फाइलेरिया का मरीज ना हो और वो भी इस रोग से सतर्क रहना चाहते हैं तो नाइट ब्लड सर्वे का लाभ ले सकते हैं।

# अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा भोजपुर के द्वारा किया गया लड़की की शादी में आर्थिक मदद

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा भोजपुर सह शहाबाद प्रक्षेत्र के तरफ से जरासंध भगवान शिवगंज शीतल टोला आरा भोजपुर बिहार में मुख्य कमिटी के द्वारा एक बैठक हुई। जिसमें शीतल टोला आरा की रहने वाली कमजोर वर्ग की महिला सुनिता देवी जिनके पति भी नहीं है, उनके द्वारा एक निवेदन पत्र के माध्यम से सभा को बताया गया कि मेरी बेटी की शादी दिनांक ११-७-२०२४ को विश्वकर्मा मंदिर सतपहाडी में होना है।

कमिटी के जांच में पाया गया कि सच में इस परिवार का आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इस स्थिति में सभा के मुख्य पदाधिकारीयों ने उनकी लड़की की शादी का पचहत्तर प्रतिशत खर्च सभा द्वारा उठाया गया।सभा के संस्थापक जीतू चंद्रवंशी ने कहा कि हमारी सभा एक सामाजिक संस्था भी है,जो किसी भी जाति धर्म के कमजोर लोगों को मदद करने में विश्वास करती है।सभ के जिला अध्यक्ष प्रयाग सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि किसी की बेटी हमारी सभा कि बेटी है, उपाध्यक्ष अनिल कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि हमारी सभा को जो बन पाएगा थोड़ा या ज्यादा किया जाएगा, कोषाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी ने कहा कि शादी के दिन हम सभी सदस्य वहां पर मौजूद रहेंगे कुछ घट जाएगा तो वहां पर भी मदद किया जाएगा। मदद करने वालो में सगरक्षक राजू रंजन चंद्रवंशी, जीतू चंद्रवंशी, अनिल कुमार (गूलू), संजय चंद्रवंशी, प्रयाग सिंह चंद्रवंशी, जगदीश सिंह चंद्रवंशी,देव कुमार चंद्रवंशी,अमर चंद्रवंशी,नवनित चंद्रवंशी, मुकेश कुमार चंद्रवंशी,मूना चंद्रवंशी, सुरेन्द्र कुमार चंद्रवंशी ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

# जमीन के विवाद में घर में घुसकर युवक को मारी गोली

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर के तीयर थाना क्षेत्र के अंगरुआ गांव में पूर्व के जमीनी विवाद को लेकर घर में घुसकर एक युवक को गोली मार दी गई। उसे दाहिने साइड सीने एवं दाहिने साइड पीठ में गोली लगी है। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई।

उधर, सूचना पाकर तीयर थानाध्यक्ष घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं। जानकारी के अनुसार जख्मी तीयर थाना क्षेत्र के अंगरुआ गांव निवासी धनु राम का 36 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार है। इधर, विवेक कुमार ने बताया कि उसका गांव में ही डेढ़ बिगहा जमीन और पुश्तैनी मकान है। उसी जमीन व मकान को गांव के ही एक युवक द्वारा जबरन उस पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसको लेकर करीब 35 वर्षों से विवाद चल रहा है। उसे लेकर उसने कोर्ट में मुकदमा भी किया है। उक्त व्यक्ति द्वारा कहा जा रहा है कि तुमने केस क्यों किया और मुझे नोटिस क्यों भेजवा रहे हो? तुम यह मकान खाली कर दो। सोमवार कि देर रात जब वह घर के आंगन में था। तभी उक्त युवक अपनी पत्नी के साथ उसके घर में घुसकर उसके आंगन में आ गया और उसे गोली मार दी।

# रोहतास में दो दिन पूर्व अगरेर थानाक्षेत्र के मोकर नहर से बरामद युवती के शव की हुई पहचान

## इंद्रपुरी थानाक्षेत्र के मिठोपुर की रहने वाली नीतू कुमारी के रूप में हुई पहचान

प्रात: किरण / मिथिलेश कुमार



खबर रोहतास जिला के डेहरी से है। जहां इंद्रपुरी थानाक्षेत्र के मीठोपुर गाँव की रहने वाली नीतू कुमारी के लापता होने के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। घर से लापता नीतू का शव अगरेर थानाक्षेत्र के मोकर गाँव के समीप नहर से जब डेडबॉडी बरामद हुआ तो पहले तो उसकी पहचान नहीं हुई, लेकिन पुलिस ने तहकीकात शुरू की तो लावारिस मिले शव की पहचान इंद्रपुरी के मिठोपुर निवासी कमलेश कुशवाहा की 19 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी के रूप में हुआ। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि 27 जून को नीतू अपने पिता के मोबाइल से किसी से बात की तथा साथ में अपने पिता के मोबाइल को लेकर दिन के करीब दोपहर 1.30 बजे घर से निकल गई। जब शाम तक घर वापस नहीं लौटी तो दो दिनों तक परिजनों ने आस-पास काफी खोजबीन की। फिर 29 जून को इसकी सूचना इंद्रपुरी थाना के पुलिस को दी गई। लेकिन इसी बीच रोहतास पुलिस ने अगरेर थानाक्षेत्र के मोकर गाँव के पास नहर से एक अज्ञात युवती का शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद उसे बॉडी को सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में पहचान के लिए रखा गया। इसके उपरांत 30 जून को इंद्रपुरी थाना के पुलिस के कहने पर परिजनों ने अज्ञात शव की पहचान नीतू कुमारी के रूप में की। इसके बाद कोहराम मच गया। परिजनों ने कल 01 जुलाई को मृतक के शव का दाहः संस्कार कर दिया। अब परिजन का आरोप है कि बीए पार्ट- एक की छात्रा नीतू के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए नहर में फेंक दिया गया। परिजन इसकी जांच चाहते हैं। चुकी इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। आस-पास के लोग मृतक के घर सांत्वना देने के लिए पहुंच रहे हैं। डेहरी के एसपी शुभांक मिश्रा भी दल-बल के साथ परिजनों से जानकारी लेने पहुंचे हैं। और मामले की जांच करने का मृतक के परिजनों को आश्वासन दिया है।

# ओमेगा कम्युनिटीज के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर बने रक्सौल के आलोक कुमार



रक्सौल। भारतीय छात्र अपनी लगन और काबिलियत के बदौलत पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहरा रहे हैं। इस कड़ी में रक्सौल निवासी आलोक कुमार का नाम भी जुड़ गया है। श्री आलोक ने ऑस्ट्रेलिया में ओमेगा कम्युनिटीज के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर बनकर बिजनेस मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक मिसाल कायम की है। वे रक्सौल के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अवधेश गिरी के ज्येष्ठ सुपुत्र हैं। श्री आलोक किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर 2003 में एमबीए की पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया गए। 2005 में पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वहाँ के कई औद्योगिक केंद्रों के व्यवसायिक प्रबंधन के साथ जुड़े। 2009 में राइजिंग स्टार्स' मेंटरिंग प्रोग्राम के लिए चुने गए। कुछ समय पहले वे अडिलेड, ऑस्ट्रेलिया स्थित ओमेगा कम्युनिटीज के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर बनाये गए हैं। वे जल्द ही फण्ड मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड से जुड़ेंगे और अपने स्टेट के औद्योगिक संघ की अध्यक्षता भी करेंगे। उद्योग जगत से जुड़ी राष्ट्रीय पत्रिका 'सैटरडे' ने अपने कवर पेज पर श्री आलोक की तस्वीर प्रकाशित कर उनके शानदार कैरियर को फोकस किया है। श्री आलोक इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और अपने परिवार को देते हैं, जिन्होंने विदेश भेजने के लिए हर प्रकार का त्याग किया। उन्होंने शिक्षाविद प्रो. (डॉ.) स्वयंभू शलभ के प्रति आभार व्यक्त किया, इंटर के दौरान जिनके वे छात्र रहे और जिनके मार्गदर्शन ने उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। श्री आलोक ने अपने कार्यक्षेत्र में सहयोगी रहे मेंटर्स और छात्र जीवन के अन्य शिक्षकों को भी धन्यवाद दिया।

# मानसून की पहली बारिश में जायजा लेने निकले नगर आयुक्त

छपरा। नगर आयुक्त सुमित कुमार ने मानसून की पहली बारिश में शहर के जल- जमाव वाले क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। शहर के म्युनिसिपल चौक से लेकर खनुआ नाला का सफाई एवं जल निकासी के लिए सभी मुख्य खनुआ नाला की आउट फॉल की निकासी का जायजा स्वयं लिया ' निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त में बुडको के प्रतिनिधि को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि शहर के खनुआ नाला का निर्माण हो रहा है, उसका निकासी को ब्लॉक कर देने से शहर का पानी ससमय नहीं निकल रहा है। नगर विकास प्रमंडल एक के विकास कुमार को आदेश दिया गया, कि बुडको के द्वारा किए गये कार्य का निरीक्षण करें, बुडको को निर्देश दिया गया है ' नगर आयुक्त द्वारा कहा गया की बुडको का कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है, उसका भुगतान रोकने का आदेश संबंधित अधिकारी को दिया गया है। नगर आयुक्त ने बुडको को यह भी निर्देश दिया कि 2 घंटे के अंदर जल -जमाव निकासी करना का सुनिश्चित करें, जल -जमाव की समस्या खनुआ नाला के कारण ही हो रहा है। निरीक्षण के क्रम मे नगर विकास प्रमंडल एक के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार, सिटी मैनेजर वेद प्रकाश वर्णवाल, सहायक स्वछता पदाधिकारी सुमित कुमार, बुडको प्रतिनिधि, सफाई निरीक्षक,सफाई जमादार एवं नगर निगम कर्मी उपलब्ध थे।

# प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के क्रियान्वयन में बरतें पूर्ण पारदर्शिता : जिलाधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय द्वारा मंगलवार को कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। इस योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का चयन/अनुमोदन हेतु विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। मछुआरों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार ने इस योजना को आरंभ किया है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता, आधारभूत संरचना एवं शिकारमाही के पश्चात प्रबंधन से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन से जिले के मत्स्य कृषकों को वैज्ञानिक पद्वति आधारित मत्स्य बीज, मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन, मत्स्य भंडारण, मत्स्य प्रसंस्करण एवं मत्स्य चारा उत्पादन आदि व्यवसाय द्वारा सतत गुणवतापूर्ण खाने योग्य मछलियों की बाजार में उपलब्धता तथा इससे संबंधित लोगों की आय में बढ़ोतरी सुनिश्चित करना है।

उन्होंने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत पात्र लाभुकों के चयन, अनुमोदन आदि कार्यो में पूर्णतः पारदर्शिता बरती जाय। आमजनों को इस योजना से अवगत कराएं। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करें ताकि लक्ष्य के अनुरूप प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का जिले में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन कराया जा सके।समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत अबतक की गयी कार्रवाई से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। उन्होंने बताया कि रियरिंग तालाब का निर्माण, नया तालाब निर्माण एवं उन्नत इनपुट योजना, आईस-प्लांट/कोल्ड स्टोरेज का निर्माण, तीन पहिया वाहन/ ई-रिक्शा आईस-बॉक्स, बायोफ्लॉक तालाब निर्माण, मोटरसाईकिल आईस बॉक्स, मत्स्य पालन हेतु सूक्ष्म बायोफ्लॉक का अधिष्ठापन, फिश किऑस्क का निर्माण, लघु फीड मिल का अधिष्ठापन, रिक्रिएशनल फिशरिज का प्रमोशन, साईकिल आईस-बॉक्स आदि हेतु कुल-70 आवेदन अबतक प्राप्त हुए हैं।

आवेदन करने हेतु विभागीय पोर्टल वर्तमान में ओपेन है। इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति इस योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु मछुआरे, मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य मजदूर, मत्स्य विकास अभिकरण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त दैयता समूह, मत्स्यजीवी सहयोग समिति, मत्स्य फेडरेशन, मत्स्य उद्यमी, कम्पनियां, मत्स्य उत्पादक समूह/संस्थान, अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला/दिव्यांग आदि पात्र आवेदक हैं। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गो की महिलाओं हेतु विभिन्न अवयव के लिए निर्धारित इकाई का 60 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग हेतु 40 प्रतिशत अनुदान देय है।उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2023-24 में मत्स्य बीज हैचरी का अधिष्ठान करने हेतु 01 लाभुक को लाभान्वित किया गया है।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए तनाव रहित रहें: डॉ मुर्तजा

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया(कुमार अभिजितम) ।जिले के बेतिया मेडिकल कॉलेज में "डॉक्टर्स डे" के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एएनएम/जीएनएम व मेडिकल स्टॉफ को चिकित्सकीय कार्य सेवा भावना के साथ करने की सीख दी गई। एनसीडीओ डॉ मुर्तजा अंसारी ने बताया कि डॉक्टर हमारे समाज के सच्चे नायक हैं, और उनके सम्मान के बिना समाज का विकास संभव नहीं है। प्रत्येक वर्ष 01 जुलाई को देश भर में यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों यथा - पतिलार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर, नरकटियागंज, रेफरल अस्पताल लौरिया, में "डॉक्टर डे" मनाते हुए एनसीडी के विभिन्न पहलुओं डायबीटीज, कैंसर, मोटापा, लकवा इत्यादि पर विस्तार से चर्चा की गई और लोगों को अच्छे स्वास्थ्य व तनाव रहित जीवन के लिए जागरूक किया गया। डॉ अंसारी ने बताया कि चिकित्सक का कार्य लोगों की सेवा करना होता है। मगर लोगों को खुद भी अपनी सेहत के लिए जागरूक होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि कई तरह की बीमारियां लोगों के खानपान की गड़बड़ी, गलत रहन सहन, समय पर पूरी नींद न लेना, देर रात्रि में जगना जैसे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, ह्रदय व इनसे जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे है। जिसके वजह से एनसीडी क्लिनिक पर वर्ष 2021-2022 में 3145 हाईपर टेंशन मरीज मिले, 3701 ब्लड शुगर के मरीज मिले, कैंसर के 90, स्ट्रोक के 15, वर्ष 2022-2023 में 29 हजार 490 हाईपर टेंशन, वहीं ब्लड शुगर के 37 हजार 706, कैंसर के 132, स्ट्रोक के 34 तथा 2023 अप्रैल से मार्च 2024 तक 42 हजार 399 लोग हाईपर टेंशन, 51 हजार 315, ब्लड शुगर, 324 कैंसर,12 स्ट्रोक के मरीज मिले।

**इन तरीकों से खुद को रखें स्वस्थ:** अपने आहार और व्यायाम में बदलाव करके अपने तनाव को दूर कर सकते हैं। स्वच्छ व संतुलित भोजन का सेवन करें, पर्याप्त पानी पिएं, हल्का ध्यान करें, रात में अच्छी नींद लें, तम्बाकू से दूर रहें, घर का खाना खाएं, मुँह -दाँत साफ रखें। किसी प्रकार की कोई तकलीफ हो तो सरकारी अस्पताल जाकर डॉक्टर से मिलें।

# रेलवे पूल के दोनों तरफ रोड शेड एवं रैक प्वाइंट लिंक रोड निर्माण जल्द किया जाय : किरण देव यादव

अलौली। बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने अलौली नगर पंचायत के चहुंओर सीमा क्षेत्र पर ह्न नगर पंचायत अलौली में आपका हार्दिक स्वागत है, सधन्यवाद, अलविदा, आपकी यात्रा शुभ हो,,ह्न लिखित आकर्षक नगर पंचायत अलौली ह्नप्रवेश द्वारह्न निर्माण करने की मांग जिलाधिकारी से किया है।

वहीं खगड़िया अलौली पथ पर अंबा मोड़ के निकट तथा अलौली रेलवे जंक्शन के उत्तरी व दक्षिणी रेलवे पूल के दोनों तरफ रोड शेड का निर्माण करने की मांग किया है। चुंकी पूल के नीचे बारिश का पानी जमने से पूल कमजोर होने व धंसने की संभावना बनी हुई है।

देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने अंबा मोड़ के निकट से रेलवे लाइन के बगल से अलौली रेलवे रैक पॉइंट तक सड़क निर्माण करने की मांग किया, क्योंकि रैक पॉइंट तक मक्का लदी ओवरलोड ट्रक ट्रैक्टर पुस्तकालय चौक होकर जाने में जाम लगती है एवं संकरी रोड होने के कारण काफी कठिनाइयां होती है।

# पीरामल फाउंडेशन का कार्य बेहतर, प्रखंडों में भी है जरूरी : डीएम



छपरा। सोमवार को सारन समाहरणालय के सभाकक्ष में पीरामल फाउंडेशन की ओर से मेरी कहानी मेरी जुबानी पर चर्चा सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पीरामल फाउंडेशन का यह कदम काफी सराहनीय है। इस तरह के कार्यक्रम को जिला प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अरविंद कुमार और कुमार अभिषेक द्वारा समाज के लिए जो भी कार्य किए जा रहे हैं, सराहनीय है। इस तरह का कार्य हर ब्लॉक स्तर पर करने की आवश्यकता है, ताकि प्रशासन को इस बात की जानकारी मिल सके ' अगर किसी ब्लॉक या पंचायत में किसी चीज की कोई कमी है तो वह जिला प्रशासन के संज्ञान में लाएं, उन्हें प्रशासन की ओर उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा। जिलाधिकारी ने दोनों युवकों को सम्मानित करते हुए कहा कि भविष्य में इस मुहिम को आगे बढ़ाने में दोनों को ब्रांडएम्बेस्डर के रुप में प्रस्तुत किया जाएगा ' ताकि इस मुहिम को पूरे जिले में प्रचारित-प्रसारित किया जा सके। इस मौके पर पीरामल फाउंडेशन प्रोग्राम डायरेक्टर संजय सुमन ने बताया कि मेरी कहानी मेरी जुबानी का उद्देश्य यह है कि समाज के वैसे लोग जो निःस्वार्थभाव से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्हें समाज के बीच लाएं और आम लोगों को बताए। साथ ही वैसे प्रेरणादायी कहानी बताने वाले लोगों को सरकार की ओर से सम्मानित किया जाएगा। मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में अरविंद कुमार बताते हैं कि उनको हमेशा इस बात की चिंता सताई जा रही थी, कि आखिर क्या कारण है उनके गांव के साथ-साथ आसपास के गांव में रहने वाले बच्चे, बुढ़े और जवानों की तबियत बिगड़ती रहती है। कुछ दिनों तक इस बिन्दु पर अध्ययन करने के बाद उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि सरकार की ओर से जितनी भी स्वास्थ्य संबंधित योजनाएं चल रही है,उन योजनाओं का लाभ गांव के लोगों को नहीं मिल रहा है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुए उन्होंने कई गांव में नवजात बच्चों को हर प्रकार के टीकाकरण करवाना , हर वर्ग के लोगों को विभिन्न प्रकार के बीमारियों से बचने के लिए दवा खिलवाना, समय-समय पर पूरे गांव में डेंगू, मलेरिया, कालाजार आदि जैसे बीमारियों से बचने के लिए दवा का छिड़काव करवाना शुरू कर दिया गया।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 03 जुलाई, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भगवान के स्वरुप माने जाते हैं डॉक्टरः कुमार गौरव

गया। डॉक्टर्स धरती पर भगवान के स्वरुप माने जाते हैं। इनका काम हम मरीजों की सेवा करना और बीमारी से निजात दिलाना होता है। ये अपनी सेवा को मिशन के तौर पर लेते हैं। गया जिला के युवा जदयू के अध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर युवा चिकित्सक डॉ. कुमार अनुपम को गया के गवाल बीघा स्थित उनके क्लिनिक में जाकर पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया है। इस मौके पर सिन्हा ने सम्मानित करते हुए कहा कि एक जुलाई को ही डॉक्टर्स डे मनाने की खास वजह यह है कि ये दिन महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉक्टर बिधान चंद्र रॉय जी की जयंती के साथ-साथ उनकी पुण्यतिथि का भी प्रतीक है। हमने महामारी के वक्त में भी देखा है की कितनी मजबूती के साथ डॉक्टर हमारे लिए अपनी जान को खतरे में डालकर हमारी जान बचाने की कोशिश में लग रहते हैं। हमें प्रसन्नता हो रही है कि हमें बीमारियों से बचाकर ठीक करने वाले डॉक्टरों के सम्मान में डॉक्टर्स डे मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इनके लिए किसी दिन छुट्टी का नहीं होता और न ही इनके लिए कोई त्योहार होता है। ये तो सारे दिन को मरीजों के साथ गुजारते हैं।

### हिन्दुओं का अपमान नहीं सहा जाएगा

गया। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के हिंदुओं के विरुद्ध दिए गए अमर्यादित टिप्पणी को लेकर श्री रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह, महामंत्री मणिलाल बारिक, संगठन महामंत्री ओम प्रकाश सिंह, साकेत झा अनिल स्वामि, अनंत धीश अमन, सुनिल बंम्बयीया, कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी कुछ भी कह सकते हैं, जिनके पूर्वजों ने अखंड भारत के टुकड़े कर दिये। जो राम को काल्पनिक बता सकते हैं। कांग्रेस ने सरकार में रहते कानून बनाये उनकी वजह से हिंदुओं का नुकसान हुआ। हिंदू कभी हिंसक नहीं हो सकता। सनातन हिंदू धर्मावलंबियों का सदियों से पौराणिक इतिहास रहा है। हिंदुओं को कभी भगवा आतंकवाद कहकर हिंदुओं को भरी सभा में अपमानित किया जाता है। हिंदुओं के प्रति इस तरह का व्यवहार क्यों।हिंदू कभी हिंसा नहीं करता है। अगर हिंदू हिंसक होता तो पूरी दुनिया में हिंदू का साम्राज्य होता। भगवान शिव, राम और कृष्णा ने दैत्यों का वध किया कभी हिंसा के मार्ग पर इन्होंने चलने की प्रेरणा नही दी। भगवान राम और कृष्णा हमारे आराध्य देवता है। मीडिया प्रभारी सूरज सिंह ने कहा की राहुल गांधी का बयान ने देशभर के 110 करोड़ हिंदुओं के धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाया है।

### हत्या के प्रयास में 08 अभियुक्त दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे तीन सुनील कुमार सिंह ने टंडवा थाना कांड संख्या -42/15 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए सभी 08 अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी शिवपूजन प्रजापति ने बताया कि अभियुक्त गुप्तेश्वर पासवान, कन्हाई पासवान, उपेन्द्र पासवान, जयराम पासवान, राजकुमार पासवान, रंजीत पासवान, रंजन पासवान, विक्रमा पासवान, विशुनपुर टंडवा को बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है आज इन सभी अभियुक्तों को भादंवि धारा -307/149,504/149 में दोषी ठहराया गया है।

### गाय चोरी कर भाग रहे चोर की गाड़ी नाला में गिरा, चालक फरार

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत न्यू सुलतानपुर इलाके में गाय चोरी कर भाग रही एक मिनी मालवाहक गाड़ी नाला में गिड़ गया। घटना के बाद पकडे जाने के भय से चालक व सवार लोग गाड़ी छोड़ भाग निकले। पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। बताया जाता है कि देर रात एक मिनी मालवाहक गाड़ी से दो गाय का बच्चा को लेकर जा रही थी। इसी क्रम में रास्ते मे पुलिस की जिप्सी देख गाड़ी को सुलतानपुर पुलिस चौकी के सामने वाले रास्ते में लेकर भागा। इस क्रम में उसने गाड़ी को एक नाला में फंसा गया इसी दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर नाला में गिड़ गया।

### बालू चोरी कर बेचने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को भेजा जेल

शेरघाटी।पुलिस ने अवैध बालू का खनन पर बेचने जा रहे बालू लदा एक ट्रैक्टर को शेरघाटी पुलिस ने शहर के शेखपुरा मोहल्ला से किया जप्त वहीं चालक समेत एक अन्य व्यक्ति को किया गिरफ्तार थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर चालक दो लोगों को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार आरोपियों के पहचान गणेश मांझी एवं प्रिंस कुमार गांव घाघर गाँव के रहने वाला है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

# एसी एसटी लोग घर बैठे एफआईआर दर्ज करा सकते हैं : एस एस पी

प्रात : किरण संवाददाता



गया।जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम द्वारा समाहरणालय सभाकक्ष में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पदाधिकारी ने जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुसंधान समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया है। वित्तीय वर्ष 2024- 25 में इस अधिनियम के तहत प्रथम किस्त कुल 157 लाभुकों को एवं द्वितीय किस्त कुल 36 लाभुकों को दिया गया है। इस प्रकार राज्य में गया जिला में सर्वाधिक पीड़ितों को लाभान्वित किया गया है। इस पर कुल 01 करोड़ 28 लाख 64 हजार 9 सौ रुपये का व्यय हुई है। हत्या के कुल 06 मामले में राहत अनुदान प्रदान किया गया है। हत्या संबंधित पूर्व के मामलों में कुल 60 आश्रितों को पेंशन का भुगतान किया जा रहा है। सभी संबंधित आश्रितों को मई माह तक पेंशन भुगतान अद्यतन है। 04 नए पेंशन के मामलों की स्वीकृति का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जल्द ही इन्हें भी पेंशन उपलब्ध करवाया जाएगा। इन सभी मामलों में यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता दिए जाने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया, जिसकी सूची विशेष लोक अभियोजक उपलब्ध कराएंगे। वर्तमान समय में जिला कल्याण विभाग के कार्यालय में कोई भी मुआवजा लंबित नहीं है। प्रत्येक केस में न्यायालय में उपस्थित होने वाले पीड़ित को डेढ़ सौ रुपया अल्पाहार की भी राशि दी जाती है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के मामलों में काफी गंभीर है। सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकता है कि संबंधित पीड़ित परिवार को तुरंत सहायता प्रदान किया जा सके। इस आलोक में सभी विभागों का दायित्व है कि निर्धारित समय के अंदर एससी एसटी के पीड़ित परिवारों को मदद दिलवाने सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि जिस किसी केस में फरार अभियुक्त चल रहे हैं उसे तेजी से गिरफ्तारी करवाये। किसी भी हाल में चार्ज शीट दायर करने में देरी न करें। जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि सितंबर 2020 के बाद से एसी एसटी केस में हत्या के मामले में मृतक के आश्रित को 4थ ग्रेड में अनुकम्पा की नौकरी दिया जाना है। इसके लीय वैसे संबंधित मामलों में जिला अनुकम्पा समिति को कागजात हैंडओवर किये गए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक आशीष भारती ने बताया कि एक जुलाई से नए कानून लागू होने से कोई भी व्यक्ति किसी भी थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कर सकते हैं। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अपने घर से थाने में एफआईआर के दर्ज करा सकते हैं उसके लिये उन्हें घर से ही थाना को आवेदन करना होगा एव आवेदन देने के तीन दिनों के बाद थाने में जाकर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि एसी एसटी संबंधित पिछले 5 माह में 164 गिरफ्तारी की गई है। उन्होंने कहा कि कोई भी मामला में वांछित अपराधी चाहे का मामला हो या अन्य मामला हो, जो भी अपराधी पुलिस के पकड़ से बाहर हैं, हर हाल में गिरफ्तार की जाएगी, कोई भी अपराधी बख्से नही जाएंगे। डीएम ने अधीक्षक मगध मेडिकल को निर्देश दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करने में कोई देरी नही करे, पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करते हुए जिला कल्याण कार्यालय को टाइमली भेजते रहे, जिससे एसी एसटी मामले में पीड़ित परिवार को तुरंत सहायता प्रदान किया जा सके। टिकारी नगर के चिरैली के अनुसूचित टोला में पिछले दिनों जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में उसी गांव के एसी एसटी समुदाय के संजय मांझी का हाथ काट दिया गया था। चुकी यह घटना काफी दुखद है। इस घटित मामला संज्ञान में आते ही गंभीरता से लेते हुए जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के आदेशानुसार कल्याण विभाग द्वारा पीड़ित व्यक्ति को तत्काल 50150 रुपया 50 हजार 1 सौ पचास रुपया का मुआवजा 28 जून को उपलब्ध करवाया दिया गया है। चार्ज शीट प्राप्त होते ही एसी एसटी अधिनियम के तहत नियमानुसार शेष मुआवजा की राशि भी उपलब्ध करवा दी जाएगी। जिला प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में भी है। जिला पदाधिकारी ने यह भी बताया कि उक्त क्षेत्र के भूमिहीन परिवारों का सर्वे भी कर लिया गया है। जल्द ही उचित नियम के आलोक में भूमि बंदोबस्ती की व्यवस्था भी की जाएगी। इस बैठक में बताया गया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मामले के तहत कोर्ट में सुनवाई के दौरान आने वाले पीड़ित को टी०ए०, डी०ए० दिया जा रहा है। इस प्रकार कुल 19 केस में पीड़ित को टी०ए०, डी०ए० दिया गया है। इस बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक गया, जिला कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन के प्रतिनिधि, प्राचार्य मगध मेडिकल, अभियोजन पदाधिकारी, एस एसटी थाना के थानाध्यक्ष, सदस्य डॉ० जितेंद्र कुमार, राजेन्द्र कुमार, राम उदय पासवान, विधायक प्रतिनिधि देवानंद पासवान, सदस्य निरंजन पासवान आदि उपस्थित थे।

# रोग कल्याण समिति के सदस्य नामित होने पर लोगों ने दी बधाई

प्रात : किरण संवाददाता



गया।गया जी के प्रसिद्ध युवा समाजसेवी अनंत धीश अमन को जय प्रकाश नारायण अस्पताल का रोगी कल्याण समिति के सदस्य नामित होने पे केंद्रीय विश्वविधालय के छात्रों ने दिया बधाई। गया के चर्चित युवा समाजसेवी अनंत धीश अमन जो की पूरे गया के समाज के लिए समर्पित हो कर सेवा करते है चाहे वो धर्म के क्षेत्र हो, राजनीति के क्षेत्र हो, युवा विकाश का क्षेत्र हो, सामुदायिक विकास का क्षेत्र हो या फिर स्वास्थ का क्षेत्र हो अपना शत प्रतिशत देकर समाज को सशक्त बनाने में हमेशा जुटे रहते है। गया जी में होने वाला विश्व विख्यात पितृपक्ष मेला में अपना अतुलनीय सेवा देकर मेला को सारगर्भित तरीके से संपन्न कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते आ रहे है। स्वास्थ के क्षेत्र में इनका शुरू से ही ध्यान रहा है जब रक्तदान के बारे लोगों में ज्यादा जानकारी नही था तब से अब तक पूरे गया के गलियों में घूम घूम कर रक्तदान का अलख जगाने का कार्य किये है। दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविधालय के दर्जनों छात्रों एवं भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, अश्वनी कुमार चोबे, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय, गया के अनिल स्वामी, मणी लाल बारीक, प्रमोद भदानी, कैलाश डालमिया, धीरज पत्रकार सह महिला विकास मंच संयोजक, ने अनंत धीश अमन को जय प्रकाश नारायण अस्पताल का रोगी कल्याण समिति का सदस्य नामित होने पे बहुत बहुत बधाई और शुभकानाएं दिया।

# पथ खराब की सुची बनाकर दे : नगर आयुक्त

प्रात : किरण संवाददाता



गया ।गया नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा, द्वारा नगर निगम कार्यालय में वार्ड संख्या 15 से 26 एवम दोपहर में वार्ड संख्या 27 से 31 एवम वार्ड संख्या 47 से 53 तक के वार्ड पार्षद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि के साथ समीक्षा बैठक की गई है। इस बैठक में मुख्यतः बुडको एवम अन्य विभाग द्वारा जलापूर्ति पाइप लाइन बिछाने के क्रम में तोड़े गए ऐसे पथों की सूची जिसकी अभी तक मरमती नहीं कराई गई, अविलंब देने को कहा गया ताकि संबंधित विभाग से समन्वय कर अविलंब बनवाया जा सकेगा। नाली सफाई के क्रम में तोड़े गए नाली ढ़क्कन की सूची भी मांगी गई ताकि जांच कराकर बनवाने की कार्यवाई की जायेगी। वार्ड के अन्य समस्या को भी गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद समुचित कार्यवाई करने का आश्वासन दिया गया है। इस बैठक में उप नगर आयुक्त, शैलेंद्र कुमार सहायक अभियंता, बुडको, लोक स्वच्छता पदाधिकारी, सभी कनीय अभियंता मौजूद थे।

# औरंगाबाद इलाके में वाटर लेवल तिन सौ बढ़ाने की मांग : सांसद अभय कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता




गया। औरंगाबाद सांसद अभय कुमार सिन्हा ने राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव के जवाब की चर्चा में बोलने का मोका दिया इसके लिए सभापति को धन्यवाद देता हूं, कागजो पर सरकार की बखान है धरातल पर कुछ और ही है। युवा बेरौजागारी से झुझ रहे हैं गरिब मजदूर किसान सभी पेरशान है। किसानो की आय दुगना करनी की बात जुमला रही है हर पेपर लिक हो रही है। हमारे छात्र पेरशान है छोटे किसान, छोटे छोटे व्यापारियों जी एस टी से पेरशानी में है।ये अगर समाधान हो जाए सरकार से माध्यम से हो जाए तो बहुत ही अच्छा रहेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बिहार में कोई जिक्र नहीं है।जबकि बिहार के बेशाखी के सहारे ये सरकार चल रही है। बिहार में रोजगार का अभाव है लेकिन बिहार में रोजगार के साधन है। सृजन कर सकती हैं न इसपर राज्य सरकार ध्यान दे रही है नही केन्द्र सरकार ध्यान दे रही है। बेरोजगारी से हमारे युवा पेरशान है धन्यवाद देना चाहता हूं बिहार में महागठबंधन की सरकार तेरह महिने चली तो हमारे नेता तेजस्वी यादव के प्रयास से साढ़े पाच लाख युवाओं को नोकरी देने का काम किया था। बिहार की हालत को देखते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देते हुए विशेष पेकज दिया जाए, हमारे बिहार मुख्यमंत्री नितीश कुमार का पुरानी मांग है।

आपके बदोलत यह केन्द्र सरकार है अब तो बिहार को विशेष राज्य दर्जा देने मे देर नही चाहिए।सचाइ केसाधन बहुत है हमारे औरंगाबाद जिले में लेवल निचे चला गया है जिसपर सांसद ने कहा कि दो सो से तिन सो लेवल पर चापकाल लगाया जाए, सांसद कुशवाहा ने आगे कहा कि औरंगाबाद पहाडी इलाका है जो भी चापकाल लगे उसका लेवल दो सो तिन सो हो,नज जल योजना फेल है गया औरंगाबाद इलाके पुरी तरह फेल हो चुकी है अविलंब इस दोनो इलाको में तुरंत दो सो तिन सो चापकाल लगाई जाए, सांसद ने विशेषकर करके लेयर को दो सो तीन सो से उपर कराई जाने की बात कही है।सिंचाई के साधन ध्वस्त है केंद्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर एक टीम बनाकर सिंचाई परियोजना बनाए, जल है तो जीवन है।सचाई होती है तो किसान खुशहाल होगे तो हमारा देश खुशहाल होगा, जल संसाधन विभाग बिहार के मगध इलाके में पेयजल सक ट को दुर करने के लिए एक निती बनाकर बिहार सरकार को भेजने का काम करे, सुखाड़ के लिए निती बनाकर करना चाहिए।

# रोड दुर्घटना मामले में पीड़ित परिजनों को मिला मुआवजा

प्रात : किरण संवाददाता

गया।बिहार मोटरवाहन दुर्धटना दावा न्यायाधिरण, मगध प्रमंडल, गया में दिनांक – 29. दिन– शनिवार को सुनवाई के बाद आवेदिका लक्ष्मीनी कुमारी को 5 लाख रुपए / – गाड़ी मालिक हमजा कादरी के द्वारा मुआवजे के रूप मे दिया गया है। लक्ष्मीनी कुमारी के पति जयप्रकाश कुमार की मृत्यु दिनांक – 27.04.2022 को समय करीब 3 बजे सडक दुर्घटना मे हो गयी थी। मृतक – जयप्रकाश कुमार ग्राम – तेलपा, वार्ड न0 झ 07, थाना– करपी, जिला – अरवल का रहने वाला था। गाड़ी मालिक हमजा कादरी जिसके वाहन से दुर्घटना हुआ था। वे ग्राम + पो० – विथोशरीफ, बुनियादगंज, जिला–गया के रहने वाले है। एक दूसरे मामले मे उसी दिनांक – 29.06दिन– शनिवार को आवेदक सुनील कुमार सिंह को गाड़ी मालिक अरविंद कुमार सिंह द्वारा 5 लाख मुआवजे के रूप मे दिया गया है।जिसमें आवेदक सुनील कुमार सिंह की पत्नी अंजु कुमारी उम्र–55 वर्ष की मृत्यु दिनांक 07.05 को सड़क दुर्घटना मे हो गयी थी । मृतिका अंजु कुमारी ग्राम–घोरहा, थाना–वारूण, जिला–औरंगाबाद की रहने वाली थी वे आवेदक सुनील कुमार सिंह की पत्नी थी तथा विपक्षी गाड़ी मालिक अरविंद कुमार सिंह जिनके वाहन से सड़क दुर्घटना में मृतक अंजु कुमारी की मृत्यु हुयी थी वे ग्राम–देवढ़ी, थाना–वारूण जिला–औरंगाबाद के रहने वाले है ।दोनो बाद में 5–5 लाख रुपए / – मुआवजे की राशि विपक्षी गाड़ी मालिक द्वारा उपरोक्त दोनो आवेदक को समझौते के आधार पर दिया गया हु दोनो बाद को उपरोक्त दिनांक – 29दिन शनिवार को ही समझौते के आधार पर समाप्त कर दिया गया है। बिहार मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, मगध प्रमण्डल, गया का कार्यालय आयुक्त कार्यालय के परिसर मे है जो इसी वर्ष जनवरी माह से शुरू हुआ है। न्यायधिकरण के समक्ष लगातार कई मुकदमे की सुनवाई स्पीडी ट्रायल के रूप में चल रही है। जिसमें अबिलम्ब गाड़ी मालिक एवं इंश्योरेस कम्पनी द्वारा मुआवजा दिया जा रहा है। दिनांक– 29.06 को आवेदक एवं विपक्षी सहित उनके अधिवक्ता उपस्थित रहे हैं।न्यायाधिकरण के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एवं सचिव आकाश भी उपस्थित रहे उक्त दोनों लोग की उपस्थित में उपरोक्त दोनों मुकदमें को समझौते के आधार समाप्त किया गया है।

# सत्यचंडी धाम आद्रा मेला के दसवें दिन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद से सटे 5 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल एवं शक्तिपीठ सत्यचंडी धाम रायपुरा में आद्रा मेला के दसवें दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में सुबह सवेरे से ही श्रद्धालु भक्त माता के दरबार में दर्शन करते देखे गए। सत्यचंडी धाम न्यास समिति के सचिव राजेंद्र सिंह ने बताया कि 22 जुलाई से ही आद्रा मेला की शुरूआत हो चुकी है तब से लेकर आज तक श्रद्धालु भक्तों की भीड़ बढ़ती जा रही है।श्रद्धालु भक्तों को किसी प्रकार का कोई कष्ट ना हो इसके लिए उनका लगातार ख्याल रखा जा रहा है।आद्रा मेला के बीच में औरंगाबाद के प्रशासनिक अधिकारी लगातार इस मेला का अवलोकन कर रहें हैं।स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मेला में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य का जांच कर चुकी है विदित हो कि माता सत्यचंडी धाम में सती के रक्तिम हस्त गिरने का प्रमाण मिलता है।सत्यचंडी माता अगल–बगल ग्राम के लगभग सैकड़ो गांव की कुलदेवी के रूप में पूजित की जाती हैं।माता की महिमा अपरंपार है इनके दरबार से कोई खाली हाथ नहीं जाता कोई व्यक्ति धन इच्छा हेतु माता के दरबार में आता है तो उसकी इच्छा जरूर पूर्ण होती है आद्रा मेला के मौके पर बिहार प्रांत के अन्य जिलों से भी लोग यहां दर्शन करने आते हैं।मेला के सफल संचालन में पिंटू सिंह, उप मुखिया राहुल सिंह, चंदन मिश्रा, पुजारी जय श्री बाबा, अमरेश सिंह, अरुण सिंह, जिला परिवहन संघ के अध्यक्ष राम सकल सिंह, कर्मकांडी आचार्य राम प्रवेश मिश्रा, विशेष रूप से सहभागिता निभा रहे हैं।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण करना मेरी पहली प्राथमिकताः अरूण

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल औरंगाबाद के क्षेत्राधीन कार्यान्वित हो रहे पथ एवं पुल–पुलिया का निर्माण गुणवत्तापूर्ण करना मेरी पहली प्राथमिकता है। उक्त बांते ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद के नव पदस्थापित कार्यपालक अभियंता अरूण कुमार दूबे ने योगदान के पद अपने अधीनस्थ अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि प्रमण्डलाधीन कार्यान्वित योजनाओं का सतत निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण करें। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु प्रारंभ हो रहा है इसलिए ग्रामीण कार्य विभाग के पथों में निर्मित पुल–पुलिया का वेन्ट की सफाई प्रारंभ कर दें। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर पुल–पुलिया का वेन्ट की सफाई हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निर्मित पुलों निरीक्षण कर यह सुनिष्चित करें कि कोई भी पुल क्षतिग्रस्त नहीं है।

# उत्तर कोयल नहर द्वारा छोड़े गए पानी का औरंगाबाद तक आने का आसार समाप्त

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। औरंगाबाद जल संसाधन विभाग में नए मुख्य अभियंता पद पर आसीन हुए अधिकारी के द्वारा निरीक्षण भवन में आहूत बैठक में औरंगाबाद के जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह भी मौजूद थे। बैठक में जल संसाधन विभाग के मोहम्मदगंज बराज से लेकर स्थानीय सभी कार्यपालक अभियंता, अधीक्षक अभियंता, सभी कर्मी की मौजूदगी में विचार समन्वय करते हुए उत्तर कोयल नहर की वर्तमान स्थिति पर वातार्लाप हो रही थी। पदाधिकारियों से जानकारी मिली कि अभी बराज से 500 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।जब 2000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा तब बिहार में 1000 क्यूसेक पानी चलेगा।जो फिलहाल नजर नहीं आ रहा है। बाद में हो सकता है और पानी छोड़ा जाए रही बात डैम की तो वह बिना झारखंड सरकार की मदद के कंप्लीट होने की संभावना नजर आ रही है। कोयल नहर की वर्तमान वस्तुस्थिति से अपने नवनिर्वाचित माननीय सांसद अभय कुशवाहा जी से आग्रह करुंगा कि इस पर विशेष ध्यान दें।उत्तर कोयल नहर का कार्य पूरा होने पर औरंगाबाद और गया की सवा लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।यह किसानो के लिए बड़ा सुखद कार्य होगा।

# एकल अभियान कार्यक्रम के निमित दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का समापन

प्रात : किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन के समीप अवस्थित गायत्री शक्तिपीठ के प्रांगण में एकल अभियान कार्यक्रम के निमित आचार्यो के दो दिवसीय अभ्यास वर्ग का सफल समापन किया गया। अंचल अध्यक्ष डॉ रामाधार सिंह के आह्वान पर आयोजित अभ्यास वर्ग में आचार्यो को पंचमुखी शिक्षा, आरोग्य शिक्षण, ग्राम उत्थान शिक्षा, ग्राम स्वराज शिक्षा, संस्कार शिक्षा, बच्चों को एप्प के माध्यम से हाजिरी बनाना, बच्चों का खेलकूद का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना सहित अन्य विषयों पर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया।समापन के मौके पर संच सचिव सत्येंद्र राम, अभियान प्रमुख रविंद्र कुमार रवि, रामध्यान प्रसाद, प्रशिक्षण प्रमुख विजय कुमार, अंचल कार्यालय प्रमुख शत्रुघन कुमार, जम्होर संच अध्यक्ष अशोक कुमार शौंडिक ने कहा कि अभ्यास वर्ग के माध्यम से आचार्यो के बौद्धिक संचेतना का विस्तार करने में विशेष सहूलियत होती है। अंचल अध्यक्ष डॉ रामाधार सिंह ने संवाद के माध्यम से कहा कि आज पूरे जिले में एकल विद्यालय ने उन क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाया है जहां सदियों से अंधेरा था।

# उपमुख्यमंत्री को जनता को हो रही कठिनाइ से अवगत कराया : भास्कर कुमार

अरवल। भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व उप प्रमुख भास्कर कुमार ने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को ग्रामीण इलाकों में जनता को हो रही कठिनाइयों के बारे में लिखित आवेदन देकर अवगत कराया। उन्होंने बताया की ग्राम सरौती मे जो कि जिला मुख्यालय के नजदीक होने के बावजूद भी यातायात व्यवस्था बिल्कुल जर्जर एवं ध्वस्त है वर्षा होने पर मरीज को चारपाई के सहारे मुख्य सड़क पर लाया जाता है बच्चों को स्कूल आने जाने की व्यवस्था को मजबुर होकर बंद कर दिया जाता है यातायात में हो रही कठिनाइयों के कारण बच्चों का भविष्य निर्माण पर भी असर पड़ रहा है।जिला प्रशासन के उदासीन रवैया से इस गांव का हालात बद से बदतर हो चुकी है।इस गांव की घनी आबादी में जिला प्रशासन के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों का कहना है कि मनुष्य की जो मूलभूत सुविधाएं होती हैं सड़क शिक्षा स्वास्थ्य इससे हमारा गांव सरौती पूर्ण रूप से वंचित है इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा की अरवल जिला पदाधिकारी से सरौती ग्राम के सड़क को लेकर बात करेंगे और यथाशीघ्र इस कार्य को क्रियान्वित कराएंगे ताकि ग्रामीणों को हो रही कठिनाइयों को तुरंत दूर किया जा सके और सड़क की सुविधा उपलब्ध करवाकर लाभान्वित कराई जा सके हमारी सरकार जनहित की सरकार है

# खेल पत्रकारिता को बढ़ावा देना वर्तमान समय की मांग

औरंगाबाद। विश्व खेल पत्रकारिता दिवस पर स्वतंत्र पत्रकार, शिक्षक, जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने अपनी स्वाभिव्यक्ति में कहा कि पत्रकारिता वर्तमान परिदृश्य में संघर्षपूर्ण विधा के रूप में परिणत है।खासकर खेल पत्रकारिता तो और भी विविधता पूर्ण है क्योंकि आज जिस तरह से खेल को बढ़ावा मिला है उस हिसाब से खेल पत्रकारों की कमी है सामाजिक गतिविधियों में खेल ने जो अपनी गरिमा बनाई है उस दौर में खेल पत्रकार का ध्यान दिलाना अत्यावश्यक पहलू बन जाता है।ध्रुवीकरण के दौर में खेल किसी राष्ट्र की विशेष पहचान की परिचायक है। राष्ट्र की संस्कृति, गौरव गरिमा को उत्कृष्ट प्रदान करने वाली विद्या खेल है खेल के माध्यम से राष्ट्र की अस्मिता, परंपरा, सभ्यता संस्कृति की पहचान मिलती है ऐसे में खेल पत्रकार चाहे तो खेल को राष्ट्र की विधा बनाकर उसे विशेषता प्रदान कर सकते हैं। जिला स्तर पर खेल पत्रकारों का एक अलग समूह बनाए जाने चाहिए ताकि जिला स्तर पर खेल कूद गतिविधियों में जो रुचि रखते हैं।

# जेपी सेनानी रहे स्वर्गीय अंशुमान शर्मा के मूर्ति अनावरण में पहुंचे उपमुख्यमंत्री



करपी, अरवल। प्रखंड क्षेत्र के रामपुर चाय गांव में जनसंघ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता जेपी सेनानी स्वर्गीय अंशुमान शर्मा के प्रतिमा का अनावरण बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री एवं श्री श्री ,1008 स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के द्वारा किया गया। प्रतिमा अनावरण समारोह में पहुंचे बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों से आह्वान किया कि एक बिहारी सौ पर भारी होने का संदेश दें। इन्होंने कहा कि बिहार के पहले मुख्यमंत्री डॉ श्री कृष्ण सिंह तथा पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बिहार की गरिमा को बहाल किया था। इन सभी के कार्यो का परिणाम था कि बिहार हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा था । एक समय में बिहारी होने पर गर्व महसूस होता था। लेकिन बाद के दिनों में समाज में तनाव पैदा कर नेताओं ने जातीय राजनीति का खेल शुरू किया ।जिसके परिणाम स्वरूप बिहार की बदनामी होने लगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में शांति एवं विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ ।इन्होंने सभी लोगों से आह्वान किया कि समाज के सभी वर्ग के लोग मिलकर समाज में जातीय उन्माद पैदा करने वाले लोगों को शासन करने का मौका दोबारा नहीं दें। उप मुख्यमंत्री ने भारत की राजनीति को नई दिशा देने वाले जनसंघ की स्थापना कल से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक बड़े–बड़े राष्ट्रवादी नेताओं ने पार्टी का नेतृत्व किया। भारत में राष्ट्रवाद की भावना का तेजी से प्रसार हुआ। उपमुख्यमंत्री विजय सिंह ने कहा कि रामपुर चाय गांव निवासी प्रसिद्ध जेपी सेनानी, जनसंघ एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे स्व अंशुमान शर्मा ने जन संघ काल में अहम योगदान दिया था। इन्होंने बिहार में सभी नेताओं के साथ मिलकर समाज के सभी वर्गो में एकता स्थापित करते हुए कई बड़े कार्य किए। इन्होंने इस क्षेत्र में युवाओं के लिए काफी कार्य किया। पूर्व विधायक चितरंजन शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय अंशुमान शर्मा एमपी एवं विधायक बनाने वाले लोगों में से थे। इन्होंने समाज को आगे बढ़ाने में बड़ा योगदान दिया। पूर्व विधान पार्षद राम किशोर शर्मा ने स्वर्गीय अंशुमान शर्मा के साथ बिताये दिनों की बात कही तथा कहा कि इन्होंने इस क्षेत्र के विकास के लिए बहुत सारे कार्य किए। इस मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक सहजानंद शर्मा, अजेंद्र शर्मा, राकेश शर्मा जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर शर्मा , जदयू प्रदेश कार्यालय सचिव सुशील कुमार सुनील, श्रीमन्नारायण शर्मा, लॉर्ड बुद्धाएजुकेशनल संस्थान के निदेशक डॉ धनंजय शर्मा, उद्योगपति विक्रम सिंह जेनेवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राकेश शर्मा भाजपा नेता राम विनय शर्मा, राधाकांत शर्मा, आनंद चंद्रवंशी, लोजपा जिला अध्यक्ष सत्येंद्र रंजन समेत काफी संख्या में गण्य मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वर्गीय अंशुमान शर्मा के पुत्र एवं पत्रकार आशुतोष कुमार ने किया। भारी वर्षा के बावजूद काफी संख्या में लोग इस समारोह में उपस्थित थे।

# इनरव्हील क्लब ने डॉक्टर डे पर किया कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी।शहर के सत्संग नगर स्थित पोद्दार मैरेज हॉल में इनरव्हील क्लब के बैनर तले डॉक्टर डे के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के शुरूआत में चिकित्सकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत की दौरान क्लब के ओर से दर्जनों चिकित्सको को सम्मानित किया गया।उक्त दौरान वक्ताओं ने कहा कि डॉक्टर भगवान के दूसरा रूप होते है, और दूसरे के भलाई के लिए हर वक्त लगे रहते है, उन्हें अपने जीवन के परवाह नही होती और दूसरे के लिए लगातार कार्य करते रहते है। वही आज इस मौके पर उन्हेंहस सम्मान मिलना चाहिए, उक्त कार्यक्रम क्लब के अध्यक्ष अनिता अग्रवाल ,सचिव रंजीता अग्रवाल के देखरेख में किया गया, कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने चिकित्सको को बुके, फूलमाला गिफ्ट आदि देकर उन्हें सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. तपेश्वर प्रसाद, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ. राजनंदन चौधरी, डॉ. उदय कुमार, डॉ.मुरलीधर अग्रवाल, डॉ.राजेश कुमार, डॉ. रविंद्र अग्रवाल, डॉ शशि रंजन के अलावा अन्य लोग शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### जमीनी विवाद में मारपीट

इसुआपुर। थाना क्षेत्र के शामकौरिया गांव में पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद को लेकर जमकर मार-पीट हुई । जिसमें तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घायलों में देव चरण राम की पत्नी कांति देवी तथा पुत्र कन्हैया कुमार व राहुल कुमार शामिल हैं। सभी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसुआपुर में चल रहा है।

### राजस्व कर्मचारी को दी गई भावभीनी विदाई

इसुआपुर। अंचल कार्यालय के रिटायर्ड राजस्व कर्मचारी सत्यदेव राम के सम्मान में अंचल कार्यालय इसुआपुर के परिसर में मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंचल अधिकारी करुण करण ने कहा कि राजस्व कर्मचारी के रुप में सत्यदेव जी का यहां पिछले तीन सालों से कार्यरत थे। इस दौरान इनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा है। साथ ही कहा कि ये कर्तव्य निष्ठ, मधुर व मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति हैं। इनका कार्यकलाप हम सबों के लिए अनुकरणीय रहेगा। विदाई समारोह में अंचल व प्रखंड कर्मियों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, अंचल पदाधिकारी करुण करण, राजस्व पदाधिकारी पूजा रॉय, एम ओ निकिता कुमारी, सीआई ब्रजनंदन सहाय मुख्य रूप से थे।

### 134 लीटर देसी शराब विनष्ट किया

गया । एकमा। जिला प्रशासन के निर्देश के आलोक में सीओ राहुल शंकर व अपर थाना अध्यक्ष संजीव कुमार की देखरेख में 134 लीटर देसी शराब थाना परिसर में विनष्ट किया गया । थाना अध्यक्ष ने बताया कि विभिन्न कांडों में अलग-अलग जगह से पुलिस ने छापामारी में बरामद की गई शराब को विनष्ट की गई। उन्होंने बताया कि एकमा पुलिस शराब की तस्करी एवं धंधे को रोकने के लिए धंधे बाजों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। वहीं असमाजिक तत्व अपराधियों एवं वारंटी के विरुद्ध भी लगातार क्षेत्र में अभियान चलाई जा रही है।

### नए आपराधिक कानून जागरूकता कार्यशाला आयोजित

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना में सोमवार को नये आपराधिक कानून को लेकर लोगों में जागरुकता के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रशिक्षु एसडीपीओ रागिनी कुमारी ने की। मौके पर उपस्थित बीडीओ अजेश कुमार ने कार्यशाला में कहा कि कानून नहीं बदला जा सकता, उसके प्रावधान में बदलाव किया गया है। उन्होंने नये आपराधिक कानून 2023 के बारे में विस्तार से बताया। वहीं रागिनी कुमारी ने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य नये आपराधिक कानून के प्रति लोगों को जागरुक करना है। महिलाओं व बच्चों के साथ होने वाले अपराध का शीघ्र निष्पादन किया जाएगा। मौके पर थानाध्यक्ष रुबी कांत कच्छप सीओ निशीथ नंदन, प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी डा. शितांशु शेखर राय के अलावे पंचायत व नगर पंचायत संग्रामपुर के जनप्रतिनिधि व दर्जनों प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

### थाने में नए अपराधी कानून लागू होने पर लोगों को किया जागरूक

आलमनगर (मधेपुरा)। आलमनगर थाना परिसर में नए आपराधिक कानून के लागु होने पर लोगों को जागरुक किया गया। इस दोरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने लोगों को नये आपराधिक कानून के बारे में विस्तार से बताया एवं लोगों को इस पर अमल करने का आग्रह करते हुए दुसरे लोगों को भी इस कानून के बारे में जागरुक करने का आग्रह किया गया। उन्होंने लोगों को बताया कि टेक्नोलॉजी के तहत लोगों को आसानी से जानकारी के साथ न्याय सुलभ होगी इस दोरान महिला के बारे में नए कानून के बारे में लोगों को एस आई नीलम कुमारी ने बताई। इस दोरान सुशील हरिनाथका, रामवतार चौधरी, प्रभु सिंह, धर्मेन्द्र मंडल, निर्भय कुमार सिंह, सरपंच बिपीन कुमार सिंह, पंचायत समिति दयानन्द मंडल, राजाराम शर्मा मन्टु सिंह, लालेंद्र सिंह, पुलिस पदाधिकारी आशुतोष त्रिपाठी, राम बहादुर सिंह, नीलम कुमारी सहित सेकड़ो लोग उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया पर हथियार का प्रदर्शन कर रहा युवक गिरफ्तार

दिघवारा नगर। सोशल मीडिया पर अविध हथियार के साथ प्रदर्शन कर रहे युवक का एक वीडियो प्रसारित होने पर दिघवारा पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के मलखाचक गाँव निवासी शमशेर मियाँ के पुत्र हसन अली के रूप में हुई है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष रविशंकर कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा हथियार लहराने का वीडियो प्राप्त हुआ था, जिसपर त्वरित करवाई करते हुए वीडियो का सत्यापन करने के बाद उक्त युवक को गिरफ्तार कर लिया गया।

# गुणवत्ता के साथ जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य को पुरा करें संवेदक : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर(बिहार)। पर्यटन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रसिद्ध सिद्ध शक्तिपीठ चंडिका स्थान के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यकरण कार्य का सोमवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने वहां चल रहे निर्माण कार्य एवं गुणवत्ता आदि की जांच की। साथ ही निर्माण कार्य में लगे संवेदक को निर्माण कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य की धीमी गति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने तथा अगले छह माह में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा चंडिका स्थान के सौंदर्यकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए पर्यटन विभाग को लगातार पत्राचार के बाद निर्माण कार्य हेतु आवंटन दिया गया था। टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होते ही निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जो युद्ध स्तर पर चल रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के लिए जहां प्लेटफार्म निर्माण की व्यवस्था की जा रही है जो अंतिम चरण में है। वहीं वाहनों के पड़ाव की विशेष व्यवस्था की जा रही है। अब यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वाहनों के पार्किंग की कोई दिक्कत नहीं होगी। साथ ही उनके रुकने अथवा ठहरने के लिए धर्मशाला का भी निर्माण किया जा रहा है। प्रवेश द्वार को आकर्षक रूप देने की योजना है जो दूर से ही श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी। इसके अलावे मंदिर को आकर्षक रूप देने के लिए गुंबज का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए पेय जल आरओ, वाटर कूलिंग मशीन आदि की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है। संवेदक द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य पर भी उन्होंने संतोष व्यक्त किया और कहा कि निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सब कुछ सही रहा तो निर्धारित समय सीमा तक मुंगेर वासियों को शक्तिपीठ चंडिका स्थान एक नए और आकर्षक रूप में देखने को मिलेगा। इस दौरान उन्होंने उपस्थित संवेदक को गुणवत्तायुक्त कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी तरह की अनियमितता अथवा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, इस लिए निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार अभिषेक भी उपस्थित थे।

## जिला प्रभारी मंत्री सह मध निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री को कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। जिला प्रभारी मंत्री सह मध निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग के माननीय मंत्री रत्नेश सदा को कार्यकताओं ने गर्मजोशी के साथ फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं बिहार सरकार के मंत्री मध निषेध,उत्पाद एवं निबंधन विभाग सह जमुई जिला प्रभारी मंत्री माननीय मंत्री रत्नेश सदा को मंगलवार को जमुई जाने के क्रम में जिले के सीमा आढ़ा मोड़ पे पहुंचते ही जदयू के दर्जनों कार्यकताओं ने फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया।

विदित हो की कुछ दिन पहले जमुई जिला के प्रभारी मंत्री बनाए जाने के उपरांत मंगलवार को पहली बार माननीय मंत्री रत्नेश सदा जमुई पहुंचे। जमुई जाने के क्रम में आढ़ा मोड़ एवं अलीगंज बाजार में जदयू जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो,शीतल मेहता,रामाशीष कुशवाहा सहित अन्य लोगो ने बुकें देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया ।

वहीं जदयू के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र महतो के नेतृत्व में जिला जदयू कार्यालय में मंत्री जी को बुकें एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष शीतल मेहता, जदयू नेता रामशीष कुशवाहा,नीतीश कुशवाहा,अब्दुल रहमान आदिल, जमील,शिवशंकर प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, अब्दुल फहीम,जाकिर अनवर, मौसम शेख,महेश बरवाल, मो फारूक, क्लेशवर महतो,सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आवागमन को अवरूद्ध को ले किया गया चिंता व्यक्त कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा)। पुरैनी प्रखंड अंतर्गत पंचायत मकदमपुर के फूलपुर दलित टोला में स्थानीय नागरिकों के आवागमन पर एक व्यक्ति द्वारा टोला में सड़क पर आवागमन को अवरुद्ध करने पर चिंता व्यक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पंचायत समिति सदस्य शालिग्राम शर्मा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पुरैनी पंचायत के मुखिया विनोद काम्बली निषाद ने चिंता व्यक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 40 परिवार के लगभग 200 लोगों का सरकारी रास्ता बाँस बल्ली, देकर घेर दिया गया है। जिससे लोगों को आवाजाही में बहुत कठिनाई का सामना करना पर रहा है। लोग आड़-मेढ़, खेत होकर जाने को विवस हैं। मुखिया विनोद काम्बली निषाद ने लोगों के तकलीफ को देखते हुए कहा कि आज तो चिंता व्यक्त कार्यक्रम से उस व्यक्ति से विनम्र आग्रह किया जाता है कि दलितों को परेशान ना करें रास्ता के आवाजाही को सुगम कर दें अगर नहीं किया जाता है तो दलित फूलपुर के अन्य समाज को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को विलक्षण शर्मा, मिथिलेश कुमार शर्मा, ठाकुर शर्मा, सकलदेव शर्मा, हरदेव शर्मा, पंचायत समिति सदस्य शिवधन शर्मा, रेखा देवी विश्वनाथ सहनी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सुखो दास, सुभाष सहनी, विदो शर्मा, सहेन्द्र शर्मा, भीष्म नारायण शर्मा, घनश्याम शर्मा, लखनलाल शर्मा, उमेश साह, कृपाली शर्मा, जहाँगीर अली, संजय साह, शंकर यादव, शेख बुद्धू, सिकंदर शर्मा, पुदनी देवी, सुनीता देवी, रंजु देवी आदि सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## चार बंदोबस्त व आठ लिपिक के साथ 144 युवाओं के बीच नियुक्ति पत्र का किया जाएगा वितरण : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर(बिहार)। युवाओं को रोजगार मुहैया कराने को लेकर राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। एक ओर जहां हजारों युवाओं को बीपीएससी परीक्षा के तहत शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया वहीं इस कड़ी में बुधवार को बंदोबस्त विभाग में रोजगार सृजन के लिए राज्य स्तर पर हजारों युवाओं को विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर मुंगेर में प्रमंडलीय आयुक्त सहित जिलाधिकारी, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में किला परिसर स्थित संग्रहालय सभागार में सैकड़ों युवाओं को बंदोबस्त विभाग में नियुक्ति हेतु नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। सरकारी नौकरी के साथ ही निजी व्यवसाय के लिए भी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक युवा अपने पैर पर खड़े हों और बिहार एक समृद्ध राज्य के रूप में अपनी पहचान बना सके। इसी परिपेक्ष्य में बुधवार को संग्रहालय सभागार में बंदोबस्त विभाग में रिक्त पदों के लिए चयनित सैकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। इस अवसर चार सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, आठ लिपिक, 11 कानूनगो सहित 121 अमीन को नियुक्ति पत्र का वितरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मुंगेर जिले में कुल 144 लोगों को बंदोबस्त विभाग में रिक्त विभिन्न पदों के लिए नियुक्ति पत्र दिया जाएगा। राज्य सरकार के इस सराहनीय प्रयास से युवा वर्ग निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे और उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

## मंझली गांव में मारपीट में एक वृद्ध जख्मी, केस दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर जिले के सुलतानगंज थाना क्षेत्र के असियाचक पंचायत के मंझली गांव में फसल चराने को लेकर मारपीट हो गई। इस मारपीट की घटना में उक्त गांव निवासी वृद्ध ललित मंडल घायल हो गया। उक्त घायल किसी तरह अपना जान बचाकर सुल्तानगंज थाना पहुंचा जहां से पुलिस ने घायल वृद्ध को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा अस्पताल में अपना इलाज कराकर थाना पहुंचा और थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत किया है। थाना में दिए आवेदन में कहा है की गांव के धीरज मंडल मेरे खेत में मुंग की फसल को जोर-जबरदस्ती वह अपना गाय को खेत में चरने छोड़ दिया बोलने पर मेरे साथ मारपीट करने लगा। और मुझे मारकर बुरी तरह जख्मी कर दिया। तभी अपना जान बचाकर आनन फानन में सुलतानगंज थाना पहुंचे। पुलिस के कहने पर मेने अपना इलाज रेफर अस्पताल में कराया। जख्मी ने थाना पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगायी है। इस मामले को लेकर पुलिस छानबीन कर रही है।

## मृगसिरा नक्षत्र में बारिश पड़ते ही किसान खेतों में जुताई के साथ गिरा रहे धान बिछड़ा

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर( मुंगेर)। अनुमंडल क्षेत्र तारापुर के सभी हिस्सों में खरीफ फसल में धान की खेती को लेकर किसानों ने मृगसिरा नक्षत्र में बारिश पड़ते ही अपने अपने खेतों में विभिन्न प्रजाति के धान का बिचड़ा गिराने का काम शुरू कर दिया है । गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से क्षेत्र में हो रहे झमाझम बारिश से जहां मौसम का मिजाज खुशनुमा हुआ है , तों वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के लोगों को उमश भरी गर्मी से राहत मिली है । बता दें कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी तरह-तरह की वैरायटी वाले धान बीज आ जाने से क्षेत्र के अधिकतर किसानों द्वारा अब मृगसिरा नक्षत्र में ही धान बीज खेतों में खेती के लिए गिरा रहे हैं। पहले की तुलना में किसानों के बीच काफी जागरूकता आने के बाद अब अधिकतर लोगों ने वैज्ञानिक तरीके से धान की खेती किया करना शुरू कर दिया है।

## स्थापना दिवस समारोह 9 जुलाई को

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का 76 वाँ स्थापना दिवस समारोह एवं नूतन-पुरातन कार्यकर्त्ता सम्मेलन आगामी 09 जुलाई 2024 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 10:30 बजे से ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा के सभागार में आयोजित होगा। इस आशय का निर्णय मंगलवार को नगर के प्रमुख कार्यकताओं की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि परिषद् की स्थापना 9 जुलाई, 1949 को हुई थी। इसका 76 वर्षों की गौरवशाली इतिहास है और आज यह न केवल भारत का, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र-संगठन है। इससे जुड़े कार्यकर्ता ज्ञान, शील एवं एकता के मंत्र को केंद्र में रखकर कार्य करते हैं। उन्होंने परिषद् से जुड़े सभी नए-पुराने पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से स्थापना दिवस समारोह में सक्रिय भागीदारी की अपील की है और परिषद् के उत्तरोत्तर विकास में सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा व्यक्ति की है। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सीनेटर रंजन यादव ने बताया कि परिषद् का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। यह संगठन अपने स्थापना काल से छात्र हित एवं राष्ट्र हित से जुड़े प्रश्नों को प्रमुखता से उठाता रहा है और देशव्यापी आंदोलनों का नेतृत्व किया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आमोद आनंद ने बताया कि बिहार और विशेषकर मधेपुरा में भी विद्यार्थी परिषद् काफी सक्रिय है। यहां आंदोलनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ रचनात्मक कार्यक्रमों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

## 22 वर्षीय महिला के साथ बंदूक के बल पर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया

प्रात : किरण संवाददाता

आलमनगर (मधेपुरा)। आलमनगर थाना क्षेत्र में 22 वर्षीय महिला के साथ बंदूक के बल पर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया। इस बाबत पीड़ित महिला ने थाना में आवेदन देख बताया कि दिनांक 24 जून के रात्रि 10 बजे मैं अपने घर से शोच के लिए निकली थी शोच कर वापस अपने घर आ रही थी कि तभी थाना क्षेत्र के चक्रामी वसा वार्ड नंबर चार निवासी मोहम्मद निसार पिता मो. इलियास मेरे मुंह को हाथ से दबा कर मुझे घिसियाते हुए नहर के बगल ले जाकर थ्रीनट कनपट्टी में सटाकर दुष्कर्म किया। बलात्कार करने के बाद जब मुझे छोड़ा तो मैं जोर-जोर से हाला की। हल्ला सुन गांव के आदमी आने लगे तो वह मोटरसाइकिल नहर पर छोड़कर भाग निकले। ग्रामीण द्वारा मोटरसाइकिल लाया गया। मैं घर पहुंच कर घटित घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी मेरे परिवार वाले दिनांक 25 जून को ग्रामीण गणमान्य व्यक्तियों को घटना के बारे में बताया तो वे लोग पंचायत बैठाने की बात बोले। मेरे परिवार वाले दिनांक 25 जून को शाम में पंचायत बिठाया तो पंचायत में आरोपी के भाई मोहम्मद बोधा, मोहम्मद बबलू दोनों के पिता मोहम्मद इलियास ने पंचायत में बताया कि मेरा भाई मोहम्मद निसार घर में नहीं है आएगा कल सवेरे बुलाकर आपस में पंचायती बिठाकर पंचायत कर लेंगे। दूसरे दिन पंचायत में मोहम्मद बोधा एवं मोहम्मद बबलू आया तथा आरोपी मोहम्मद निसार नहीं आया पंचायत के दौरान पंचों की कही गई बात नहीं माना उल्टे वे लोग आग बबूला हो गए तथा मोहम्मद बौधा, मोहम्मद बबलू मेरे ससुर वह मेरे पति को गाली गलौज देते हुए मारपीट करने लगा और बोला कि मेरा भाई आजाद है जो मन होगा वही करेगा तुमको जो करना है करो केस मुकदमा करोगे तो अंजाम बुरा होगा। वही इस बाबत थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन पर दुष्कर्म का मामला 30 जून को दर्ज कर लिया गया है एवं आरोपी के घर पकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। वहीं महिला को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है।

## अज्ञात चोरों ने काटा बिजली का तार , विद्युत बाधित



कल्याणपुर समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के मधुरापुर टांरा पंचायत अंतर्गत माधोपुर भुआल गांव में सोमवार की रात करीब दर्जन भर पोल पर लगें बिजली के तार को अज्ञात चोरों द्वारा काट लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। माधोपुर भुआल गांव से चौर के तरफ जाने वाली सड़क के किनारे गत वर्ष बिजली विभाग के द्वारा तार का नवीनीकरण किया गया था। जिसे अज्ञात चोरों द्वारा एक ही रात में दर्जन भर पोलों के बीच के तार काट कर ले गया है। जिसे गांव में बिजली बाधित होते ही जितनी मुंह उतनी बातें हों रहीं हैं। विभिन्न खेतों की ओर जाने वाली बिजली पोलों पर से एक ही रात में चोरों के द्वारा तार काटने का इतनी बड़ी घटना पहली बार प्रकाश में आया है। इस घटना से गांव के सारे लोग स्तब्ध है। फिलवक्त इस पर अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों द्वारा विभाग को सूचना दिया जा चुका है। बिजली विभाग के कायार्पालक अभियंता आनंद कुमार ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा संबंधित थाना को दिया गया है। अपर थानाध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार ने बताया कि जेई द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई किया जाएगा। वैसे बीडीओ रिकॉर्ड के बाद ही कुछ किया जाएगा।

## छात्रों से लिए गए नामांकन शुल्क वापस करें नही तो होगा आदोलन :अभाविप

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दरभंगा द्वारा स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024झ28 में अवैध व गलत तरीके से छात्राओं, एससी,एसटी छात्रों से नामांकन शुल्क वसूल करने के संदर्भ में एमआरएम महाविद्यालय, सीएम साइंस महाविद्यालय,सीएम महाविद्यालय समेत सभी अंगीभूत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र सौंपा गया।

अभाविप के प्रदेश सह मंत्री उत्सव पराशर ने कहा कि उच्च न्यायालय पटना , राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के आदेश के बावजूद स्नातक प्रथम सेमेस्टर सत्र 24-28 के नामांकन में विभिन्न महाविद्यालयों में मनमानी तरीके से छात्राओं, एससी -एसटी छात्रों से नामांकन शुल्क वसूल की जा रही है जो घोर वित्तीय अपराध एवं छात्र विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्राचार्य द्वारा राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय के पत्र को अनदेखा करना उनके अपने कर्तव्यों के प्रति तानाशाही रवैया को दशार्ता है। जिला संयोजक वागीश झा ने कहा की विभिन्न महाविद्यालयों में छात्रों से प्राचार्य द्वारा मनमाने ढंग से राशि वसूल की जा रही है जो उनके कर्तव्य के प्रति विपरीत मानसिकता को दशार्ता है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हरिओम झा व विकाश झा ने कहा की विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव एवं शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी पत्र प्रेषित किया गया है ।जिसमें नामांकन शुल्क अविलंब वापस नहीं करने पर अभाविप महाविद्यालय में चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर नि:शुल्क यक्ष्मा जांच शिविर आयोजित

दरभंगा। प्राथमिक विद्यालय गौराम डीह सोहरबा के परिसर में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर मंगलवार को टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार पटना के वर्ल्ड विजन इंडिया प्रायोजित टीबी जांच शिविर में चार दर्जन से अधिक लोगों के बीपी, शुगर और टीबी का जांच किया। इस दौरान एक्स-रे मशीन से भी स्वास्थ्य प्रशिक्षण किया गया। जांच दल में जिला यक्ष्मा केन्द्र दरभंगा के एसटीएस विकास कुमार,सीसी आनंद कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन नूरजहां, डीसीएम विक्की पासवान, सहायक एएनएम अंजना कुमारी, सेविका आरती कुमारी, आशा रिंकू देवी शामिल थे। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के पूर्वी प्रखंड अध्यक्ष सूर्य नारायण पासवान उर्फ सूरज सक्सेना, शबाना खातून ने अपने स्वास्थ्य का जांच कराया।

## रोटरी क्लब ऑफ मिथिला की यह पहल अद्वितीय : डॉ रामबाबू खेतान

प्रात : किरण



दरभंगा। रोटरी क्लब का मिथिला ने पर्यावरण के संरक्षण हेतु अनोखी पहल की। प्रेसिडेंट मनोज डोकानिया एवं सचिव डॉ सारिक हुसैन ने बेंता स्थित पेट्रोल पंप पर अमरूद, आँवला, सदाबहार आदि पौधों का आम जनों के बीच वितरण की व्यवस्था की। क्लब के सदस्यों के साथ माउंट समर कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए लोगों को पौधे बांटे और प्लांटेशन की आवश्यकता के विषय में बतलाया।

प्लांट मैन ऑफ दरभंगा एवं उत्तरी बिहार उद्यान समिति के संरक्षक डॉ रामबाबू खेतान ने रोटरी क्लब ऑफ मिथिला की इस पहल को अद्वितीय बताया। प्रेसिडेंट मनोज डोकनिया को पौधा देकर साधुवाद दिया और इस रोटरी ईयर में जन कल्याण के कार्यों को करने के लिए शुभकामना भी दी । कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार, डॉ अरमान, रिंकू कुमार झा एवं कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने किया नव दोहरीकृत वारिसलीगंज-नवादा रेलखंड का निरीक्षण

हाजीपुर। सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा दानापुर मंडल के किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत लगभग 19 किमी लंबे नव-दोहरीकृत वारिसलीगंज-नवादा रेलखंड का निरीक्षण किया गया । इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा वारिसलीगंज और नवादा के मध्य नवनिर्मित दोहरीलाइन एवं पुल-पुलिया तथा वारिसलीगंज और नवादा स्टेशन के स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम एवं आईपीएस रूम का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से वारिसलीगंज से नवादा के मध्य अधिकतम 115 किमी/घंटा की गति से सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। संरक्षा आयुक्त की अनुमति प्राप्त होते ही नव-दोहरीकृत रेलखंड पर ट्रेनों का आवागमन शुरू हो जाएगा । इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी सहित निर्माण विभाग तथा दानापुर के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे।

विदित हो कि वारिसलीगंज-नवादा नव-दोहरीकृत रेलखंड दानापुर मंडल के अंतर्गत लगभग 1200 करोड़ रूपए की लागत वाली किऊल-गया दोहरीकरण परियोजना का भाग है । किऊल-गया परियोजना के तहत लगभग 124 किलोमीटर दोहरीकरण का कार्य किया जा रहा है ।

इस परियोजना के तहत अब तक लगभग 107 किमी रेलखंड का दोहरीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है तथा इस दोहरीकरण परियोजना के तहत अंतिम चरण में शेष बचे 17 किमी लंबे नवादा-तिलैया रेलखंड के दोहरीकरण का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है।

## जून माह में 1134 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण जिलान्तर्गत जून माह में चलाये गये विशेष अभियान में कुल 1134 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में असमाजिक तत्वों/अपराधकर्मियों की गिरफतारी एवं शराब के सेवन/बिक्री/भंडारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए माह-जून में विशेष अभियान चलाकर कुल 1134 (ग्यारह सौ चौतिस) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें हत्या के कांड में-31, दहेज हत्या के कांड में-07, लूट में-04, डकैती में-06, आर्म्स अधि0 में-29, हत्या के प्रयास में-88, एन0डी0पी0एस0 में-02, अपहरण में-22, बलात्कार में-03, पॉक्सो मे-02, अनु0जाति/जनजाति में-34, पुलिस पर हमला के कांड में-12, आई0टी0 अधि0 में-11, खनन के कांड में-103, चोरी के कांड में-23, अन्य विशेष कांड में-52, मद्यनिषेध के कांड में-557, वारंट में-133 तथा अन्य कांडों में 15 अभियुक्त शामिल हैं। पूरे माह इस विशेष अभियान में देशी शराब-6754 ली0, विदेशी शराब-13937 ली0, स्प्रीट शराब-130 ली0, गाँजा-100 ग्राम, स्मैक-5.25 ग्राम, आग्नेयास्त्र-18, जिंदा कारतूस-178, मोटरसाईकिल-54, तीन पहिया/चारपहिया वाहन-18, भारी वाहन-179, मोबाईल-42, अपहृता-25, सोने का आभूषण(लॉकेट-01, झूमका-03, नथुनी-02, अंगूठी-03, सिकड़ी-01), चॉदी का आभूषण(पायल-04 जोड़ा, लॉकेट-01, अंगूठी-01), धारदार हथियार-01, बैट्री-01 डिटॉल-92 बॉक्स, डिस्प्रीन-28 पीस, स्पट.52 सिरप .75 पीस, नाइसिल-181 बॉक्स, फेविकॉल-148 बॉक्स, फेक फेविकॉल-1540 पिस, इन हेलर-22 बॉक्स, ए0टी0एम0 कार्ड-30, फाईटर-02, चाकू-01, कटर-01, नगद राशि-3,93,730 रूपया जप्त/बरामद किया गया।

## पूरे नगर निगम क्षेत्र को जल जमाव से बचाना नगर निगम प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी : गरिमा

प्रात : किरण



बेतिया(घनश्याम) ।बेतिया नगर निगम महापौर गरिमा देवी सिकारिया कहा कि पूरे नगर निगम क्षेत्र को जल जमाव से बचाना नगर निगम प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। मंगलवार को शहर में बरसात के जारी रहने के बीच श्रीमती सिकारिया ने सघन शहरी क्षेत्र के खुदाबख्त चौक,संत कबीर चौक,पॉवर हाउस चौक आदि के समीप बरसाती पानी की सुचारू निकासी में समस्या होने की खबर मिलने के बाद मौके पर पहुंची महापौर ने सफाई निरीक्षक और चलंत सफाई कार्यबल को दिन रात सजग रहने का आदेश दिया। इसके साथ ही नगर निगम की महापौर ने कहा कि आज की बरसात में कुछेक स्थानों पर अपवाद को छोड़ कर सुचारू जल निकासी में कोई समस्या नहीं सामने आई है। उन्होंने नाले नालियों में कूड़ा कचरा डालने वालों पर कड़ी निगाह रखने के निर्देश दिया। मौके पर नगर निगम के सफाई निरीक्षक मोहमद तबरेज, जुलुम साह आदि जल निकासी में मुस्तैदी करते देखे गए। महापौर ने इसी तरह की मुस्तैदी पूरे बरसात के मौसम में दिखाने का निर्देंग दिया। श्रीमती सिकारिया ने यह भी कहा कि बरसात के जारी मौसम में सुचारू जल निकासी बनाए रखने के लिए चलंत दल और सफाई निरीक्षकों को लगातार सजगता बरतते हुए संवेदनशील चिन्हित क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का आदेश दिया।

## पर्यावरण की रक्षा के लिए इनर व्हील क्लब की महिलाओं ने निकाली रैली




गया ।गया शहर मे इनर व्हील के 6 कल्ब, इनर व्हील क्लब गया, गया सिटी , बोधगया ,गया सनराइज, शेरघाटी तथा गया ओजस्वी ने संयुक्त रूप से रैली निकाली जो स्टेडियम से शुरू होकर गांधी मंडप में समाप्त हुई। सभी महिलाएं हरे रंग की परिधान मे थी , तथा सभी हाथो में पौधे लेकर " सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड लगाए हम " का नारा लगाते हुए लोगों को जागरूक किया गया है। डॉक्टर डे के अवसर पर इनर व्हील क्लब बोधगया की महिलाओं ने बोधगया के डॉक्टरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे सर्टिफिकेट व पोधा देकर सम्मानित किया गया है । सम्मानित होने वाले चिकिसको में डा. वी के वर्मा, डा. ए .न तेतरवे डा .मनोज, डा. कुसुम , डा . सौरभ आदि थे। इस मौके पर क्लब की प्रेसिडेंट पूनम गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट डा. वीणा पाठक, रीना प्रसाद, आशा, अंजू, प्रेमशिला, खुशबू आदि मौजूद थीं।



# पेरिस ओलंपिक से ठीक पहले नीरज चोपड़ा ने लिया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक से पहले एक बड़ा फैसला लिया है। हाल में पावो नूरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले और पेरिस खेलों में भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद नीरज रविवार को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लेंगे। रिपोर्ट के अनुसार, नीरज ने जांघ के भीतरी हिस्से की मांसपेशी में असहजता के कारण इन खेलों से बाहर रहने का निर्णय लिया है।

## पावो नूरमी खेल से शुरू की थी तैयारी

टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पिछले महीने पावो नूरमी खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की थी। नीरज ने ओलंपिक से पहले हुए इन खेलों में 85.97 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे थे। नीरज इस टूर्नामेंट में पहले पिछड़ रहे थे, लेकिन उन्होंने तीसरे प्रयास में शानदार वापसी की थी और अंत तक अपनी बढ़त को कायम रखने में सफल रहे थे।

## पैर को मजबूत बनाने पर देंगे ध्यान

नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह ट्रेनिंग और थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले अपने पैर को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, मुझे थ्रो करते समय ब्लॉकिंग करने वाले पैर को मजबूत करना होगा क्योंकि उसी समय ग्रोइन में खिंचाव आता है। हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं कुछ और टूर्नामेंट खेल सकता था और खेलना भी चाहता था, लेकिन मुझे लगा कि स्वास्थ्य सर्वोपरि है। थोड़ी भी असहजता महसूस होने पर रुक जाना ही ठीक है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि वह अब समझदार हो गए हैं और जोखिम नहीं लेते। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण जीतने से पहले मैं हर प्रतिस्पर्धा में भाग लेना चाहता था। अब अनुभव के साथ सही फैसले लेने लगा हूं। फिनलैंड

# जिम्बाब्वे के लिए टीम इंडिया रवाना, अब जूनियर्स के कंधे पर टी-20 की कमान, द्रविड की जगह ये शख्स होगा कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में 29 जून को फतेह प्राप्त करने के बाद अब एक दम नई टीम इंडिया का टी20 में टेस्ट शुरू होगा. भारतीय टीम 5 मैचों की टी20 सीरीज के लिए रवाना हो गई है. संन्यास लेने के बाद विराट कोहली, रोहित शर्मा और रवींद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी इस टीम से नदारद होंगे. इस टीम की कप्तानी शुभमन गिल को सौंपी गई है.

इसके अलावा टीम के इस दौरे के लिए हेड कोच राहुल द्रविड की जगह वीवीएस लक्ष्मण होंगे. जो पूर्व में भी भारतीय क्रिकेट टीम की कोचिंग की कमान संभाल चुके हैं. राहुल द्रविड का बतौर हेड कोच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ सफर 29 जून को खत्म हो गया. इसी बीच टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे के लिए रवाना हो गई है, इसके फोटो भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से शेयर किए गए. जहां टीम के साथ वीवीएस लक्ष्मण भी दिखे, जो भारतीय टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे.

पहली बार टीम इंडिया में शामिल हुए अभिषेक शर्मा और रियान पराग जैसे खिलाडी भी हैं. देखा जाए तो टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुख्य स्क्वॉड में शामिल 15 में से 13 खिलाड़ियों को इस दौरे से आराम दिया गया है. वर्ल्ड कप स्क्वॉड से सिर्फ यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन को ही इस दौरे के लिए चुना गया है. शुभमन गिल, आवेश खान, रिंकू सिंह और खलील अहमद को टी20 वर्ल्ड कप के लिए ट्रैवलिंग रिजर्व के रूप में चुना गया था और वह मुख्य टीम का हिस्सा नहीं थे. गिल, रिंकू, आवेश और खलील को भी टीम में जगह मिली है.



जिम्बाब्वे दौरे के लिए पहले टीम में नीतीश रेड्डी को भी शामिल किया गया था, लेकिन बाद में उनका नाम इंजर्ड होने के कारण कट गया. नीतीश की जगह शिवम दुबे को टीम में शामिल किया गया. भारत 06 जुलाई 2024 से हरारे में जिम्बाब्वे के साथ पांच मैचों की टी20आई सीरीज खेलेगा

भारत बनाम जिम्बाब्वे टी20 सीरीज के सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे शुरू होंगे. इन मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा. वहीं सीरीज की लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध होगी.

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए भारतीय क्रिकेट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेट कीपर), ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे.

### भारत के खिलाफ जिम्बाब्वे की टीम

सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जोनाथन कैंपबेल, टेंडाई चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट काइया, क्लाइव मडांडे, वेस्ली मधेवेरे, तदिवनाशे मारुमानी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजारबानी, डायोन मायर्स, एंटम नकवी, रिचर्ड नगारवा, मिल्टन शुम्बा

भारतीय टीम का जिम्बाब्वे दौरा (जुलाई 2024)
6 जुलाई- पहला टी20, हरारे
7 जुलाई- दूसरा टी20, हरारे
10 जुलाई- तीसरा टी20, हरारे
13 जुलाई- चौथा टी20, हरारे
14 जुलाई- पांचवां टी20, हरारे

## संक्षिप्त समाचार

### टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच को लाइव स्ट्रीमिंग पर रिकॉर्ड 5.3 करोड़ दर्शकों ने देखा



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच टी20 क्रिकेट विश्व कप के फाइनल मैच ने व्यूअरशिप के मामले में रिकॉर्ड बनाया है। कांटे की टक्कर का यह मैच बारबाडोस में खेला गया था। भारत ने मैच को जीतकर 11 साल के आईसीसी ट्रॉफी के सूखे को समाप्त कर दिया। इस मैच को रिकॉर्ड 5.3 करोड़ लोगों ने देखा। ओटीटी पर यह इस प्रतियोगिता के दौरान दर्ज की गई सबसे ज्यादा व्यूअरशिप है। यह मैच जबरदस्त रोमांच के चलते किसी भी टीम की ओर जा सकता था। अततः भारत ने इस मैच को 7 रनों से जीतकर रोहित शर्मा की कप्तानी में आईसीसी ट्रॉफी को उठाने में कामयाबी हासिल की।

व्यूअरशिप के मामले में नए कीर्तिमान पर बात करते हुए डिज्नी प्लस हॉटस्टार के हेड साजिद शिवनंदन ने कहा, आईसीसी पुरुष टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिए दोनों टीमों को बधाई। भारतीय टीम ने अविश्वसनीय कौशल और लगन से लाखों लोगों को खुशी और गर्व की अनुभूति कराई है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमने इन पलों को उन तक पहुंचाया। भारत ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 176 रन बनाए थे। प्रतियोगिता में शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इस मैच में मात्र 9 रन बनाकर ही आउट हो गए। दूसरी ओर विराट कोहली ने इस मुकाबले में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 76 रनों की मैच जिताने वाली पारी खेली। विराट को उनके शानदार योगदान के चलते प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया था।

### रोहित शर्मा के WOOOOO सेलिब्रेशन पर आया WWE रैसलर रिक फ्लेयर का कमेंट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर और कुश्ती के दिग्गज रिक फ्लेयर ने आखिरकार टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित शर्मा की उस वीडियो पर प्रतिक्रिया दी है जिसमें भारतीय कप्तान ने कुश्ती दिग्गज का स्टाइल अपनाया था। रोहित ने भारत को ट्रॉफी दिलाने में खूब मेहनत की और बिना कोई मुकाबला गंवाए ट्रॉफी जीती।

ट्रॉफी प्रस्तुति समारोह के दौरान रोहित ने जश्न मनाने के लिए विशेष वू सेलिब्रेशन का तरीका अपनाया था जोकि कुश्ती दिग्गज रिक फ्लेयर के रिंग के अंदर आने का स्टाइल था। फ्लेयर ने अब इस पर प्रतिक्रिया दी है और कुश्ती के दिग्गज ने कहा कि भारत के कप्तान ने उनकी प्लेबुक से एक पेज निकाल लिया है। बता दें कि टी20 विश्व कप जीत के बाद रोहित ने टी20ई से रिटायरमेंट की घोषणा कर दी थी। रोहित ने कहा कि वह मेरा आखिरी गेम भी था। ईमानदारी से कहूं तो, जब से मैंने इस प्रारूप को खेलना शुरू किया है तब से मैंने इसका आनंद लिया है।

इस प्रारूप को अलविदा कहने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता। मुझे इसका हर पल पसंद आया है।

# विम्बलडन में ओसाका का जीत से आगाज

### तीन साल बाद वापसी, मौजूदा चैंपियन अल्कारेज भी जीते



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विम्बलडन का पहला राउंड सोमवार से शुरू हो गया। जापान की स्टार टेनिस खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने जीत से शुरुआत की। तीन साल बाद इस ग्रैंड स्लैम में खेलने उतरी ओसाका ने पहले राउंड के मुकाबले में फ्रांस की डाबने पैरी को तीन सेट में 6-1, 1-6, 6-4 से हराया। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसका ने एक घंटे 32 मिनट में मुकाबला जीता। उनकी विम्बलडन में यह 2018 के बाद पहली जीत है। वहीं स्पेन के माजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम शानदार शुरुआत की। अल्कारेज ने पहले दौर में क्वालिफायर मार्क लाजल को सीधे सेटों में 7-6 (3), 7-5, 6-2 से हराया। तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन में अपनी तीसरी बड़ी चैंपियनशिप जीतने वाले अल्कारेज ने पिछले साल विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था।

**मेदवेदेव और रूड भी आगे बढ़े-** मेंस सिंगल्स के अन्य मैचों में पांचवीं वरीयता प्राप्त डेनियल मेदवेदेव ने एलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से और आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड ने एलेक्स बोल्ट को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। डेनियल मेदवेदेव ने एलेक्जेंडर कोवासिक को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया।

**पहले ही दौरे में हारे सुमित नागल-** सुमित नागल विम्बलडन में पहली बार खेलने उतरे थे। नागल को दो घंटे 38 मिनट तक की कड़ी मेहनत के बाद 2-6, 6-3, 3-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा।

# लंका प्रीमियर लीग 2024 के मुकाबलों का भारत में इस चैनल पर होगा लाइव टेलीकॉस्ट




**कोलंबो, एजेंसी।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खत्म होने के ठीक एक दिन बाद एक जुलाई से फिर से फ्रेंचाइजी लीग्स की शुरुआत हो गई है, जिसमें लंका प्रीमियर लीग के 5वें सीजन का आगाज देखने को मिला है। श्रीलंका क्रिकेट की इस फ्रेंचाइजी लीग में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के कई स्टार खिलाड़ी खेलते हुए देखने को मिलेंगे। एलपीएल के इस सीजन में कुल 5 टीमें खेलते हुए दिखेंगी जिसमें डिफेंडिंग चैंपियन कैंडी फेल्कॉन समेत तीनों टीमों में बदलाव हुआ है। इस सीजन का पहला मुकाबला कैंडी फैल्कोन और दांबुला स्ट्राइकर्स के बीच पल्लेकेले के स्टेडियम में खेला गया जिसमें कैंडी ने 6 विकेट से मुकाबले को अपने नाम किया।

# आजादी के इतने साल बाद जीता था देश ने पहला ओलंपिक मेडल, अंग्रेजो का टूटा था गुरूर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेरिस में 26 जुलाई से ओलंपिक खेलों का आगाज हो जाएगा जो 11 अगस्त तक खेला जाएगा। ऐसे में हम आपको इस आर्टिकल में बताने जा रहे हैं कि भारत ने आजादी के बाद आखिर कब ओलंपिक में अपना पहला मेडल जीता था। आजादी से पहले भी भारत का ओलंपिक खेलों में हॉकी में दबदबा देखने को मिला था जिसमें 1928, 1932 और 1936 के ओलंपिक गेम्स में हॉकी टीम ने गोल्ड मेडल जीता था, लेकिन आजादी के बाद भारत ने साल 1948 में हॉकी में ही अपना पहला मेडल जीतने में कामयाबी हासिल की थी।

**इंग्लैंड को ही दी गोल्ड मेडल मैच में मात-** साल 1948 में लंदन में ओलंपिक गेम्स खेले गए थे जिसमें भारतीय हॉकी टीम का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला था। आजादी से पहले जो ब्रिटिश टीम भारत के खिलाफ ओलंपिक में खेलने से मना कर देती थी उसे पहली बार टीम इंडिया का सामना करना पड़ा। भारत को इस ओलंपिक गेम्स में पूल-ए में जगह मिली थी जिसमें उसके साथ ऑस्ट्रिया, स्पेन और अर्जेंटीना के साथ था। भारतीय हॉकी टीम ने अपना आगाज बेहतरीन तरीके से करते हुए ऑस्ट्रिया के खिलाफ पहले मुकाबले को 8-0 से अपने नाम किया था। वहीं इसके बाद अर्जेंटीना और स्पेन को मात देते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह को पक्का किया था।



**सेमीफाइनल में नीदरलैंड को दी मात और फाइनल जीत गोल्ड मेडल किया हासिल-** सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद भारतीय हॉकी टीम का मुकाबला नीदरलैंड की टीम से हुआ था और इसमें भी टीम का विजयी अभियान जारी देखने को मिला जिसके बाद फाइनल में टीम का सामना 12 अगस्त 1948 को वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड की टीम से हुआ। इसमें भारत ने बलबीर सिंह के 2 गोल और तरलोचन सिंह और पैट्रिक जेनसन ने एक-एक गोल किया और भारत ने इस मैच को 4-0 से अपने नाम करने के साथ ओलंपिक में अपना पहला मेडल ही गोल्ड के रूप में जीता।

# कब होगा अगला टी20 वर्ल्ड कप, इतनी टीमों ने पहले ही कर लिया है क्वालीफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने एक और दफा टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम कर लिया है। भारत अब उन टीमों में शुमार हो गया है, जिन्होंने दो बार इस ट्रॉफी को जीता है। भारत ने सबसे पहले साल 2007 में इस खिताब को अपने नाम किया था, इसके बाद करीब 17 साल बाद 2024 में भी टीम इंडिया चैंपियन बनी है। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ही दो बार इस ट्रॉफी को दो बार जीत पाए हैं। इस बीच अब सवाल उठने लगा है कि अगला टी20 विश्व कप कब होगा। इसकी मेजबानी किसके पास है और वे कौन कौन सी टीमें हैं, जो अगला विश्व कप खेलती हुई नजर आएंगी। तो चलिए इन सभी सवालों के जवाब हम आपको देते हैं।



### अभी 8 टीमों के नाम फाइनल होने बाकी

कुल मिलाकर 12 टीमें इसमें पहले ही अपनी जगह सुरक्षित कर चुकी हैं। लेकिन अगला टी20 विश्व कप भी 20 टीमों का होगा। बाकी आठ टीमों का फैसला होना अभी बाकी है। ईस्ट एशिया फेसिफिक से एक टीम, अमेरिका क्वालीफायर से एक टीम, एशिया क्वालीफायर से दो टीमें और अफ्रीका से दो और टीमों का आना अभी बाकी है। कुछ वक्त बाद आईसीसी की ओर से क्वालीफायर मैच कराए जाएंगे, जो टीमें जीत दर्ज करेंगी, उन्हें टूर्नामेंट में एंट्री मिल जाएगी।

### इन टीमों ने किया टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई

अब अगर बात उन टीमों की करें, जिन्होंने इसके लिए अभी ये क्वालीफाई कर लिया है तो उसमें पहला नाम भारत और श्रीलंका का ही आता है, क्योंकि ये दोनों होस्ट यानी मेजबान देश हैं। इसके अलावा टी20 विश्व कप 2024 में टॉप 7 टीमों ने भी इसमें एंट्री कर ली है। यानी भारत और श्रीलंका के अलावा अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, यूएसए और वेस्टइंडीज इसमें शामिल हैं। वहीं आईसीसी की टी20 रैंकिंग के हिसाब से आयरलैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान की टीम भी इसमें शमिल हैं। इन सभी टीमों की रैंकिंग अच्छी है।

### भारत में होगा टी20 वर्ल्ड कप 2026

आईसीसी की कोशिश होती है कि हर साल कम से कम एक आईसीसी टूर्नामेंट का आयोजन किया जाए। शेड्यूल भी कुछ इसी तरह से बनाया जाता है। टी20 विश्व कप हर दो साल बाद होता है। यानी अगला टी20 विश्व कप 2026 में होगा। बड़ी बात ये है कि साल 2026 में होना वाला टी20 विश्व कप भारत में होगा। इसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका के पास है। वैसे तो अभी ये टूर्नामेंट दूर है, साथ ही इसका शेड्यूल भी नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि टीम इंडिया अपने सारे मैच भारत में ही खेल सकती है। अभी तक जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक साल 2026 में होने वाला टी20 विश्व कप फरवरी मार्च में हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



### तीन दिनों में 51,000 श्रद्धालुओं ने किए बाबा अमरनाथ के दर्शन

**जम्मू, एजेंसी।** 29 जून को शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के बाद से अब तक 51,000 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को 6,537 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिले के साथ कश्मीर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 6,537 तीर्थयात्री जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया, ÷इनमें से 2106 श्रद्धालु 105 वाहनों के सुरक्षा काफिले के साथ सुबह 3.05 बजे बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुए, जबकि 4,431 तीर्थयात्री 156 वाहनों में सवार होकर सुबह 3.50 बजे नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुए।÷ मौसम विभाग ने दोनों यात्रा मार्गों पर आमतौर पर बादल छाए रहने और सुबह के समय हल्की बारिश/गरज के साथ छींटे पड़ने का अनुमान जताया है।

यात्री या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग या 14 किलोमीटर वाले छोटे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग से जाने वाले 'दर्शन' करने के बाद उसी दिन बेस कैंप लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा के दौरान 7,000 से अधिक 'सेवादार' (स्वयंसेवक) यात्रियों की सेवा कर रहे हैं। यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए रेलवे ने 3 जुलाई से अतिरिक्त ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। दोनों मार्गों पर यात्रियों के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएं भी उपलब्ध हैं।



### खतरे के निशान से ऊपर बह रही अलकनंदा नदी

**बदरीनाथ, एजेंसी।** उत्तराखंड के बदरीनाथ धाम में अलकनंदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। यात्रियों व स्थानीय लोगों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वो नदी किनारे न जाएं। साथ ही तप्तकुंड को भी खाली करा दिया गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने से बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के कार्यों के लिए बनाया गया वैकल्पिक मार्ग बह गया है। इससे इस क्षेत्र में रिवर फ्रंट का काम बंद हो गया है। यहां पर कंपनी की कुछ मशीनें भी फंसी होने की भी खबर हैं। डंपर, जेसीबी मशीन और मजदूरों को कार्यस्थल तक पहुंचाने के लिए यह मार्ग बनाया गया था। ऐसे में दूसरी जगह से वैकल्पिक मार्ग तैयार करने की कोशिश की जा रही है, जिससे रिवर फ्रंट का काम फिर से शुरू किया जा सके। उत्तराखंड में मानसूनी बारिश जारी है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। देहरादून, पौड़ी, पिथौरागढ़, नैनीताल और बागेश्वर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऑरेंज अलर्ट को देखते हुए कई क्षेत्रों में सभी निजी और सरकारी स्कूलों की छुट्टी के आदेश दिए गए हैं। मौसम विभाग ने लोगों से बहुत जरूरी होने पर ही पहाड़ी मार्गों पर सफर करने की अपील की है।

### 25 दिन के बच्चे को नींद की दवा देकर बेचा, 40 हजार में दोस्त से किया सौदा

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के अपोलो हॉस्पिटल से पीलीभीत निवासी युवक का 25 दिन का बेटा रविवार रात चोरी हो गया। बच्चे के पिता की तहरीर पर बारादरी पुलिस ने नये कानून के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 12 घंटे बाद पुलिस ने खरीदने व बेचने वाले को गिरफ्तार कर बच्चे को नवाबगंज से बरामद कर लिया। पीलीभीत में सुनगढ़ी गौटिया निवासी सुशील कुमार ने बताया कि पांच जून को पैदा हुए बेटे को निमोनिया होने पर 28 जून को डोहरा रोड स्थित अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था।

# पहले हत्या की और फिर कपूर डाल कर जला डाला, गुरुग्राम की सोसाइटी में 16 साल का जल्लाद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम सेक्टर-107 स्थित सिग्नेचर सुलेरा सोसाइटी के फ्लैट में एक किशोर ने नौ वर्षीय बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी 16 वर्षीय नाबालिग ने सबूत मिटाने के लिए फ्लैट में ही बच्ची के शव को आग लगा दी। छानबीन में सामने आया कि आरोपी ने गहने चोरी करने की कोशिश की तो उसे बच्ची ने देख लिया। इसके बाद उसने उसकी चुन्नी से गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद फ्लैट में पूजा वाले कमरे में शव के ऊपर कपड़े और मंदिर से कपूर डालकर आग लगा दी।

राजेंद्रा पार्क थाने में नए कानून के तहत पहला हत्या का भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया गया। बच्ची की मां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी किशोर का परिवार पूर्व परिचित है। सोमवार सुबह आठ बजे के लगभग वह अपने दो साल के बेटे को लेकर सोसाइटी में ही उसके फ्लैट पर गई थी। फ्लैट में उनकी नौ वर्षीय बेटी अकेली थी। लगभग दो घंटे के बाद जब वह अपने फ्लैट में पहुंची तो उन्होंने देखा कि घर से धुंआ निकल रहा है। 16 वर्षीय नाबालिग भी फ्लैट में था।

धुआं उठता देख महिला ने शोर मचाया और सोसाइटी की फायर टीम को सूचना दी। टीम ने पूजा वाले कमरे को खोला तो पाया कि बेटी का शव जल रहा था। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। इसी बीच किशोर घर से निकल गया। महिला का कहना है कि किशोर घर से जेवरात चोरी करने के लिए आया था। घर से कुछ जेवर चुराकर ले गए।

**कई सालों से परिवारों के बीच दोस्ती :** पुलिस जांच में सामने आया है कि पीड़ित परिवार और आरोपी किशोर का परिवार पहले इसी सोसाइटी के एक ही टावर के फ्लैट में रहते थे। उनका आपस में काफी आना-जाना था। बच्ची का परिवार तीन महीने पहले ही अन्य टावर में अपना फ्लैट खरीदकर रहने लगा है।

**नहीं उठाया फोन :** किशोरी की मां के पास दूध वाले का फोन आया था। दूध वाले ने बताया कि मकान को कोई नहीं खोल रहा। उन्होंने बेटी को आरोपी के घर से फोन किया, लेकिन बात नहीं हो पाई।

### क्राइम पेट्रोल देखकर वारदात को अंजाम दिया

पुलिस अधिकारी ने बताया कि थाने में आरोपी किशोर ने पुलिस को गुमराह करना शुरू कर दिया। उसने सबसे पहले बताया कि वह फ्लैट में चोरी करने के लिए आया था। चोरी करते बच्ची ने देख लिया। इस पर उसने चुन्नी से गला दबाकर हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए शव पर कपड़े और कपूर डालकर आग लगा दी। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में आरोपी ने दोबारा बताया कि उसने क्राइम पेट्रोल की सीरीज देखी थी। उससे ही प्रभावित होकर उसने वारदात को अंजाम दिया। इसके अलावा वह पुलिस को कई अलग-अलग कहानियां बनाकर गुमराह करने का प्रयास कर रहा।

### किशोर से कई घंटे पूछताछ, डीसीपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की

धनकोट पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों अलावा राजेंद्रा पार्क थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। डीसीपी पश्चिम करन गोयल और एसीपी उद्योग विहार मौके पर पहुंचे गए। पीड़ित परिवार से बातचीत की गई। कई घंटों तक नाबालिग आरोपी से पुलिस अधिकारियों ने सोसाइटी में ही पूछताछ की। उसके बाद पुलिस पूछताछ के लिए थाने में लेकर गई। डीसीपी पश्चिम करन गोयल ने कहा, मामला दर्ज कर लिया गया है। नाबालिग से पूछताछ की जा रही है। किशोरी के शव का पोस्मार्टम मंगलवार को करवाया जाएगा।

### अमरवाड़ा को बचाने की कांग्रेस के सामने बड़ी चुनौती

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ के गढ़ के तौर पर पहचाना जाता रहा है। मगर बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इस किले पर फतह हासिल की है। अब भाजपा की नजर अमरवाड़ा विधानसभा सीट पर है और कांग्रेस को इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना बड़ी चुनौती बन गया है। छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 10 जुलाई को उपचुनाव के लिए मतदान होने वाला है। यहां कांग्रेस के विधायक रहे कमलेश शाह द्वारा दल बदल करने के कारण उपचुनाव हो रहा है। भाजपा ने कमलेश शाह को ही उम्मीदवार बनाया है। शाह के समर्थन में पार्टी के तमाम बड़े नेता प्रचार कर चुके हैं और आगामी दिनों में दौरे भी संभावित हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने भी अमरवाड़ा उपचुनाव के लिए खास रणनीति बनाते हुए आंचल दरबार के प्रतिनिधि धीरेन शाह को मैदान में उतारा है। आंचल दरबार एक आस्था का केंद्र है और धीरेन शाह का इस परिवार से नाता है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ अब प्रचार की कमान संभालने वाले हैं, वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी फिर से इस क्षेत्र में सक्रिय होने जा रहे हैं। अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के पिछले चुनाव पर गौर करें तो लगातार तीन बार से कमलेश शाह चुनाव जीतते आ रहे हैं। इस विधानसभा क्षेत्र को कांग्रेस के गढ़ के तौर पर भी पहचाना जाता है। अब कमलेश शाह बीजेपी के उम्मीदवार के तौर पर मैदान में है।

## मराठा आरक्षण के खिलाफ बेतुकी दलीलों पर भड़के हाई कोर्ट जज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि उसे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि मराठा समुदाय को आरक्षण देने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने के लिए दाखिल कुछ याचिकाओं में बेतुकी दलीलें दी गई हैं। मुख्य न्यायधीश डी.के. उपाध्याय, न्यायमूर्ति जी.एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पूर्ण पीठ ने कहा कि यह मुद्दा गंभीर है और राज्य की बड़ी आबादी को प्रभावित करने वाला है। इसलिए याचिकाकर्ताओं को अपनी दलीलें पेश करते समय अधिक सावधानी बरतनी चाहिए थी। महाराष्ट्र राज्य सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण अधिनियम-2024 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए कई याचिकाएं दायर की गई हैं। इस अधिनियम में मराठा समुदाय के लिए सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। कुछ याचिकाओं में सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुनील शुक्रे की अध्यक्षता में महाराष्ट्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना, इसकी कार्यप्रणाली और मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण देने की सिफारिश करने वाली इसकी रिपोर्ट को भी चुनौती दी गई थी।

## सियासी रार के बाद दिल्ली में रेहड़ी वाले पर दर्ज पहली एफआईआर रद्द, खुद अमित शाह को देनी पड़ी सफाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में भी सोमवार से तीनों नए आपराधिक कानून लागू हो गए। खास बात यह है कि दिल्ली में नए कानून के तहत दर्ज पहली एफआईआर ही विवादों में घिर गई और सियासी बखेड़ा होने पर उसे रद्द करना पड़ा। कांग्रेस ने उठाए थे सवाल दरअसल, नए कानून लागू होते ही दिल्ली की पहली एफआईआर कमला मार्केट थाने में रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि को दर्ज की गई। इसमें एक रेहड़ी वाले पर सार्वजनिक रास्ते को बाधित करने की धारा लगाई गई थी, लेकिन कुछ ही घंटे बाद इस पर विवाद हो गया।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पहली एफआईआर रोज कमाने वाले व्यक्ति पर की गई है। इससे बुरा क्या हो सकता है। उधर, पत्रकारों से बातचीत में जब केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से इसे लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने साफ किया कि नए कानून के तहत ना तो दिल्ली में पहली एफआईआर दर्ज हुई और ना ही किसी रेहड़ी वाले पर ऐसा मामला दर्ज हुआ है। इसके बाद दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एफआईआर गलती से दर्ज हुई। उसे रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**सड़क बाधित करने का आरोप लगाया था :** कमला मार्केट थाने में एफआईआर संख्या 267 एसआई कार्तिक मीणा की शिकायत पर दी गई। इसके अनुसार, एसआई कार्तिक मीणा एवं अन्य पुलिस कर्मी देर रात नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सामने गश्त कर रहे थे। वहां पंकज नाम का शख्स रेहड़ी लगाकर सिगरेट-बीड़ी और पान मसाला बेचता हुआ दिखाई दिया। चूंकि रेहड़ी सड़क पर लगी थी इसलिए लोगों को आने जाने में दिक्कत हो रही थी। इसके बाद एसआई ने नए कानून के तहत अनिवार्य प्रक्रिया के तहत मोबाइल फोन पर इंस्टॉल ई-प्रमाणन ऐप से मौके की वीडियो बनाई और रेहड़ी वाले का नाम एवं पता आदि दर्ज किया। इसके बाद थाने में तहरीर दी गई जिस पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई।



### तूफान 'बेरिल ने दक्षिण-पूर्वी कैरेबियाई द्वीप में मचाई तबाही

**वाशिंगटन, एजेंसी।** तूफान 'बेरिल ने दक्षिण-पूर्वी कैरेबियाई द्वीप समूह में भारी तबाही मचाई और यह श्रेणी-पांच के रूप में मजबूत हो गया है। सोमवार को ग्रेनाडा के कैरियाकोउ द्वीप पर दस्तक देने के बाद 'बेरिल दक्षिण-पूर्वी कैरिबियाई क्षेत्र में पहुंचा जिसके असर से यहां के घरों के दरवाजे, खिड़कियां और छतें क्षतिग्रस्त हो गईं। यह कैरियाकोउ द्वीप में श्रेणी-चार के तूफान में पहुंचा था जो कि और मजबूत होता चला गया। सोमवार देर रात 'बेरिल की हवा की गति बढ़कर 160 मील प्रति घंटे (260 किलोमीटर प्रति घंटा) हो गई। आने वाले दिनों में इसकी गति में और बदलाव होने के आसार हैं। ग्रेनाडा के प्रधानमंत्री डिकॉन मिशेल ने सोमवार देर रात कहा कि तूफान के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है और फिलहाल अधिकारी कैरियाकोउ तथा पेटिट मार्टिनिक द्वीपों पर स्थिति का आकलन करने में सक्षम नहीं हैं। शुरुआती खबरों में बड़े पैमाने पर नुकसान की बात सामने आई है और संचार व्यवस्था भी ठप्प है।

## अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को कर रहा मजबूत, विदेश विभाग के उप प्रवक्ता ने किया दावा



**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका के रिश्ते पहले से और मजबूत हो गए हैं। एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका कई प्रमुख क्षेत्रों में भारत के साथ अपने संबंधों को गहरा कर रहा है।

विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने अपने daily news conference में संवाददाताओं को बताया कि भारत एक ऐसा देश है जिसके साथ हम कई प्रमुख क्षेत्रों में अपने संबंधों को मजबूत कर रहे हैं, खासकर जहां यह हमारे आर्थिक संबंधों और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने से संबंधित है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रपति को कुछ सप्ताह पहले जी-7 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संक्षिप्त मुलाकात का अवसर मिला था। पटेल ने कहा कि उन्हें लगता है कि ऐसे कई अतिरिक्त क्षेत्र होंगे जहां दोनों देश सहयोग को और गहरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सुलिवन ने भी कुछ सप्ताह पहले दिल्ली का दौरा किया था।

पाकिस्तान पर एक सवाल का जवाब देते हुए पटेल ने आतंकवाद की निंदा की। उन्होंने कहा कि आखिरकार यह भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला है।

उन्होंने कहा, मोटे तौर पर, बेशक, हम किसी भी देश का अपने पड़ोसियों के साथ अधिक सकारात्मक संबंध बनाने का स्वागत करते हैं। लेकिन चूंकि यह विशेष रूप से इससे संबंधित है, इसलिए मेरे पास कहने के लिए कुछ नहीं है।

### पाकिस्तान में सड़क दुर्घटना में चार पुलिसकर्मियों की मौत, पांच घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में रविवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं, पांच अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार सड़क दुर्घटना काशमोर जिले में हुई। बताया जा रहा है कि पुलिस वैन का एक पहिया फट गया, जिसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में चार पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। वहीं, घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस अब इस मामले में जांच कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह हादसा कहीं किसी लापरवाही का नतीजा तो नहीं है। वहीं, अन?य तरह की गड़बड़ी का पता लगाने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। पाकिस्तान में अक्सर खराब सड़कों, सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

# रिपोर्ट में खौफनाक खुलासा- जिंदा उइगर मुस्लिमों के अंग निकाल कर बेच रहा चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** एक रिपोर्ट में चीन की काली करतूतों का खौफनाक खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में दावा किया गया कि चीन अंग प्रत्यारोपण की उच्च मांग को पूरा करने के लिए अपने मुस्लिम उइगर नागरिकों के अंग निकाल कर बेच रहा है। जानकारी के अनुसार चीन पर लंबे समय से अपने अल्पसंख्यकों से अंग निकालने का आरोप लगाया जाता रहा है क्योंकि यह अवैध रूप से दुनिया के सबसे बड़े अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रमों में से एक चलाता है। इन अंगों का आधिकारिक स्रोत मृत्युदंड की सजा पाए कैदी रहे हैं, लेकिन पृष्ठभूमि में अवैध रूप से एक बड़ा हिस्सा उन लोगों से आता है जो अपनी राजनीतिक या धार्मिक मान्यताओं के आधार पर जेल में बंद हैं। इनमें मुख्य रूप से झिंजियांग के उइगर मुसलमान और चीन के स्थानीय धार्मिक संप्रदाय फालुन गोंग का अभ्यास करने वाले लोग शामिल हैं।

**बहाने से लिया जाता उइगरों से डाटा:** कई मानवाधिकार निगरानी समूहों ने अतीत में चीन पर उइगरों और फालुन गोंग अभ्यासियों के खिलाफ भयानक अपराधों का आरोप लगाया है और जबरन अंग निकालना उनमें से एक है। मार्च 2024 में, एक अमेरिकी कांग्रेस समिति की बैठक के दौरान, एक रिपोर्ट पेश की गई जिसमें दावा किया गया कि चीन खाड़ी देशों के मूल निवासी मुस्लिम चिकित्सा पर्यटकों से आने वाले अंग प्रत्यारोपण की उच्च मांग को पूरा करने के लिए अपने मुस्लिम उइगर नागरिकों से आनुवंशिक जानकारी एकत्र कर रहा है। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना द्वारा किए गए अत्याचारों के मद्देनजर, संयुक्त राज्य अमेरिका ने 27 मार्च, 2023 को अमेरिकी सीनेट में पारित एच.आर. 1154 बिल के तहत स्टॉप फोर्स्ड ऑर्गन हार्वेस्टिंग एक्ट पेश किया था।




**विदेशी मांग को पूरा करने के लिए फास्ट-ट्रैक मानव अंग लेन बनाए:** 2019 में, मानवीय साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की जांच करने के लिए एक पीपुल्स चाइना ट्रिब्यूनल की स्थापना की गई और यह पता चला कि उच्च विदेशी मांग को पूरा करने के लिए झिंजियांग के काशगर हवाई अड्डे पर विशेष फास्ट-ट्रैक मानव अंग लेन बनाए गए थे, और उइगर लक्षित थे। बाद में, उइगरों से जबरन अंग निकालने के बारे में चाइना ट्रिब्यूनल की रिपोर्ट को विभिन्न प्रेस और मीडिया चैनलों में बताया गया। तियानजिन में कोरियाई अंग पर्यटन की जांच करते समय, यह पता चला कि सऊदी देशों ने अपने अंग प्राप्तकर्ताओं के लिए अंगों के मिलान के लिए धन मुहैया कराया था और चीन ने इसे पूंजी प्रवाह का एक बड़ा स्रोत बना दिया था।

**अमेरिकी सीनेट द्वारा कार्रवाई का इंतजार:** इस अधिनियम का उद्देश्य राजनीतिक कैदियों, फालुन गोंग चिकित्सकों और मुस्लिम उइगर नागरिकों को जबरन अंग कटाई के व्यापार से समर्थन और सुरक्षा प्रदान करना है। एच.आर. 1154 बिल सदन में 413 से 2 मतों से संतोषजनक रूप से पारित हो गया और चीन में जबरन अंग कटाई के खिलाफ अमेरिकी सीनेट द्वारा कार्रवाई का इंतजार कर रहा है। यह अभ्यास में शामिल व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ प्रतिबंधों को अधिकृत करता है, जिसमें अंग प्रत्यारोपण सर्जरी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना और अंग प्रत्यारोपण सर्जनों के प्रशिक्षण को रोकना शामिल है। चीन में 1990 के दशक से चिकित्सा पर्यटन के नाम पर फल-फूल रहा अंग व्यापारवप्रचलित है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि चीन में अंग प्रत्यारोपण के लिए प्रतीक्षा समय दुनिया के अन्य हिस्सों की तुलना में अपेक्षाकृत कम है। चीन में अंग प्रत्यारोपण के लिए मरीज को अधिकतम दो महीने तक इंतजार करना पड़ता है, जबकि अमेरिका और कनाडा जैसे अन्य प्रमुख स्थापित देशों में प्रतीक्षा अवधि 2 से 4 साल तक हो सकती है।

**परेशान करने वाला तथ्य यह भी:** एक और परेशान करने वाला तथ्य यह है कि चीन में अंगों के स्रोत की बात करें तो इसमें बहुत बड़ी विसंगति है। 2005 में अमेरिकी कांग्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, चीन में 95प्रतिशत तक अंग प्रत्यारोपण कैदियों से किए गए थे, लेकिन किए गए प्रत्यारोपणों की संख्या कभी भी इस आंकड़े को सही नहीं ठहराती। 2006 में, एमनेस्टी इंटरनेशनल ने चीन में 1,770 लोगों को फांसी दिए जाने की रिपोर्ट की और उच्चतम आंकड़ा 8,000 के करीब था, जिसमें से कुछ मामलों को कैदियों में प्रचलित बीमारियों के कारण खारिज कर दिया गया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129